CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31° C
न्यूनतम: 25° C

बरेली, बुधवार 1 अक्टूबर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 307 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विवाह जब तक रद्द नहीं हो जाता, पत्नी भरण पोषण की हकदारः हाईकोर्ट पेज 2



पाकिस्तानी खिलाड़ी अब विदेशी टी-20 लीग नहीं खेल सकेंगे खेल टाइम्स



भाजपा का महिला सशक्तिकरणः वास्तविकता और दिखावा सम्पादकीय



इजरायल गाजा में जंग रोकने को तैयार ट्रम्प ने 20 पॉइंट का बनाया प्लान पेज 12

## भाजपा नेता विजय कुमार मल्होत्रा का 93 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** भाजपा के सीनियर नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह 93 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से दिल्ली एम्स में भर्ती थे। एम्स ने मंगलवार सुबह उनकी मौत की जानकारी दी। मल्होत्रा दिल्ली से 5 बार सांसद और दो बार के विधायक थे। वे 1980 में दिल्ली के पहले प्रदेश अध्यक्ष बने। उन्होंने 1999 के लोकसभा चुनावों में दक्षिण दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार मनमोहन सिंह को हराया था। उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली स्थित उनके आवास पर रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई बड़े नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पीएम मोदी ने विजय कुमार मल्होत्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार वालों को सांत्वना दी। मोदी ने एक्स पर कहा कि विजय कुमार मल्होत्रा एक महान नेता थे जिन्हें जन मुद्दों की गहरी समझ थी। उन्होंने दिल्ली में हमारी पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें संसदीय मामलों में उनके हस्तक्षेप के लिए भी याद किया जाता है। उनका निधन बहुत दुखद है।

## करूर भगदड़: विजय बोले- सीएम स्टालिन बदला ले रहे

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के करूर में भगदड़ के 2 दिन बाद एक्टर विजय थलपति ने मंगलवार को कहा कि क्या सीएम स्टालिन बदला लेने की कोशिश कर रहे हैं। हमने कुछ गलत नहीं किया। अगर बदला लेना है, तो मेरे पास आओ। मैं घर में मिलूंगा या ऑफिस में। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी के पदाधिकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मैं सीएम से अपील करता हूं कि कृपया मेरी पार्टी के पदाधिकारियों को नुकसान न पहुंचाएं। विजय ने कहा कि जल्द ही, हर सच्चाई सामने आ जाएगी। मुझे इस घटना पर खेद है। हम राजनीतिक यात्रा पर हैं। इस पर हम मजबूती और हिम्मत से आगे बढ़ेंगे। तमिल एक्टर विजय की पॉलिटिकल पार्टी टीवीके की चुनावी रैली में 27 सितम्बर की शाम भगदड़ मची थी। इसमें 41 लोग मारे गए थे। घायल 51 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। तमिलनाडु पुलिस ने इस मामले में अब तक 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें टीवीके के जिला सचिव वीपी माथियालगन और पदाधिकारी पौनराज और एक पत्रकार शामिल है।

## चैतन्यानंद की महिलाओं के साथ चैट सामने आई

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के बारे में कई बातें सामने आई हैं। पुलिस ने चैतन्यानंद के मोबाइल से कई महिलाओं की चैट बरामद की है। इसमें पता चला कि वह महिलाओं को आकर्षित करने के लिए उनसे कई वादे करता था। यही नहीं, चैतन्यानंद के फोन में कई एयरहोस्टेस की फोटोज भी मिली हैं। उसने कई महिलाओं की सोशल मीडिया प्रोफाइल फोटो भी सेव करके रखी थीं। पुलिस ने चैतन्यानंद की दो महिला सहयोगियों को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ हो रही है।




नई दिल्ली: दिल्ली-एनसीआर में बादल और बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया, तापमान में गिरावट और प्रदूषण स्तर में सुधार से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। बारिश के बीच से गुजरते वाहन।

# पीएम ने लद्दाख के लोगों से धोखा किया: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/लेह।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम मोदी ने लद्दाख के लोगों के साथ धोखा किया है। लेह में पुलिस गोलीबारी में 4 प्रदर्शनकारियों की मौत की निष्पक्ष न्यायिक जांच की जाए। इनमें कारगिल युद्ध में शामिल त्सावांग थारचिन भी शामिल थे।

उन्होंने एक्स पर थारचिन के पिता का वीडियो पोस्ट किया। राहुल गांधी ने हिंदी में अपने पोस्ट में कहा कि पिता की दर्द भरी आंखें एक सवाल पूछती हैं, क्या आज देश सेवा का यही इनाम है। हिंसा और भय की राजनीति बंद करें। वहीं, गृह मंत्रालय ने मंगलवार को लद्दाख के लेह जिले में 3 अक्टूबर तक मोबाइल इंटरनेट और सार्वजनिक वाई-फाई सेवाओं को पूरी तरह से बंद करने का आदेश दिया। यहां सुबह 10 से शाम 7 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है।



■ **कहा: गोलीबारी की न्यायिक जांच की जाए, लेह में इंटरनेट 3 अक्टूबर तक बंद**

## वांगचुक की पत्नी बोलीं- डीजीपी के आरोप झूठे

**लेह।** पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के खिलाफ पुलिस द्वारा लगाए गए आरोपों पर उनकी पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने ऐतराज जताया है।

उन्होंने पुलिस महानिदेशक के बयानों को झूठा और गढ़ी गई कहानी बताते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है, जिसके जरिये किसी को फंसाकर मनमर्जी करने की कोशिश हो रही है। हम डीजीपी के बयान की कड़ी निंदा करते हैं। सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि पूरा लद्दाख इन आरोपों को खारिज करता है। ये एक बनावटी कहानी है, ताकि किसी को बलि का बकरा बनाया जा सके और वे जो चाहें वो कर सकें। उन्होंने सवाल उठाया कि सीआरपीएफ को गोली चलाने का आदेश किसने दिया? अपने ही नागरिकों पर गोली कौन चलाता है?

■ **कहा: ये अपने आप में एक साजिश है, सरकार बना रही बलि का बकरा**

# 26/11 पर चिदंबरम का बड़ा खुलासा

## बोले- मैं मुंबई हमले का बदला लेना चाहता था, मनमोहन सरकार पर था अमेरिकी दबाव

### कहा: नहीं कर पाए पाकिस्तान पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम ने खुलासा किया है कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के 17 साल बाद पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने एक चैनल को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतर्राष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था।

मुंबई हमले में 175 लोगों की जान गई थी। 60 घंटों तक 10 आतंकियों ने मुंबई की सड़कों, ताज होटल, सीएसटी रेलवे स्टेशन, नरीमन हाउस और कामा हॉस्पिटल को निशाना बनाया था। अंधाधुंध फायरिंग की थी। चिदंबरम ने बताया कि पूरी दुनिया का दबाव था। हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा कि कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा। कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी। मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से चर्चा की थी। पीएम ने तो इस पर चर्चा हमले के दौरान ही कर ली थी। विदेश मंत्रालय का मानना था कि सीधा हमला नहीं करना चाहिए। इसके बाद सरकार ने कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर इस इंटरव्यू की क्लिप शेयर की है। उन्होंने लिखा कि पूर्व गृह मंत्री ने मान लिया है कि देश पहले से जानता था कि मुंबई हमलों को विदेशी ताकतों के दबाव के चलते सही तरीके से हैंडिल नहीं किया गया।



■ **मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से की थी चर्चा**

### जिंदा पकड़ा था अजमल कसाब, बाद में फांसी दी

**नई दिल्ली।** हमले के बाद 3 दिनों तक सुरक्षाबल के जवान आतंकवादियों से लड़ते रहे और 9 आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया। एक आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया।

कसाब को हमले के अगले ही दिन, यानी 27 नवंबर को जुहू चौपाटी से गिरफ्तार किया गया था। जनवरी 2009 में स्पेशल कोर्ट में मामले की सुनवाई शुरू हुई। 25 फरवरी 2009 को 11 हजार पन्नों की पहली चार्जशीट दाखिल की गई। इस दौरान कसाब के नाबालिग होने पर भी विवाद चलता रहा। मार्च 2010 में केस से जुड़ी सुनवाई पूरी हो गई। 21 नवंबर 2012 को पुणे की यरवडा जेल में सुबह कसाब को फांसी दी गई थी। 3 मई 2010 को कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कसाब को 26/11 हमले में दोषी पाया और 6 मई को फांसी की सजा सुनाई। 2011 में मामला बॉम्बे हाईकोर्ट गया। हाईकोर्ट ने स्पेशल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने भी कसाब को राहत नहीं दी और फांसी की सजा पर मुहर लगा दी। कसाब ने राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के पास दया याचिका भेजी, जिसे 5 नवम्बर को राष्ट्रपति ने खारिज कर दिया।

### मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर का अप्रैल में भारत प्रत्यर्पण

**नई दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का इसी साल अप्रैल में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण किया गया है। तहव्वुर राणा को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड डेविड हेडली की गवाही के आधार पर तहव्वुर राणा को 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

# परमाणु और जैविक हमलों के खिलाफ तैयारी जरूरी: सीडीएस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि हमें भविष्य में परमाणु और जैविक खतरों के खिलाफ तैयार रहना होगा।

नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में सैन्य नर्सिंग सेवा के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिए अपने संबोधन में सीडीएस चौहान ने कहा कि आज के डेटा-केंद्रित युद्ध के युग में, जहां सूचना तक पहुंच, दुश्मन को हम पर बढ़त दिला सकती है, वहां चिकित्सा डेटा की भूमिका भी बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि भारतीय डीएनए बेहद खास है। हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली अलग-अलग वातावरण या संक्रमणों के प्रति अलग-अलग प्रतिक्रिया करती है। ऐसे में व्यक्तिगत चिकित्सा डेटा की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है और इसमें केस हिस्ट्री, रिपोर्ट और चिकित्सा स्वास्थ्य रिकॉर्ड आदि शामिल हैं। परिचालन डेटा, स्वास्थ्य पैटर्न से संबंधित तैनाती, निकासी योजनाओं को भी लीक से सुरक्षित रखने की जरूरत है। हालांकि डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस (मिलिट्री नर्सिंग सर्विस) की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए। सीडीएस चौहान ने कहा कि हमारी नर्सों के प्रशिक्षण में भविष्य में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखना होगा।



■ **कहा : भारतीय डीएनए बेहद खास है**

## ट्रॉफी विवाद पर बीसीसीआई ने एसीसी की बैठक में जताया विरोध

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान एशिया कप की विजेता ट्रॉफी भारतीय टीम को नहीं सौंपने पर कड़ा विरोध जताया है। बीसीसीआई ने इस दौरान एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को घेरा। भारत ने रविवार को फाइनल में पाकिस्तान को हराकर नौवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी नकवी के हाथों से लेने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद पुरस्कार समारोह बिना विजेता ट्रॉफी सौंपे समाप्त कर दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद ट्रॉफी के बिना खिताब जीतने का जश्न मनाया था। बाद में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया था कि नकवी ट्रॉफी को अपने साथ होटल के कमरे में ले गए हैं।

## इंडिगो उड़ान में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** इंडिगो की मुंबई से दिल्ली आ रही एक फ्लाइट को मंगलवार सुबह बम की धमकी दी गई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षा कारणों से पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 762 में करीब 200 यात्री सवार थे। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच के बाद इस धमकी को गैर-विशिष्ट बताया। यह विमान एयरबस ए321 नियो था और सुबह करीब 7:53 बजे सुरक्षित रूप से दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा।

# हिस्ट्रीशीटर की कोर्ट परिसर में हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में मंगलवार को कचहरी परिसर में प्रेमिका के साथ कोर्ट मैरिज करने पहुंचे हिस्ट्रीशीटर की युवती के भाइयों ने चाकू से गोद कर हत्या कर दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि बुलंदशहर नगर के ऊपर कोट निवासी नईम अंसारी नामक हिस्ट्रीशीटर बदमाश नगर की ही गद्दी बिरादरी की एक युवती को दो दिन पूर्व भगाकर ले गया था। मंगलवार को अपराह्न वह जज कंपाउंड में कोर्ट मैरिज करने के लिए आया था। इस दौरान जब वह कुछ कागजों के फोटो स्टेट करवाने के लिए दुकान पर पहुंचा, तभी लड़की के भाइयों ने उस पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार करना शुरू कर दिया। हत्या करने के बाद सभी आरोपी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि हत्यारों की संख्या दो से तीन थी। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद ले रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

■ **जज कंपाउंड में कोर्ट मैरिज करने के लिए आया था मृतक**

## बिहार में SIR की फाइनल लिस्ट जारी

**पटना।** मंगलवार को मतदाता सूची प्रारूप का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। चुनाव आयोग ने कहा कि 30 सितम्बर को अंतिम मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। करीब सात करोड़ 30 लाख से अधिक मतदाताओं की फाइनल सूची जारी की गई। खास बात यह है कि इस बार वोटर लिस्ट में करीब 14 लाख से अधिक नए मतदाता भी शामिल हुए। इनमें अधिकतर ऐसे हैं, जिनकी उम्र 18 साल से अधिक है। इधर, चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को सार्वजनिक करने के साथ-साथ हर जिले के निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में भौतिक प्रति भी उपलब्ध करवा दी है। सभी राजनीतिक दलों को भी मतदाता सूची प्रारूप की अंतिम सूची उपलब्ध करवा दी गई।




# तीनों सेनाओं का एकीकरण अब वक्त की जरूरत: राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मौजूदा समय में थल, जल, वायु ,अंतरिक्ष और साइबरस्पेस के क्षेत्रों के आपस में गहराई से जुड़े होने तथा सुरक्षा के बदलते स्वरूप और खतरों की जटिलता को देखते हुए तीनों सेनाओं के एकीकरण पर बल दिया है ।

उन्होंने कहा है कि आज के दौर में जिस तरह की चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं उसमें बेहतर विकल्प यही है कि हम इन चुनौतियों का मिलकर सामना करें। उन्होंने कहा कि अंतर संचालन और एकीकरण अब केवल वांछनीय लक्ष्य नहीं रह गए, बल्कि अब ये संचालन जरूरत बन चुके हैं। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां तीनों सेनाओं के सेमीनार को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सेनाओं को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में गिना जाता है और हर सेना की अपनी गौरवशाली परंपरा तथा अपनी पहचान रही है। उन्होंने कहा कि लेकिन एकीकरण और तालमेल के बिना इससे जो मूल्य या अनुभव या नई चीज उस सेना ने सीखी वह उसी तक सीमित रह गई और उसका फायदा दूसरी सेना को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी में सुरक्षा और खतरों का स्वरूप बदल चुका है और वे अधिक जटिल हो गए हैं इसे देखते हुए तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण जरूरी है, जिससे मिलकर चुनौतियों का सामना किया जा सके। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में सुरक्षा का स्वरूप काफी बदल चुका है। खतरे पहले से कहीं अधिक जटिल हो गए हैं। आज थल, जल, वायु , अंतरिक्ष और साइबरस्पेस ये सभी क्षेत्र आपस में गहराई से जुड़ गए हैं। ऐसे समय में कोई भी सेना यह सोचकर अलग-थलग नहीं रह सकती, कि अपने क्षेत्र में वह अकेले ही सब संभाल लेगी। आज के दौर में, जिस तरह की चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं, उसमें बेहतर विकल्प यही है, कि हम इन चुनौतियों का मिलकर सामना करें।

■ **कहा: आज के दौर में आ रही चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर विकल्प यही है**



## संक्षिप्त समाचार

### भारत फिर से चुना गया आईसीएओ परिषद का सदस्य

**नई दिल्ली।** भारत को संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) की परिषद के भाग 2 के लिए दोबारा चुना गया है। भाग 2 में वे देश शामिल हैं जो अंतर्राष्ट्रीय नागरिक हवाई नेविगेशन के लिए सुविधाओं के प्रावधान में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। यह चुनाव 27 सितम्बर को मॉन्ट्रियल में आयोजित आईसीएओ की सभा के 42वें सत्र के दौरान हुआ। इसमें भारत को 2022 के चुनावों की तुलना में अधिक मत प्राप्त हुए हैं। इससे पहले, 2 सितम्बर को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आईसीएओ सभा के 42वें सत्र से पहले नई दिल्ली में राजदूतों और उच्चायुक्तों के लिए एक स्वागत समारोह का आयोजन किया था। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने 2025-2028 के कार्यकाल के लिए पुनर्निर्वाचन के लिए भारत की उम्मीदवारी के लिए सदस्य देशों से समर्थन मांगा था।

### मल्होत्रा के निधन पर योगी ने जताया शोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर अत्यंत दुख्खद व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने एक्स पर लिखा- मेरी संवे. दनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दिल्ली भाजपा के पहले अध्यक्ष रहे प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार को निधन हो गया। पिछले कुछ दिन से दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था, जहां आज सुबह लगभग छह बजे उन्होंने 94 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली।

# विवाह जब तक रद्द नहीं हो जाता, पत्नी भरण-पोषण की हकदार: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जब तक किसी विवाह को शून्य घोषित नहीं कर दिया जाता, तब तक पत्नी अपने पति से भरण-पोषण पाने की हकदार बनी रहती है। यह टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट ने पत्नी की ओर से भरण-पोषण के लिए दाखिल अर्जी को स्वीकार कर लिया और पारिवारिक न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया।

इसके साथ ही नए सिरे से फैसले पर विचार करने के लिए मामले को वापस भेज दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला की पीठ ने श्वेता जायसवाल की पुनरीक्षण अर्जी पर दिया। चंदौली निवासी श्वेता जायसवाल ने प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय में पति से भरण-पोषण के लिए वाद दायर किया था।

न्यायालय ने नवम्बर 2017 के आदेश से कहा कि पति के पहली शादी को छुपाने के आधार पर पत्नी अलग रह रही है। वह स्वयं पत्नी होने का कर्तव्य नहीं निभा रही। पत्नी पिछली शादी को छिपाने के आधार पर विवाह शून्यता की डिक्री प्राप्त कर सकती है। इसलिए वह भरण-पोषण की हकदार नहीं है। हालांकि उनकी नाबालिग बेटी के लिए 2,000 रुपये प्रति माह के भरण-पोषण की अनुमति दी गई थी। इस आदेश के खिलाफ याची पत्नी ने हाईकोर्ट में पुनरीक्षण अर्जी दाखिल की। हाईकोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद पारिवारिक न्यायालय के फैसले रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जब तक एक शून्यकरणीय विवाह को डिक्री से शून्य घोषित नहीं किया जाता, तब तक विवाह बना रहता है। कोर्ट ने मामले को पारिवारिक न्यायालय को वापस भेज दिया और निर्देश दिया कि वह भरण-पोषण के दावे के संबंध में नए सिरे से आदेश पारित करें।

# टीईटी अनिवार्य: शिक्षकों-कर्मचारियों का ऐलान

## 25 नवम्बर को करेंगे दिल्ली कूच, पुरानी पेंशन बहाली की भी होगी मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ विभागों में निजीकरण समाप्त करने का भी मुद्दा उठाया जाएगा

**लखनऊ।** नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) ने प्राथमिक शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के मुद्दे पर शिक्षकों-कर्मचारियों के 25 नवम्बर को दिल्ली कूच की घोषणा की है। इस आंदोलन के माध्यम से विभागों में निजीकरण समाप्त करने व पुरानी पेंशन बहाली का भी मुद्दा उठाया जाएगा। संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई वर्चुअल बैठक में यह निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने बताया कि इससे पहले एक अक्तूबर को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर देशव्यापी अभियान चलाया जाएगा।

25 अक्तूबर को देश की सभी राजधानियों में एक साथ दिल्ली रैली के लिए सामूहिक प्रेसवार्ता होगी। वहीं आठ नवम्बर को दिल्ली में सभी प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्रियों की बैठक भी होगी। इसमें रैली की सफलता की रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव स्थित प्रज्ञा ने कहा कि शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपे जाने के मुद्दे को भी प्रमुखता से रखा जाएगा। बैठक में रामानुजय पलेला, सरदार सुखजीत सिंह, वितेश खांडेकर, शांताराम तेजा, विजेंदर सिंह धारीवाल, डा. नीरजपति त्रिपाठी आदि उपस्थित थे। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की सोमवार को हुई आनलाइन बैठक में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल किए जाने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मजबूत तथ्यों के साथ लड़ाई लड़ेंगे। साथ ही सड़क से लेकर संसद तक शिक्षकों की सेवा को सुरक्षित करने के लिए संघर्ष करेंगे। वहीं 15 अक्तूबर तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने व हस्ताक्षर अभियान पूर्व की भांति चलता रहेगा।

## बरेली बवाल को लेकर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज की

# सपा पार्षद के चार्जिंग स्टेशन पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मौलाना तौकीर रजा के करीबी का बरातघर सील किया, रिश्तेदार हिरासत में लिए गए

■ डा. नफीस समेत 31 आरोपी गिरफ्तार, जांच को एसआईटी गठित, इंटरनेट सेवा बहाल

**बरेली।** बरेली में बवाल की साजिश रचने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबियों और रिश्तेदारों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मंगलवार को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बानखाना मोहल्ले में बड़ी कार्रवाई की। यहां सपा पार्षद ओमान रजा के अवैध चार्जिंग स्टेशन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। बताया गया कि नाले पर बाउंड्रीवाल बनाकर अवैध तरीके से चार्जिंग स्टेशन बनाया गया था। बुलडोजर से बाउंड्री वाल को तोड़ दिया गया। पार्षद ओमान का एक और चार्जिंग स्टेशन विद्युत चोरी से संचालित होता पाया गया। इस पर भी कार्रवाई की गई है। मौलाना तौकीर रजा के रिश्तेदार मोहसिन रजा खान और उसके भाई को हिरासत में लिया गया है। मोहसिन रजा मननानी मियां का दामाद है। मोहसिन के घर पर कार्रवाई करने के लिए बीडीए और नगर निगम की टीम पहुंची थी। इस दौरान मोहसिन रजा की अफसरों से तीखी नोकझोंक हो गई। मोहसिन ने आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष पर आरोप लगाया और कहा कि यह मामला सिर्फ राजनीतिक है। वह 2005 में आईएमसी छोड़ चुके हैं। तौकीर रजा से कोई वास्ता भी नहीं है। मोहसिन ने कहा कि तौकीर रजा से उसका कोई वास्ता नहीं है। यह सब भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष के कहने पर हो रहा है। उन्होंने पहले भी उन पर गो. कशी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मोहसिन के पिता ने कोर्ट का स्टे आर्डर दिखाया, तो टीम ने कार्रवाई रोकी। वहीं मोहसिन रजा और उसके भाई को हिरासत में ले लिया गया है। मोहसिन रजा के घर के सामने ही नाले पर अवैध चार्जिंग स्टेशन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। बीडीए की टीम ने शाहज. हांपुर रोड स्थित नरियावल में हमसफर बरातघर को सील कर दिया है।

### सपा नेताओं ने पुलिस पर लगाया निर्दोषों का उत्पीड़न करने का आरोप

**बरेली।** बरेली में 26 सितम्बर को हुए बवाल के मामले में आरोपियों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब कई आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। अब समाजवादी पार्टी के पदाधिका. रियों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए डीआईजी अजय कुमार साहनी से शिकायत की है। मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल डीआईजी से मिला और उन्हें बताया कि पुलिस ने गिरफ्तारी का लक्ष्य पूरा करने के लिए ऐसे लोगों को भी मुकदमे में शामिल कर दिया है, जो बवाल वाले दिन बाजार में खरीदारी करने या किसी और काम से आए थे। सपा नेताओं ने कहा कि बवाल के मामले में कई बुजुर्गों और बच्चों को भी नामजद किया गया है। कोतवाली और बारादरी थाना पुलिस लगातार इस मामले में गिरफ्तारी कर रही है, इसे रोका जाए।

# रिहा हुए पूर्व सपा विधायक इरफान की भाई रिजवान

**कानपुर, वार्ता**



33 महीनों में 1061 रातें जेल में कैसे काटी हैं इसका दर्द बयां नहीं किया जा सकता। तीन साल मां, पत्नी और बच्चों से दूर रहने का बहुत कष्ट है। मां सिर पर हाथ रखेगी उनका आशीर्वाद लूंगा। यह बात सोमवार रात 8.15 बजे जिला कारागार से रिहा हुए सीसामऊ के पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई रिजवान सोलंकी ने कही।

बाहर आकर बच्चे जिनिया और मुज्जू के माथे को चूमा, तो आंखों से आंसू छलक पड़े। कहा कि अब एक नई जिंदगी की शुरूआत करनी है। जेल के बाहर रिजवान की रिहाई की जानकारी होते ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई। रिहाई होती है, परिवार, दोस्त और कार्यकर्ताओं ने गले लगना शुरू कर दिया। रिजवान जेल से सबसे पहले नमाज अता करने ईदगाह पहुंचे। इसके बाद अब्बू हाजी मुश्ताक सोलंकी की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ा। वहां से वह परिवार के लोगों और कार्यकर्ताओं के साथ जाजमऊ डिफेंस कालोनी घर के लिए रवाना हो गए।

इस मौके पर जेल के बाहर मां खुर्शीदा और पत्नी रोजी रिजवान का बेसब्री से इन्तजार करतीं दिखीं। इरफान सोलंकी और रिजवान सोलंकी ने दो दिसम्बर 2022 को तत्कालीन पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड के आवास पर आत्मसमर्पण किया था। सात जून 2024 को इरफान व रिजवान समेत अन्य आरोपियों को सात साल कैद और 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी।



सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70



सोना रु. 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 137467
प्रति किलो



# सेंसेक्स आठ दिन में 2746 अंक टूटा

**मुंबई, वार्ता**



विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी निकासी और वैश्विक कारकों को लेकर जारी चिंता के कारण घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार आठवें दिन गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स इन आठ दिनों में 2,746 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 812 अंक टूट चुका है। संसेक्स आज सुबह बढ़त में था, लेकिन बाद में उतार.चढ़ाव से होता हुआ अंतत: 97.32 अंक (0.12 प्रतिशत) नीचे 80,267.62 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी 23.80 अंक यानी 0.10 फीसदी टूटकर 24,611.10 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांक चार सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गये हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के बुधवार को जारी होने वाले बयान से पहले सरकारी बैंकों के शेयरों में तेजी देखी जा रही है। धातु और ऑटो समूहों में भी तेजी रही। वहीं एफएमसीजी, रियलिटी, आईटी और फार्मा कंपनियों के शेयरों में निवेशकों ने बिकवाली की।

मझौल कंपनियों पर कम दबाव रहा, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली देखी गयी। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.02 प्रतिशत गिर गया। वही स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.08 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में कुल 3,118 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,517 के शेयर बढ़त में 1,507 के गिरावट में रहे, जबकि 94 कंपनियों के शेयर भाव अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयरों में तेजी और शेष में गिरावट रही। आईटीसी का शेयर सबसे अधिक 1.19 प्रतिशत गिर गया। भारती एयरटेल में 1.18 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.13 प्रतिशत और टाइटन में 1.07 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.43 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स में 1.41 प्रतिशत और टाटा मोटर्स में 1.18 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, सनफार्मा और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त से साथ बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्केई 0.25 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। हांगकांग के हैंगसेंग में 0.87 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0.07 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.14 प्रतिशत की गिरावट में था।

# युवाओं में खादी के प्रति आकर्षण पैदा करेगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को खादी के इस्तेमाल की ओर आकर्षित करने की कवायद शुरू कर दी है। यूपीआईटीएस 2025 में शामिल हुए बुनकरों और कारीगरों की माने तो टिकाऊ फैशन के प्रति बढ़ती जागरूकता युवाओं को खादी के इस्तेमाल की ओर आकर्षित कर रही है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में भी हस्तनिर्मित खादी के कपड़ों की मांग बढ़ रही है। प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक ज़िला एक उत्पाद (ओडीओपी) और विश्वकर्मा श्रमिक सम्मान जैसी योजनाओं ने हज़ारों कारीगरों और बुनकरों को सशक्त बनाया है। उन्होंने बताया कि सरकार अब उत्तर प्रदेश को खादी हथकरघा केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा, खादी आत्मनिर्भरता, शिल्प कौशल और सतत विकास का प्रतीक है, जो दर्शाता है कि स्थानीय शिल्प राज्य के लिए एक मज़बूत अंतर्राष्ट्रीय पहचान बना सकती है।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर विदेशी यात्रियों के लिए आज से ई-अराइवल कार्ड की सुविधा

■ आव्रजन ब्यूरो के तत्वावधान में की जा रही सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदि. रा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार से विदेशी यात्रियों के लिए ई-अराइवल कार्ड की सुविधा शुरू होगी। हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने मंगलवार को बताया कि आव्रजन ब्यूरो के तत्वावधान में यह सुविधा शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक सहज प्रक्रिया तैयार करना है। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को एक सहज डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने आगमन की जानकारी ऑनलाइन भरने होगी।

इससे हवाई अड्डे पर मैन्युअल कागज-आधारित कार्ड की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इससे न केवल यात्रियों के लिए अराइवल की प्रक्रिया आसान होगी, बल्कि दक्षता में भी सुधार होगा, कतारें कम होंगी और कागज के उपयोग में कमी से हवाई अड्डे के हरित लक्ष्यों को भी बल मिलेगा। थाईलैंड, इंडोनेशिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और मलेशिया के कुछ विश्वस्तरीय हवाई अड्डों पर ऐसी ही सुविधाएं पहले से उपलब्ध हैं। विदेशी यात्री अपनी आगमन जानकारी आव्रजन ब्यूरो के पोर्टल, भारतीय वीजा वेबसाइट और भारतीय वीजा मोबाइल ऐप 'सु-स्वागतम' के साथ-साथ दिल्ली हवाई अड्डे की वेबसाइट पर सुरक्षित तरीके से भर सकते हैं। यह उनके आगमन से तीन दिन पहले तक किया जा सकता है। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि हमें अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए ई-अराइवल कार्ड सुविधा शुरू करने के लिए आव्रजन ब्यूरो के साथ हाथ मिलाकर खुशी हो रही है। यह पहल स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देते हुए विश्व स्तरीय, परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे पहले, जून 2024 में दिल्ली हवाई अड्डा 'फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' (एफटीआई- टीटीपी) शुरू करने वाला देश का पहला हवाई अड्डा बन गया था।

# यूपी में भेड़ियों की दहशत, दंपति को जिंदा चबाया

**बहराइच।** बहराइच में मंझारा तौकली ग्राम पंचायत में सोमवार रात भेड़ियों ने फिर कहर बरपाया। गांव प्यारे पुरवा में अहाते में सो रहे बुजुर्ग दंपती पर भेड़ियों ने हमला कर उन्हें जिंदा चबा लिया। घटना में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं देवनाथ पुरवा और भृगु पुरवा में भेड़ियों के हमले से महिला समेत दो लोग घायल हुए हैं।

लगातार हो रहे हमलों से गांवों में दहशत का माहौल है। पुरवा निवासी खेदन (70) पुत्र जनार्दन और उनकी पत्नी मनकी (65) रोज की तरह सोमवार रात घर से करीब 200 मीटर दूर बने अहाते में सो रहे थे। आधी रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच भेड़ियों का झुंड वहां आ पहुंचा। सोते समय ही दंपती पर हमला कर दिया। दोनों के हाथ-पांव और शरीर के कई हिस्सों को भेड़िये चबा गए। गले और चेहरे पर गहरे जख्म मिले। सुबह देर तक दंपति घर नहीं पहुंचे, तो उनका बेटा झब्बर खोजते हुए अहाते पहुंचा। वहां मां-बाप के क्षत-विक्षत शव देखकर उसकी चीख निकल गई। गांव के लोग इकट्ठा हुए, तो सभी सन्न रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के खेतों में भेड़ियों का झुंड घूमता देखा गया है। इसी रात भेड़ियों ने देवनाथ पुरवा की सेबरी (30) और भृगु पुरवा के रामू पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया। दोनों का इलाज जारी है। गांव में फैली दहशत को देखते हुए लोग रात में जागकर पहरा दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद अभी तक वन विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। डीएफओ राम सिंह यादव दो दिन से न मीडिया से बात कर रहे हैं और न ही फोन रिसीव कर रहे हैं। बिलखते हुए मां ने कहा कि हमला भेड़िये ने किया। कुछ ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने तेंदुए को देखा है। वन विभाग अभी तक पक्के तौर पर कुछ कह नहीं पा रहा है। 10 मार्च 2024 से अब तक जिले में भेड़ियों के 80 से अधिक हमले हो चुके हैं। वहीं बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी और शहर में हुए बवाल के आरोपी डा. नफीस की नावल्टी स्थित मार्केट को नगर निगम ने सोमवार को सील कर दिया। इसमें 74 दुकानें हैं। इसी मार्केट में आईएमसी का दफ्तर भी संचालित किया जा रहा था। उस पर भी नगर निगम ने ताला लगा दिया है। आरोप है कि नाले पर कब्जा कर यह मार्केट बनाई गई है।

# कांग्रेस ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ महिलाओं, दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार के मामलों में उठाए सवाल

कांग्रेस ने महिलाओं तथा आदिवासियों के खिलाफ राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अपराध संबधी आंकड़ों का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर मंगलवार को निशाना साधा और कहा कि ये आंकड़े आदिवासियों, महिलाओं, दलितों के खिलाफ सरकार के सुरक्षा के दावों की पोल खोलते हैं।


कांग्रेस ने आदिवासियों तथा महिलाओं के खिलाफ 2023 में हुए अपराधों का विवरण देने के साथ ही बिहार में हुए अपराधों के भी आंकड़े दिये हैं और कहा है कि वहां सरेआम हत्या, गैंगवॉर, दिन-दहाड़े लूट, अपहरण, फिरौती जैसी घटनाएं हो रही है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश तथा बिहार में दलितों के साथ हुए अपराधों भी विवरण दिया है। पार्टी ने कहा ष्मोदी सरकार में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़े हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4,48,211 केस दर्ज हुए, जबकि 2022 में यह संख्या 4,45,256 थी। साफ है कि अपराध का ये आंकड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के महिला सुरक्षा के खोखले दावों की पोल खोल रहा है। आदिवासियों के साथ हुए अपराधों का आंकड़ा देते हुए पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार में आदिवासियों के खिलाफ अपराध के मामलों में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ये आंकड़े साल 2023 की एनसीआरबी रिपोर्ट में सामने आए हैं। साल 2023 में 12,960 अपराध के मामले दर्ज हुए जबकि इससे पहले साल 2022 में 10,064 अपराध के मामले दर्ज हुए।

कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार में आदिवासियों के हक छीने जाते हैं और जब वो इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं, तो उनकी आवाज को दबा दिया जाता है। इससे साफ पता चलता है कि मोदी सरकार की मानसि. कता 'आदिवासी विरोधी' है। पार्टी ने बिहार के साथ ही दलितों के साथ हुए अपराधों का हवाला देते हुए मोदी सरकार को दलित विरोधी बताया और कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों के साथ 15,130, राजस्थान में 8,449, मध्य प्रदेश में 8,232, बिहार में 7,064 और महाराष्ट्र: 3,024 अपराध हुए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# घुंघट से निकल समाज में उजाला फैला रही महिलाएं

## नवरात्र पर 182 बालिकाओं व महिलाओं का सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि जो महिलाएं पहले घरों में सीमित रहती थी वह आज समाज में उजाला फैला रही है।

जोया रोड स्थित एक वेंक्वेट हाल में मिशन शक्ति के अन्तर्गत कन्या पूजन व महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा, खेल, योगा, भाषण, निबंध, कविता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाली 73 बालिकाओं को मेमौन्टो, प्रमाण पत्र व स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान 9 कन्याओं का पूजन हुआ जबकि 11 महिलाओं की गोद भराई की गयी। नगर पालि. का द्वारा वजन मशीन व लम्बाई मशीन का वितरण किया गया। लाभार्थी के रूप में 11 मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, दस बालिकाएं, बाल सेवा योजना तथा पांच बालिकाओं को कन्या जन्मोत्सव के अन्तर्गत बेबी किट व मच्छरदानी दी गयी। 59 महिलाओं को प्रमाण पत्र, मोमैन्टो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि जो महिलाएं पहले घरों की दहलीज तक सीमित थीं आज वह समाज में उजाला फैलाने का काम कर रही हैं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने कहा कि महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए जिले के सभी थानों में मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित किये गये हैं। चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। आचार्य सुमेधा ने कहा कि मिशन शक्ति नारी शक्ति का प्रतीक है। इसके माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, प्रीति चौधरी, अंजलि कटारिया, मीनाक्षी चौधरी, मधु चतुर्वेदी, एएसपी अखिलेश भदौरिया, आभा दत्त, पारूल सिसौदिया, डीडीओ सरिता द्विवेदी मौजूद रहे।



# टहलने निकले युवक की ट्रेन से कटकर मौत

## घर में मचा कोहराम, नहीं कराया पोस्टमार्टम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ट्रेन की चपेट में आकर किसान के बेटे की दर्दनाक मौत हो गयी। जिससे घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पीएम के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव चक्कालीलेट में किसान ओमपाल सिंह का परिवार रहता है। उनका 35 वर्षीय बेटा सुमित गिल दो भाइयों में छोटा थे। परिवार में पत्नी के अलावा एक दो साल का बेटा है। परिजनों के मुताबिक मंगलवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे सुमित गिल रेलवे लाइन किनारे खेतों पर टहलने गए थे। उसी दौरान अचानक मुरादाबाद दिशा से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में सुमित की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। जानकारी मिलने पर परिजन भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया तथा बिना पोस्टमार्टम शव घर ले गए। इसके बाद अंतिम संस्कार कर दिया। सीओ अवध भवन भदोरिया ने बताया कि परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया था लिहाजा मृतक का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है।

# पालिका कर्मी के भांजे को दबंगों ने पीटा

## चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद में दबंगों ने पालिका कर्मी के भांजे को पीट पीटकर बेहोश कर दिया। चार हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

शहर के मोहल्ला कुरैशी में पालिकाकर्मी रजनेश कुमार का परिवार रहता है। सोमवार सुबह करीब 11 बजे उनका भांजा दक्ष वासुदेव तीर्थ स्थल के पीछे फ्रेंड्स कॉलोनी में क्रिकेट मैच खेलने गया था। आरोप है मैच खेलने के दौरान झगड़े में मोहल्ला शिवद्वारा के रहने वाले फैज आलम, गामा, अरमान व अयान ने अपने चार-पांच अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसे घेर लिया। आरोपियों ने दक्ष की बेरहमी से पिटाई की, हमले में गंभीर घायल होने के कारण वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। इतना ही आरोपियों ने जातिसूचक गालियों से अपमानित किया और बाद में धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर घायल दक्ष को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां फिलहाल उसका उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मारपीट, एससी-एसटी एक्ट व धमकी के अलाव अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# कन्याओं के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

## भक्तों ने दिए उपहार, लगाया भोग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अष्टमी पर माता के भक्तों ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना की। उन्होंने कन्याओं को भोजन कराया तथा पैर छूकर आशीर्वाद लिया। उन्हें उपहार भी भेंट किये। जय माता दी के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। सारा दिन देवी मंडपों में भजन कीर्तन होते रहे।

मंगलवार को माता के भक्तों ने पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ अष्टमी पूजन किया। उन्होंने कन्याओं को भोग लगाया तथा पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्हें वस्त्र व अन्य उपहार भी भेंट किये। जय माता के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। अष्टमी पर कन्याएं हाथ भी नहीं आ रही थी। इसका कारण था कि कुछ स्कूलों में परीक्षा चल रही है। जबकि अवकाश भी नहीं था। जिस कारण कन्याओं को भोग लगाने में भक्तों को उन्हें ढूंढने में मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान माता के भक्तों द्वारा मां महागौरी की पूजा अर्चना की गई। मान्यता है कि विवाहिता महिलाओं से मां अत्यधिक प्रसन्न रहती है। जिस कारण उनका यह रूप विवाहिताओं में काफी प्रसिद्ध है। विवाहिताओं की भक्ति से प्रसन्न होकर माता उन्हें विशेष फल देती है। इसके अलावा सोम चक्र जागृत करने के लिये भी इनकी आराधना की जाती है। जिन घरों में अष्टमी पूजन होता है वहां नवरात्र का परायण हो गया। जबकि जिन भक्तों द्वारा नवमीं पूजन किया जाता है वहां आज भी माता की आराधना होगी।

# पंचायत में कराया प्रेमी युगल का निकाह

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। प्रेम प्रसंग में मिस्त्री युवती को लेकर मुरादाबाद पहुंच गया। परिजनों को भनक लगी तो उन्होंने पंचायत में दोनों का निकाह करा दिया। मामले का वीडियो वायरल होने पर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। मुरादाबाद जिले के मैनाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की इस गांव में रिश्तेदारी है। पेशे से मोटर मकैनिक युवक अक्सर अपनी रिश्तेदारी में आता रहता था। उसी दौरान करीब सालभर पहले उसका प्रेम-प्रसंग रिश्तेदारी के पड़ोस में रहने वाली एक युवती से शुरू हो गया। दोनों मोबाइल पर एक-दूसरे से बातचीत करने लगे। बताया जा रहा अब रविवार को प्रेमी गांव पहुंचा तथा घुमाने के लिए युवती को अपने साथ मुरादाबाद ले गया। देर से घर लौटने पर परिजनों ने जब युवती से सख्ती बरती तो उसने अपने प्रेम-प्रसंग की पूरी कहानी सुना दी। लिहाजा, प्रेमिका के परिजनों ने प्रेमी के रिश्तेदारों से बात कर प्रेमी व उसके परिजनों को गांव बुला लिया। सोमवार को दोनों पक्षों की ओर से गांव के जिम्मेदार लोगों की पंचायत बैठी। बातचीत के दौरान दोनों परिवार निकाह के लिए राजी हो गए। लिहाजा सोमवार रात गांव में दोनों का निकाह करा दिया गया। उसके बाद दुल्हन को विदा किया गया। निकाह की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामला संज्ञान में होने से इनकार किया है।



हसनपुर। धान की खरीद न होने पर जाम लगाते भाकियू अम्बेडकर के पदाधिकारी।

# धान की खरीद न होने पर लगाया जाम

## 2369 घोषित हो कॉमन धान का मूल्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर में अमरोहा अड्डे पर धान क्रय केंद्र शुरू न होने से नाराज किसानों ने मंगलवार को अमरोहा अड्डा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय भाटी के नेतृत्व में जाम लगा दिया। भारतीय किसान यूनियन (भीमराव आंबेडकर) के बैनर तले किसानों ने सुबह दस बजे सड़क अवरुद्ध कर सरकारी खरीद तुरंत शुरू करने की मांग की।घ्किसानों का कहना था कि पिछले एक महीने से धान की कटाई हो रही है। लेकिन सरकार ने अभी तक क्रय केंद्र चालू नहीं किये हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार धान खरीद से बच रही है। जिसका फायदा प्राइवेट व्यापारी उठा रहे हैं। मजबूरन किसानों को अपना धान औने-पौने भाव पर बेचना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि सरकार ने कॉमन धान का मूल्य 2369 और ए ग्रेड का रेट 2389 प्रति क्विंटल घोषित किया है, जबकि निजी व्यापारी 1600 से लेकर 2200 प्रति क्विंटल की दर से खरीद कर रहे हैं। घ्विरोध प्रदर्शन के दौरान, हसनपुर मंडी समिति के अंदर और बाहर धान से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली की लंबी कतारें देखी गईं, जो किसानों की मजबूरी को दर्शा रही थीं। इस दोनों नाम सड़क के दोनों तरफ वाहनों की भारी कतारे लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर किसानों को समझा कर जाम खुलवाया। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा धान की खरीद पहली अक्टूबर से शुरू करने का प्रस्ताव है, लेकिन कटाई पहले शुरू होने के कारण किसान तत्काल खरीद की मांग कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि किसानों से सफल वार्ता के बाद जाम खुलवा दिया गया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द खरीद शुरू नहीं हुई तो वे आगे और कड़ा आंदोलन करेंगे।

## एक नजर

### हादसे में डीसीएम का हैल्पर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। दिल्ली आजादपुर मंडी के लिए अमरूद लेकर जा रही डीसीएम मंगलवार तड़के हादसे का शिकार हो गई। इस दुर्घटना में वाहन का हैल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जिला रामपुर थाना खजुरिया क्षेत्र के वकसोरा गांव निवासी डीसीएम चालक अमरजीत सिंह अपने गांव के ही कृपाल सिंह के साथ विलासपुर से अमरूद लादकर दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। जब वाहन जिवाई चौकी के पास पहुंचा। तभी आगे चल रहे अज्ञात वाहन चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे अमरूद से भरी डीसीएम आगे वाले वाहन में पीछे से घुस गई। हादसे में हैल्पर कृपाल सिंह डीसीएम में बुरी तरह फंस गए। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल को बाहर निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### भाभी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। नगर के मुहल्ला टंकी वाला निवासी सोनू की पत्नी अम्बर ने पुलिस को तहरीर देकर भाभी सहित चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शुक्रवार को वह घर का सामान लेने के लिए बाजार गई थी। रास्ते में उसकी भाभी इल्मा, उसका भाई शहबाज, मां फिरदौस और इल्मा का बहनोई एहतशाम मिले और गाली-गलौच करने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी हैं

### एएसएम में हुआ रावण के पुतले का दहन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। एएसएम मार्डन एकेडमी खाता में दशहरा त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने भगवान राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की झांकिया प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। कालेज में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले बच्चों ने भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान की झांकिया निकाली। इसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। प्रबंधक विरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि हम सभी को भगवान राम की तरह आज्ञाकारी बनना चाहिये। प्रधानाचार्या आभा रस्तौगी ने कहा कि भगवान राम का जीवन हमारे लिये आदर्श है। उन्होंने बच्चों का आह्वान करते कहा कि हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चले। इस मौके पर चेतना सागर, रेखा, महिमा, प्रियांशु, आफिया, कविता, तनु मौजूद रहीं।

### नकदी समेत साढ़े तीन लाख की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात**। चोरों ने घर का ताला तोड़कर 30 हजार की नकदी समेत साढ़े तीन लाख का माल चोरी कर लिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दे दी है। घटना क्षेत्र के गांव बीलना की है। यहां पर मोहम्मद नईम का परिवार रहता है। वह दिल्ली में नौकरी करते हैं। घर पर पत्नी रूबीना बच्चों के साथ रहती हैं। सोमवार शाम रूबीना बच्चों को साथ लेकर गांव में ही अपने मायके चली गई थी। घर पर ताला लगा हुआ था। किसी समय चोरों ने घर का ताला तोड़। अंदर घुसने के बाद चोर 30 हजार रुपये की नकदी व सोना-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। रात करीब दस बजे पड़ोसियों ने मकान के ताले टूटे देखे तो नईम व रूबीना को इसकी सूचना दी। रूबीना ने घर आकर छानबीन की तो नकदी व जेवरात गायब मिले। सूचना पर पुलिस ने भी मौका मुआयना किया। गृहस्वामी के मुताबिक चोर घर से करीब 3.50 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है।

# चर्चित सिपाहियों ने 44 हजार लेकर युवक को छोड़ा

## ऑनलाइन सट्टा खेलने पर पकड़ा था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ऑनलाइन सट्टा खेले जाने के आरोप में दो पुलिस कर्मियों ने दो युवकों को उठा लिया। 44000 लेने के बाद भी उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया।

रविवार की रात करीब 9:00 बजे नगर के एक मोहल्ले से सिपाही विपिन तोमर व सोनू ने रहरा रोड पर ठेला लगाने वाले जो. गिंदर व टेंट हाउस का काम करने वाले देव को ऑनलाइन सट्टा खेले जाने के आरोप में उठा लिया। एक सभासद पकड़े गये युवकों को छुड़ाने के लिए कोतवाली पहुंच गये। यह देखकर दोनों सिपाहियों ने पकड़े गये युवकों के परिजनों से कहा कि यदि किसी से फोन कराया तो बड़ी धाराओं में चालान किया जायेगा। यह सुनकर युवकों के परिजन सहम गये। उसके बाद आरोपियों के परिजनों से दोनों सिपाहियों द्वारा युवकों को छोड़े जाने का झांसा देकर 40000 रिश्वत में ले लिए गये। हालांकि पैरवी करने गये सभासद ने कहा कि जब पैसा अब ले रहे हो तो अभी छोड़ना होगा। लेकिन उसके बावजूद सिपाहियों ने सुबह बिना कार्रवाई किये हुए छोड़े जाने का आश्वासन दिया। लेकिन पुलिस कर्मियों ने दोनों युवकों का संबंधित धारा में चालान कर दिया। पकड़े गये युवकों का फोटो जब पुलिस कर्मियों के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो परिजनों के पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। युवकों के परिजनों का कहना है कि जब पुलिस ने संबंधित धारा में मुकदमा कर दिया तो फिर उनका पैसा उन्हें वापस दिलाया जाये। पीड़ित युवकों के परिजनों ने पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी से मिलकर रिश्वत में दिये गये पैसे को वापस दिलाये जाने की मांग की है। युवकों का कहना है कि जिस समय उन्हें पुलिस ने उठाया था उनकी जेब में 4000 थे। वह भी सिपाहियों द्वारा छीन लिए गये। मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# शिक्षा व खेल छात्र जीवन के महत्वपूर्ण अंग: अंशु

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय की चेयरपर्सन व नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्षा अंशु नागपाल ने क्रिकेट एकेडमी का उद्घाटन किया, साथ ही विद्यालय में दशहरा पर्व भी धूमधाम से मनाया गया।

चेयरपर्सन अंशु नागपाल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि शिक्षा व खेल में गुणवत्तापूर्वक काम किया जाए। बच्चों को क्रिकेट खेलना सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि हम उन्हें जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ले जाने का प्रयास करेंगे।

**■ एनआईएस में क्रिकेट एकेडमी का शुभारंभ**

इस दौरान बच्चों के बीच मैच का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य निशी सिंह, कोच जावेद अहमद, स्कूल स्टाफ, और एकेडमी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसके बाद विद्यालय में दशहरा पर्व भी मनाया गया। अंशु नागपाल ने राम-सीता का तिलक लगाकर दशहरा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने रामलीला का सुन्दरतापूर्वक मंचन किया। विद्यालय के मेंटर पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल ने भी बच्चों को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से संबोधित किया।




# रामलीला में बाली का वध कर सुग्रीव का हुआ राज्यभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। श्रीधार्मिक रामलीला में भगवान राम का प्रभु हनुमान से मिलन तथा सीता की खोज में लंका पहुंचे भगवान हनुमान से लंका दहन का आयोजन किया गया। मंगलवार को रामलीला में सबसे पहले प्रभु राम और लक्ष्मण का हनुमान जी से मिलन का मंचन किया गया। इसके बाद भगवान हनुमान ने श्रीराम की सुग्रीव से मित्रता कराई। उन्होंने सुग्रीव को रक्षा का वचन दिया। इसके बाद बाली वध का मार्मिक मंचन किया गया। जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो गये। बाली की मौत के बाद सुग्रीव का राज्यभिषेक हुआ। उन्होंने चारों दिशाओं में अपनी सेना सीता की खोज के लिये भेजी। जबकि भगवान हनुमान रावण की लंका पहुंचे तथा उनका माता सीता से संवाद हुआ। इसके बाद रावण ने अशोक वाटिका को उजाड़ दिया तथा अक्षय कुमार का मार गिराया। भाई की मौत का बदला लेने के लिये मेघनाथ ने हनुमान को ब्राहास्त्र से बांध लिया। जबकि रावण के कहने पर उनकी पूछ में आग लगा दी गई। जिससे उन्होंने रावण की लंका को जला दिया। इस मौके पर विमल कुमार टंडन अरूणेश गोयल, शार्दुल अग्रवाल, राकेश वर्मा, अजय अग्रवाल, मनोज माहेश्वरी, करन रघुवंशी, कपिल शर्मा मौजूद रहे।

# वाल्मीकि समाज ने किया विधायक को सम्मानित

## जयंती पर अवकाश घोषित करने पर जताई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी को वाल्मीकि जयंती पर अवकाश घोषित होने पर वाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

वाल्मीकि चेतन दिवस के अवसर पर भारतीय वाल्मीकि समाज राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य ने भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा था। अब यह अवकाश घोषित होने पर भारतीय वाल्मीकि समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस खुशी के माहौल में समाज के पदाधिकारियों ने वीरेश भीम अनार्य का स्वागत किया। यह सम्मान समारोह अवकाश घोषित कराने की दिशा में वीरेश भीम अनार्य के प्रयासों की सफलता को दर्शाता है। घ्इसके बाद वाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी का आभार व्यक्त करते हुए उनका भी स्वागत किया गया। इस अवसर भाजपा नेता अजय पाल, कैलाश, मुकेश चौधरी, सतीश पारछा, करन कुमार, देशराज वाल्मीकि, परसा. ेत्तम करोतिया, बाबू, किमेंद्र कुमार, सभासद पति पप्पू, योगेश कुमार, दयाराम, विजय परछा, विजयपाल प्रधान जी, राकेश जी, कमल राय, सनम पाल, बिकास, तरुण जैनवाल, महेश कुमार, और कमल सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# अश्लील इशारे करने पर युवक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। सरेराह महिलाओं पर अश्लील इशारे कर रहे मनचले युवक को पुलिस ने मौके से अरेस्ट कर लिया। पुलिस ने संबंधित धारा में उसका चालान कर दिया है। थाना सैदनगली के कस्बा उझारी में एंटीरोमियों व मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण महिलाओं की सुरक्षा सहायता अभियान के तहत मेला रामलीला में पुलिस बल तैनात था। एक युवक खड़ा होकर महिलाओं की ओर को अश्लील इशारे कर रहा था तथा गलत बयान बाजी भी कर रहा था। पुलिस ने अश्लील बातें कर रहे युवक को घेरा बंदी कर मौके से पकड़ लिया। पकड़े गये युवक का नाम अरमान पुत्र ईदरीसउर्फ बिट्टन मोहल्ला कादरी चौक निवासी उझारी है। पुलिस ने आरोपी युवक का चालान करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया।

# दो बच्चों की मां नकदी, जेवर लेकर प्रेमी संग फरार

## पति ने रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दो बच्चों की मां नकदी व जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गयी। पति ने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

चर्चाओं में बना मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। यहां पर रहने वाले एक युवक के परिवार में 20 वर्षीय पत्नी के अलावा दो बेटियां हैं। उसकी बड़ी बेटी की उम्र तीन साल की है जबकि छोटी बेटी अभी सिर्फ तीन महीने की है। बताया जा रहा है कि युवक की पत्नी का प्रेम-प्रसंग मोहल्ले के ही रहने वाले युवक नदीम के साथ काफी समय से चल रहा था। ससुराल वालों की भी इसकी कोई जानकारी नहीं थी। रविवार सुबह में अचानक विवाहिता बिना कुछ बताए दोनों बेटियों को लेकर घर से चली गई। पत्नी के काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परेशान युवक ने जब तलाश शुरू की तो मोहल्ले के लोगों से पता चला कि वह नदीम के साथ गई है। ढूंढने में नाकाम रहे युवक ने घर आकर सामान की तलाशी ली तो अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर, कपड़े, आधार व पैन कार्ड के अलावा दस हजार रुपये गायब देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित युवक ने मामले में शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि विवाहिता को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में आरोपी नदीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दोनों को तलाश किया जा रहा है। विवाहिता को जल्दी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पुलिस की लापरवाही से आरोपी हाईकोर्ट से ले आए स्टे

**अमरोहा।** अमरोहा मे आत्महत्या के दो बड़े मामलों में पुलिस विवेचना की लापरवाही उजागर हो गई है। हैंडलूम कारोबारी गुफरान और प्रॉपर्टी डीलर राहिल उस्मानी की खुदकुशी के मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर परिजन पहले से ही गुस्से में थे। अब एसएसआई अभिलाष प्रधान और इंस्पेक्टर क्राइम रणदीप सिंह पुंडीर पर कार्रवाई की गाज गिरी है।

हैंडलूम कारोबारी गुफरान की विवेचना में लापरवाही की गाज एसएसआई अभिलाष प्रधान पर गिरी है तो वहीं पीएसी से रिटायर्ड सीओ ताहिर उस्मानी के बेटे राहिल से जुड़े सुसाइड केस में ढिलाई पर इंस्पेक्टर क्राइम रणदीप सिंह पुंडीर नप गए हैं। गिरफ्तारी नहीं किए जाने पर दोनों मुकदमों में आरोपी पक्ष हाइकोर्ट से चार्जशीट तक स्टे ले आया था। इसके बाद से दोनों के परिजनों में पुलिस की कार्यशैली को लेक्स गुस्सा था। बीती 24 अगस्त को शहर के मोहल्ला नल नई बस्ती निवासी हैंडलूम कारोबारी गुफरान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्मघाती कदम उठाने से पहले गुफरान ने एक सुसाइड नोट और वीडियो छोड़ा था। कोट चौकी बुलाकर प्रताड़ित किए जाने से आहत होकर आत्महत्या करने की बात कही थी। गुफरान का आरोप था कि मोहल्ला कोट निवासी फजल, मोहल्ला सराय कोहना निवासी सोनू कबाब वाला, बब्लू व मोहसिन, मोहल्ला चाहमुल्लान निवासी अय्यूब बावर्ची, मोहल्ला बटवाल निवासी तंजीम बेग, मोहल्ला तलवार शाह निवासी सलीम और भाभी सना उसे लगातार परेशान कर रहे हैं। इन सभी ने दरोगा की मिलीभगत से चौकी पर बुलाकर प्रताड़ित किया तथा बाद में एक दुकान में बंधक बनाकर मारपीट की। मामले में मृतक के पिता अताउल्लाह की तहरीर पर पुलिस ने गुफरान की भाभी सना समेत आठ लोगों के घखिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना शहर कोतवाली के एसएसआई अघभिलाष प्रधान को दी गई थी। मामले में पुलिस ने सिर्फ आरोपी सना को कलियर से गिरफ्तार कर चुप्पी साध ली थी। अन्य सात आरोपियों की गिरफ्तारी का कोई प्रयास नहीं किया था। मामले में कारोबारी गुफरान के पिता अताउल्लाह ने विवेचक अभिलाष प्रधान पर आरोपियों से हमसाज होने का आरोप लगाया था। विवेचक ने यहां तक कहा कि वीडियो कोई साक्ष्य नहीं होता है मैं मामले में सिर्फ तीन लोगों के खिलाफ ही कार्रवाई करूंगा, बाकी नाम निकाल दूंगा। इसी ढिलाई के चलते आरोपी हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे ले आए थे। वहीं, लगातार शिकायतों पर एसपी ने एसएसआई अभिलाष प्रधान से विवेचना छीनकर प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर को सौंप दी थी। शहर के मोहल्ला घेर पछय्या में रहने वाले पीएसी से रिटायर्ड सीओ ताहिर उस्मानी के प्रापर्टी डीलर बेटे राहिल उस्मानी ने 11 सितंबर को घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्मघाती कदम उठाने से पहले राहिल ने करीब 15 मिनट के दो वीडियो बनाए थे। जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार कारोबारी मोहम्मद ताहिर, आसिफ नमकीन, प्रॉपर्टी डीलर सतवंत व उसके बिचौलिया बब्बू चिकन को ठहराया था। मोहम्मद ताहिर पर दस बीघा जमीन का सौदा करने के बाद करीब डेढ़ करोड़ रुपये हड़पने का आरोप था जबकि आसिफ नमकीन पर दो लाख देकर 80 लाख रुपये का ब्याज वसूलने का गंभीर आरोप था। इसके अलावा सतवंत व बब्बू भी जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े पैसों को राहिल को लगातार प्रताड़ित कर रहे थे।

# नवरात्रों में मन्दिरों में उमड़े श्रद्धालु

## देवी दर्शन कर मांगी मनौतियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मंगलवार की सुबह से ही हसनपुर और उसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में नवरात्रि की अष्टमी का पर्व पूरे धूमधाम और विधि-विधान से मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों और घरों में भक्तिमय वातावरण छा गया। और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देवी मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। पर्व का मुख्य आकर्षण रहा कन्या पूजन और भोजन। महिलाओं ने अपने घरों पर कन्याओं को श्रद्धापूर्वक आमंत्रित किया। उनके चरण धोकर उन्हें पारंपरिक पूड़ी, हलवा और चने का प्रसाद खिलाया और आशीर्वाद लिया। कई जगहों पर सामाजिक संगठनों और भक्ति मंडलों ने भी बड़े स्तर पर कन्या भोज का आयोजन किया। जिससे पूरे क्षेत्र में आस्था का माहौल बन गया। हसनपुर के अलावा सैदनगली, ढबारसी, उझारी, आदमपुर, रहरा समेत सभी ग्रामीण क्षेत्रों में अष्टमी को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। भक्तों ने जगह-जगह दुर्गा माता की आरती उतारी और नौ कन्याओं व लंगूर जी का पूजन कर माता रानी से सुख-समृद्धि की कामना की। अष्टमी पर्व पर श्रद्धालु अपना उपवास खोलते हैं और कन्या पूजन के साथ त्योहार को पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर कई मंदिरों में भजन-कीर्तन और हवन-यज्ञ भी आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में पुलिस अलर्ट रही।

# मां दुर्गा की निकली भव्य शोभायात्रा

## झांकियों ने किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को नगर में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। हिंदू संस्कृतिक संगठन के तत्वावधान में मां दुर्गा की शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसकी भव्यता ने नगरवासियों का मन मोह लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने प्राचीन मां दुर्गा मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।

मंदिर प्रांगण से निकली मां दुर्गा की ये शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों महादेव चुंगी, अहिंसा स्तम्भ मार्ग, कंचन बाजार, हरदेव बाजार, अग्रसेन बाजार, पुराना स्टेट बैंक तिराहा, छोटी मस्जिद, तिकोना स्कूल से होती हुई गढ़ी मंदिर धर्मशाला पर जाकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल रहे। इस अवसर पर सजाई गई झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मां दुर्गा, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, वीर हनुमान, चाणक्य संवाद, अखाड़ा प्रदर्शन, काली तांडव और हाथी पर सजी झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालु भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। कई भक्त माता रानी के रथ को खींचते हुए जय माता दी के गगनभेदी नारे लगा रहे थे, तो वहीं महिलाएं और बच्चे भी आरती और भजन-कीर्तन में शामिल होकर भक्ति रस में डूबे रहे। शोभायात्रा में उमड़ी भीड़ ने नगर में मेले जैसा माहौल बना दिया। इस मौके पर ज्ञानेन्द्र कुमार उर्फ कमल अग्रवाल, शिवकुमार त्रिवेदी, हरिओम त्रिवेदी, सचिन अग्रवाल, दीपक गर्ग, अर्पित, पीयूष, एकांश, धीरज, अमित, मुन्ना अग्रवाल, लाभ अग्रवाल, शुभ अग्रवाल सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। शोभायात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था का परिचय दिया, बल्कि नगर में सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का संदेश भी प्रसारित किया

# बच्चों व ग्रामीणों को दिया आग बुझाने का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन एवं अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को आग लगने पर उसे बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। समझाया गया कि आग लगने पर घबराएं नहीं बल्कि संयम बरतें। मंगलवार को गजरौला ब्लॉक के गांव कटाई में स्थित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जेबीएफ के कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव की मौजूदगी में गजरौला से आए अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार ने बच्चों, ग्रामीणों और शिक्षकों को बताया कि आग लगने पर घबराएं नहीं। यदि आप संयम बरतेंगे तो आग पर तत्काल काबू पाया जा सकता है। उन्होंने घरों में प्रयोग होने वाले रसोई गैस सिलिंडर में आग लगाकर उसे बुझाकर दिखाया। इसके अलावा कपड़ों, कूड़ा-कचरा, सूखी झाड़ियों आदि में आग लगाकर उसे बुझाने का प्रशिक्षण भी दिया। जेबीएफ के कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव ने आग लगने पर तत्काल फायर ब्रिगेड अथवा डायल 112 को सूचित करें। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका मधुलिका, भारती, नेहा कौशिक, एकता रानी, फरजाना आदि के साथ ही जेबीएफ सीएसआर के बूंदी सिंह, नवनीत सिंह, राहुल, नूरमसीह, मोनू कुमार मौजूद रहे।

# छात्राओं को स्वस्थ रहने के प्रति किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मिशन शक्ति पंचम चरण के अंतिम दिवस में संविलियन विद्यालय और कन्या

**■ दो स्कूलों की छात्राएं सीएचसी पहुंची**

विद्यालय गजरौला की छात्राएं प्रधानाध्यापिका रेखा रानी एवं अनीता पाल के मार्गदर्शन में सीएचसी गजरौला में पहुंची, जहां पर चिकित्साधीक्षक डॉ. योगेन्द्र सिंह ने छात्राओं को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया। कहा कि संक्रामक रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। डॉ. दिशा ने



छात्राओं को महिला रोगों व स्वच्छता प्रबन्धन माहवारी प्रबंधन के सम्बंध में जागरूक किया।

# समझौते के नाम पर ली रकम वापस हो

## शिक्षामित्रों ने प्रदर्शन कर उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। शिक्षा मित्रों ने प्रदर्शन करते हुए जनप्रतिनिधि से डेढ़ लाख रुपए वापस जाने के साथ ही दूसरे पक्ष का भी मुकदमा दर्ज करने जाने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल के नेतृत्व में शिक्षामित्रों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रभारी निरीक्षक हसनपुर से मिला। और हथियाखेड़ा निवासी एवं प्राथमिक विद्यालय मिलक घेर में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत पूरन सिंह द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के संबंध में वार्ता की। शिक्षा मित्र ने बताया कि लगभग डेढ़ माह पूर्व उनके पुत्रों का गांव निवासी दयाशंकर से आपसी विवाद हो गया था। जिसमें दोनों पक्षों द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई थी। पुलिस द्वारा दूसरे पक्ष की तहरीर के आधार पर मेरे तीनों बच्चों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस द्वारा मेरे प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। एक जनप्रतिनिधि द्वारा समझौता करने के नाम पर उससे डेढ़ लाख रुपए लिए गये थे। लेकिन अभी तक ना तो समझौता कराया गया और ना ही मेरे डेढ़ लाख रुपये वापस किये गये हैं। लगभग एक माह से शिक्षा मित्र कोतवाली के चक्कर काट रहा है। परंतु थाने में कोई सुनवाई नहीं हो रही है।उन्होंने बताया प्रभारी निरीक्षक हसनपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने से स्पष्ट मना कर दिया। जिससे शिक्षामित्र में रोष फैल गया। बाद में कोतवाली गेट पर प्रदर्शन कर रिपोर्ट दर्ज कराने और जनप्रतिनिधि से डेढ़ लाख रुपये वापस दिलाने की मांग की। इस अवसर पर शिक्षामित्र संघ के जिला संरक्षक रामवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप चौहान, ब्लॉक मंत्री जगत सिंह,थान सिंह, ओम प्रकाश सिंह, सुरेश सिंह, ओमपाल सिंह,फुरकान, देवेंद्र सिंह, भूदेव सिंह,भूरे सिंह,राजेंद्र सिंह, वीरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# हनुमान ने लगाई रावण की लंका में आग

## रामेश्वर शिवलिंग की स्थापना का प्रसंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर की रामलीला रंगमंच पर मंगलवार की रात का दृश्य देखते ही बनता था। श्री रामलीला प्रबंध समिति मंदिर महादेव के तत्वावधान में आयोजित रामलीला महोत्सव में लंका दहन, विभीषण शरणागति और रामेश्वरम शिवलिंग स्थापना के प्रसंगों का भव्य मंचन किया गया। मंच पर जैसे ही हनुमान जी ने रावण की सोने की लंका में आग लगाई, चारों ओर जय श्री राम के जयघोष गूंज उठे और दर्शकों में रोमांच की लहर दौड़ गई।

इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व समिति अध्यक्ष जागेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं मंचन का साक्षी बनने वालों में बजरंग दल प्रांत गौरक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत, जगअवतार त्यागी, ओमकार गर्ग, राजेंद्र सिंघल, पवन गुप्ता, अवनीश कुमार, कपिल अग्रवाल, शरद गर्ग, वीरेंद्र शर्मा, सुनील अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, राजू बादशाह, सुनील प्रजापति,



दिवेश तंवर, अक्षय अग्रवाल, अमरजीत कोहली, मिंटू सिंह और पारस सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। रातभर मंचन देखते हुए भक्तमंडली जयकारों से गूंजती रही और सोने की लंका के जलने के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का सजीव संदेश नगरवासियों को मिला

# टाटा मैजिक ने भानपुर रेलवे फाटक का बूम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के भानपुर रेलवे फाटक के बंद करने के दौरान एक टाटा मैजिक ने टक्कर मार दी, जिससे फाटक का बूम टूट गया। कैबिनमेन ने उसे तुरंत दौड़कर पकड़ लिया, बाद में मौके पर पहुंची आरपीएफ ने उसे हिरासत में ले लिया। हालांकि बूम टूटने के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं हुआ।

बता दें कि दोपहर के तीन बजे के लगभग भानपुर फाटक का कैबिनमेन वेदप्रकाश फाटक बंद कर रहा था, इसी दौरान खादगूजर तिराहे की दिशा से तेजी से आ रहा एक टाटा मैजिक चालक आया और बूम में टक्कर मार दी। टक्कर लगने

**■ इमरजेंसी बूम लगाकर ट्रेन को कराया पास**

से बूम टूट गया। जिसके बाद कैबिनमेन ने मैजिक चालक को पकड़ लिया और घटना की सूचना रेलवे स्टेशन कंट्रोल व आरपीएफ को दी। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने उसे हिरासत में लिया। बूम टूटने के बाद इमरजेंसी बूम लगाकर ट्रैन को पास कराया गया। हालांकि बूम टूटने के कारण किसी ट्रेन का संचालन प्रभावित नहीं हुआ। समाचार लिखे जाने तक मैजिक चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज होने की सूचना नहीं थी। रेलवे की टैक्निकल टीम ने टूटा हुआ बूम ठीक किया।



# महिलाएं पुरूषों से कम नहीं, हर क्षेत्र में आगे

## महिला सभासदों व महिला पालिका कर्मियों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। चेयरमैन शशी जैन ने कहा कि आज महिलाएं घर के चूल्हे चौके तक सीमित न रहकर हर क्षेत्र में अपनी ताकत का अहसास करा रही है। मिशन शक्ति के अन्तर्गत नगर पालिका सभागार में महिला सभासद व कर्मियों को सम्मानित किया गया। चेयरमैन शशी जैन ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी ताकत का अहसास करा रहीं है। वह बार्डर पर देश की रक्षा कर रही है जबकि महत्वपूर्ण पदों पर रहते अपने काम को बखूबी अंजाम दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने के लिये विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उप नगर आयुक्त व ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि हमें महिलाओं को पुरूषों से कम नहीं आंकना चाहिये। वह आज हर क्षेत्र में अपनी ताकत का अहसास करा रही है। उन्होंने कहा कि इस सब का प्रमाण देश के सर्वोच्च पद पर बैठी महिला है। इस दौरान कार्यालय में महिला कर्मियों व सभासदों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। जबकि चेयरमैन व ईओ ने पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह व शॉल उड़ाकर सम्मानित किया।

# बेस्ट क्राप सांइस के 11 रिएक्टर और बंद

## प्रदूषण फैलाने और नियम तोड़ने पर लगातार हो रही कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गैस रिसाव होने व

**■ शेष प्लांट भी शीघ्र किए जाएंगे बंद**

नियमों की अनदेखी करने के मामले में बेस्ट क्रॉप साइंस लिमिटेड कंपनी के प्रोडक्शन के 11 रिएक्टर और बंद कर दिए गए हैं। शेष रिएक्टरों को भी शीघ्र ही बंद किया जाएगा, क्योंकि उसमें अभी गैस भरी हुई है। गैस निकलने के बाद उन्हें भी बंद किया जाएगा। कंपनी की बिजली व पानी का कनेक्शन भी विभाग द्वारा पूर्व में ही काट दिया गया है।



मालूम हो कि 22 सितंबर की रात बेस्ट क्राप के गोदाम में रखे कैमिकल से गैस का रिसाव हो गया था। मोहल्ला तिगरिया भूड़, अल्लीपुर, नाईपुरा, मछली मंडी समेत कई मोहल्लों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। लोगों का दम तक घुटने लगा था। यहां तक कि अस्थमा के कई मरीज तो अस्पतालों तक में भर्ती हुए थे। रात को ही जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों ने कंपनी पहुंचकर मामले की जानकारी थी। अगले दिन प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने भी जायजा लिया था। उन्होंने अपनी रिपोर्ट लखनऊ में स्थित अपने हैड क्वार्टर भेजी थी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुख्य पर्यावरण अधिकारी राम गोपाल ने कंपनी को बंद करने के निर्देश दिए थे। जिसके चलते गुरुवार देर शाम अधिकारियों ने दस रिएक्टर बंद कराए थे तो वहीं मंगलवार को 10 और रिएक्टर बंद कराए गए। क्षेत्रीय प्रदुषण अधिकारी उमेश शुक्ला ने बताया कि अब तक कंपनी के 21 रिएक्टर बंद किए जा चुके हैं, शेष भी शीघ्र बंद कराए जाएंगे।

# महिलाएं सशक्त होकर बनें आर्थिक रूप से मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** विकास खंड सभागार कक्ष में मंगलवार को वंदना महिला संकुल स्तरीय संघ समिति अहरौला तेजवन की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ खण्ड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल द्वारा फीता काटकर

**■ वंदना महिला संघ समिति की बैठक आयोजित**

एवं मां सरस्वती के सम्मुख दीपोत्सव करके किया गया। बेस्ट कैडर के रूप मे अंशु शर्मा बैंक सखी एवं नीति समूह सखी को उपहार देकर सम्मानित किया गया । संजीव कुमार तुरेहा ने बताया कि ग्राम संगठन एवं सीएलएफ स्तर पर मिलकर आजीविका बढ़ाने हेतु बड़े कार्य प्रारंभ करें। बीएमएम कविता सिंह ने बताया कि, महिलाओं को सशक्त होने के लिए आर्थिक रूप से मजबूत होना पड़ेगा। खण्ड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल द्वारा बताया गया की सभी दीदियों को



आजीविका बढ़ाने हेतु लगातार प्रयासरत रहना चाहिए, जिससे निश्चित रूप से दीदियो को सफलता प्राप्त होंगी । इस अवसर पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक रंजना सैनी व कविता, ब्लॉक मिशन प्रबंधक सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन कविता सिंह ने किया।

**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम Ashfak पुत्र Islam था। अब मैंने अपना नाम परिवर्तित कर Ashafak पुत्र Islam Ahmad रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

# मंदिर में पुजारी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कंदरपुर में स्थित शिव मंदिर के पुजारी बाबा हृदय दास (55 वर्ष) की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना 28 सितम्बर की है। ग्राम कंदरपुर निवासी मोनू पुत्र भूदेव उर्फ छंगा नशे की हालत में मंदिर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। पुजारी हृदय दास ने जब उसे पकड़कर मंदिर से बाहर निकाला तो नाराज होकर मोनू ने लाठी से हमला कर दिया। इस हमले में बाबा हृदय दास के सिर पर गंभीर चोट आई और वह घायल होकर गिर पड़े। घायल पुजारी को तत्काल सीएचसी इस्लामनगर ले जाया गया, जहां हालत नाजुक देख उन्हें जिला अस्पताल बदायूं रेफर किया गया। इसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ भेजा गया। इलाज के दौरान 29 सितम्बर को अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में ही बाबा हृदय दास की मौत हो गई। मृतक का शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। मामले में नामजद आरोपी मोनू पुत्र भूदेव उर्फ छंगा को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त लाठी (आला कत्ल) भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपी मोनू की उम्र करीब 21 वर्ष बताई जा रही है। उसके खिलाफ धारा 302 प्ब्ब के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# खनन माफियाओं की प्रशासन को खुली चुनौती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** ग्राम गहलोल प्राकृतिक संसाधनों को गिद्ध की तरह नौच रहे खनन माफिया, खनन माफियाओं की प्रशासन को खुली चुनौती दिनदहाड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी से अवैध खनन माफिया खुद को "माफिया" लिखकर इंस्टाग्राम पर रील बनाकर कर रहे वायरल खनन माफिया सरकार को कर रहे है लाखों का राजस्व नुकसान, खेती की जमीन और पर्यावरण पर खतरा ग्रामीणों में आक्रोश प्रशासन बना मूकदर्शक वायरल वीडियो सहसवान कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गहलोल के जंगलों का बताया जा रहा है।

# इस्लामनगर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बृजेश कुमार के कुशल निर्देशन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बिल्सी के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत थाना इस्लामनगर पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। 30 सितम्बर 2025 को थाना इस्लामनगर क्षेत्र की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त आनन्द पुत्र पन्नू निवासी ग्राम करनपुर थाना उघैती उम्र लगभग 21 वर्ष को इस्लामनगर के बिसौली रोड स्थित बनखंडी-मन्दिर से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना उघैती पर मुकदमा दर्ज है। इस प्रकरण में पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है, जहां से उसे जेल भेजने की कार्रवाई होगी।

# मुख्यमंत्री के फोटो को एडिट करके सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

## बीजेपी कार्यकर्ताओं ने तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** सी एम योगी की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया अकाउंट पर स्टेट्स लगाने वाले युवक पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना उघैती क्षेत्र के गांव उघैती निवासी इदरीसी आलम ने अपने फेसबुक अकाउंट पर मुख्यमंत्री योगी की एडिट की हुई आपत्तिजनक फोटो अपने स्टेट्स पर लगाई। जिसके बाद बीजेपी कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ गया।बीजेपी नेता ठाकुर ललतेश सिंह ने शेयर किए हुए फोटो के स्क्रीनशॉट पुलिस को सौंपे और कार्यकर्ताओं के साथ तहरीर देकर पुलिस को मामले से अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की है। ललतेश सिंह ने बताया यह माहौल को बिगाड़ने का प्रयास है। मुख्यमंत्री जी का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इधर थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया प्रथम जांच में युवक दिल्ली में रह कर टेलर का कार्य करता है। जल्द ही मामले में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# स्वच्छता अभियान का किया आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** तत्वावधान में जिलाधिकारी अध्यक्ष जिला गंगा समिति एवं प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग निधि चौहान तथा डीपीओ जिला गंगा समिति अनुज प्रताप सिंह के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आर.टी.एम. सोसायटी फॉर सोशल डेवलपमेंट के सहयोग से विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का आयोजन गंगा और उनकी सहायक नदियों के प्रति स्वछता बनाये रखने के उद्देश्य से स्कूली छात्र छात्राओं के बीच विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से आयोजित कराया जा रहा है इसी क्रम मे आज फ्यूचर लीडर स्कूल, बिल्सी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्रयों को गंगा स्वछता की शपथ दिलाई गयी एवं स्वछता के प्रति जागरूक तथा गंगा व उनकी सहायक नदियों के बारे मे अवगत कराया गया इस अवसर पर आर.टी.एम. सोसायटी की डायरेक्टर रिदा तनवीर, रफत जी एवं अबीर खान,अहमद रजा फराजी की सक्रिय उपस्थिति रही कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक विश्व प्रताप सिंह, एम.डी. राहुल कुमार सिंह प्रिंसिपल रविंद्र पाल सिंह एवं संपूर्ण विद्यालय स्टाफ ने सहभागिता की और सभी ने मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता के महत्व और गंगा संरक्षण का संकल्प दिलाया गया, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# बेरोजगार युवा उठाएं खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी नवीन चन्द्र आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन 03 व 04 अक्टूबर 2025 को ग्राम व न्याय पंचायत अहिरवारा विकास खण्ड उझानी में शरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर मे सूक्ष्म उद्योग जैसे-पापड, अचार, कचरी, मसाला, आटा चक्की, पास्ता आदि उद्योग लगाने हेतु प्रेरित किया जायेगा। इसमे बेरोजगार युवक-युवतियो को खाद्य प्रंसस्करण इकाई घरेलु स्तर से लगाकर अपना स्वंय का रोजगार कर सकते हैं, जिसमे सरकार की तरफ से योजना लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम 01 लाख रुपए मशीन व उपकरण मद मे अनुदान प्रदान किया जायेगा।

# श्री कालसेन बाबा इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई श्री दुर्गाष्टमी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** श्री कालसेन बाबा इंटर कालेज में माता दुर्गाष्टमी एवं महानवमी धूमधाम से मनाई गई छात्र छात्राओं ने सुंदर झांकियां बनाकर कार्यक्रम प्रस्तुत किए सर्वप्रथम कॉलेज के चेयरमैन महेश चंद्र सक्सेना ने आदिशक्ति मां दुर्गा एवम मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम में जूनियर वर्ग एवम प्राइमरी वर्ग के छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया इसमें नौ देवी की सुंदर सुंदर झाकियां एवं मां काली का अखाड़ा प्रस्तुत किया जिसमें मुख्य अतिथियों ने सभी झाकियों की प्रशंसा की एवं मां काली के अखाड़े को सबसे ज्यादा मनमोहक बताया कार्यक्रम में सभी ने पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया इसके बाद डायरेक्टर शेखर सक्सेना ने छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए इस मौके पर कॉलेज के एम डी आशीष सक्सेना ने सभी विद्यार्थियों को नवरात्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी सभी कार्यक्रम अंबिका चौहान एवम सोनम के नेतृत्व में सम्पन्न हुए ।

इस मौके पर प्रधानाचार्या शिल्पी सक्सेना ,वाइस प्रिंसिपल ओमकिशन शर्मा , एडमिनिस्ट्रेटर जे पी सिंह दिनेश माथुर प्री प्राइमरी कॉर्डिनेटर अम्बिका,प्राइमरी कॉर्डिनेटर उमेश गुप्ता ,जूनियर कॉर्डिनेटर चेतन वार्ष्णेय, गौरव श्रीवास्तव ,पूजा , अंशिका राठौर अंजली राठौर सदफ सिद्धार्थ,कमल अनवी सक्सेना,सारांश सक्सेना,सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## एक नजर

### 12 अक्टूबर को 18 परीक्षा केन्द्रों पर होगी पीसीएस की परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा०) परीक्षा- 2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा०) परीक्षा-2025 आगामी 12 अक्टूबर 2025 को जनपद बदायूँ में 18 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में सम्पन्न होगी, प्रथम पाली प्रात: 09:30 बजे से 11:30 बजे तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे तक होगी। डीएम ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी 18 परीक्षा केन्द्रों पर एक-एक केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती की है, साथ ही प्रत्येक केन्द्र के लिए एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। परीक्षा को सकुशल रूप से कराने के लिए 18 सैक्टर व 7 जोन बनाए गए हैं, सभी पर एक-एक मजिस्ट्रेट को नामित किया है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 384 कुल 6912 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त 04 सैक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट रिवर्ज में रखें गए हैं। परीक्षा के दौरान सभी रिजर्व मजिस्ट्रेट को कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** 30 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2025 तक सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद में 09 मंदिरों व शक्तिपीठों में मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की व्यवस्था पूर्ण कराने के लिए सम्बंधित उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को नामित किया गया है। उन्होने बताया कि शक्ति पीठ नगला मन्दिर, ककोडा देवी मन्दिर, शिव शक्ति भवन बिल्सी, गवां देवत मन्दिर बिसौली, दुर्गा मंदिर (अस्टल मंदिर) नगर पालिका परिषद दातागंज, मंगला माता मन्दिर वजीरगंज, देवी मंदिर कश्यप बस्ती, ग्याऊँ, देवी मंदिर महादेव करवा इस्लामनगर, भोलेबाबा देवी मन्दिर में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं जनपद में विज्ञापन व खबरों के लिए निम्न नम्बरों पर करें सम्पर्क**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित | संवाददाता | आसफपुर | 7830155078 |
| आतिफ निसार | संवाददाता | सहसवान | 8954188786 |
| रजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नहीम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित कुमार गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |
| अजीत कुमार शर्मा | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9259362222 |
| श्याम सिंह | संवाददाता | फैजगंजबेहटा | 74649466 37 |


# डीएम के आदेश पर अवैध अस्पताल किया सील




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी में अवैध रूप से संचालित अस्पताल को डीएम से शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया। मुकदमा दर्ज करने की तैयारी चल रही है। सोमवार को डीएम अवनीश कुमार राय के आदेश पर सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने टीम गठित की। टीम में जिला पंजीकरण सेल अधिकारी डॉ. पवन कुमार जायसी उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मोहम्मद असलम प्रभारी सीएचसी जगत, लिपिक पारस आदि ने शहर के खेड़ा नवादा-श्याम नगर मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने संचालित सायरा अस्पताल पर छापा मारा। अस्पताल मौके पर संचालित मिला, लेकिन मौके पर स्टाफ तथा संचालक नहीं मिले। जिसके बाद संचालक मोहम्मद जीशान को बुलाकर दस्तावेज मांगे गए, दस्तावेज के बारे में संचालक जीशान ने बताया कि उसने रजिस्ट्रेशन को आवेदन किया है। अभी रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ। अवैध रूप से अस्पताल संचालित था। पता चला कि संचालक ने रजिस्ट्रेशन को जो आवेदन किया है वह डॉ. अंकित पुरोहित के दस्तावेजों पर किया है। जबकि डॉ. पुरोहित का आरोप है कि उन्होंने दस्तावेज दिये ही नहीं हैं कहीं से चुपचाप दस्तावेज हासिल कर उनके नाम पर अस्पताल चलाया जा रहा है। टीम ने पुलिस बुलाई और अस्पताल सील कर दिया है। अस्पताल सील होने की कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। कई झोलाछाप क्लीनिक बंद कर खिसक गए। सूत्रों की माने तो डॉ. अंकित पुरोहित स्वयं भी इसी अस्पताल में ओपीडी में मरीज देखते थे। डीएम से एक डाक्टर ने शिकायत की थी जिसने आरोप लगाया था कि बिना अनुमति के उसके दस्तावेज के अस्पताल चलाया जा रहा है। डीएम के आदेश पर छापामारी कर अस्पताल सील कर दिया है। मुकदमा भी दर्ज कराया जायेगा।

# सेवा अर्पण फाउंडेशन ने चलाया साइबर सुरक्षा अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सेवा अर्पण फाउंडेशन द्वारा बिसौली एवं कस्बा मुंडिया धुरेकी में साइबर सुरक्षा व स्वच्छता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें फाउंडेशन के सदस्यों एवं कोचिंग के छात्र - छात्राओं ने साइबर क्राइम के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस दौरान मोहित कुमार ने लोगों को बताया कि कैसे साइबर ठग लिंक भेजकर या गलत फाइल भेजकर आपको डिजिटल अरेस्ट कर सकते हैं या आपके साथ डिजिटली फ्रॉड कर सकते हैं। इधर स्वच्छ भारत अभियान के तहत मुख्य चौक चौराहों से लेकर गली मोहल्ले में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि व्यक्तिगत स्वच्छता, घरेलू स्वच्छता, खाद्य स्वच्छता, पर्यावरणीय स्वच्छता, मानसिक स्वच्छता, सामाजिक स्वच्छता कर श्रमदान करें। मोहित कुमार ने बताया कि सेवा अर्पण फाउंडेशन भारत के विभिन्न स्थानों पर शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, महिला उत्थान व सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवाभाव से कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में मोहित कुमार, अनुभव शर्मा, सुमित पाठक, अभिषेक शर्मा, रविन्द्र यादव, आदेश कुमार, सतेंद्र सिंह आदि सदस्यों ने प्रतिभाग किया

# छात्राएं सोशल मीडिया चलाते समय बरते हैं सावधानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के तहत छात्राओं को जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को हर स्तर पर सुरक्षित स्वावलंबी एवं जागरूक बनाना है। महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समस्या या असुविधा की स्थिति में उन्हें तुरंत वूमेन पावर लाइन न. 1090, महिला हेल्प लाइन न. 181, पुलिस आपातकालीन सेवा न. 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दें। महिला हेड कांस्टेबल प्रियंका ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजना विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित आदि योजनाओं से अवगत कराते हुए जागरूक किया। इस दौरान स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# 29 नवम्बर तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी रहेगी धारा 163

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अरुण कुमार ने बताया कि माह अक्टूबर 2025 से नवम्बर 2025 में दशहरा, महर्षि वाल्मीकि जयंती, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, छठ पूजा, सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं आचार्य नरेन्द्र देव जयंती आदि के त्यौहार मनाये जाने है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा०) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा०) परीक्षा-2025 भी प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के परिपेक्ष्य में यह संम्भव है कि कतिपय अराजक समाज विरोधी, शरारती, सम्प्रदायिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के तत्व समाज में साम्प्रदायिक, जातिगत, वर्गगत, विद्वेष तथा अफवाहें फैलाकर सामाजिक समरसता, सदभाव व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बिगाड़ने का सुनियोजित प्रयास कर सकते है, जिसके कारण लोकशान्ति भंग होने की प्रबल संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसके दृष्टिगत सम्पूर्ण जनपद में 01 अक्टूबर से 29 नवम्बर 2025 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अधीन (पुरानी सी.आर.पी.सी. 1973 की धारा 144) प्रभावी रहेगी। इस आदेश की अवहेलना भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

# रामशरण वैद्य इंटर कॉलेज में छात्रा आध्या मिश्रा बनी प्रधानाचार्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत मंगलवार को मई-बसई स्थित रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा आध्या मिश्रा को एक दिन का सांकेतिक प्रधानाचार्य पद का दायित्व दिया गया। आध्या मिश्रा ने विद्यालय की प्रार्थना से लेकर अंतिम वादन तक प्रधानाचार्य की भूमिका बखूबी निभाई। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण भी किया। प्रभारी प्रधानाचार्य रामाधार शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बेटियों को सशक्त बनाना है। प्रधानाचार्य ने छात्रा को एक दिन का प्रधानाचार्य बनने पर बधाई दी। छात्रा आध्या मिश्रा ने कहा कि किसी पद पर बैठने के बाद ही जिम्मेदारी का एहसास होता है और जिम्मेदारी निभाने के लिए तमाम तरह की परेशानियों से गुजरना पड़ता है। इस अवसर पर सुधाकर शर्मा, हरदीप सिंह, मनोज कुमार, विपिन शर्मा, प्रकाशवीर, राकेश कुमार शर्मा, रऊफ अहमद, आनन्द सिंह, कामेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, विषवेश पाठक, रेनू, शिवानी, साक्षी, अमित पाराशरी, आशीष आदि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को मिली आत्मरक्षा व सुरक्षा की सीख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मिशन शक्ति 5 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर कोतवाली क्षेत्र की ज़दीद चौकी क्षेत्र स्थित श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्राओं को न केवल आत्मरक्षा के तरीके सिखाए बल्कि उन्हें महिला सुरक्षा, कानून की जानकारी, सरकारी योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों और साइबर अपराध से बचाव के बारे में भी विस्तार से बताया। अधिकारियों ने कहा कि आज के समय में हर महिला और छात्रा को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने की आवश्यकता है, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें। साथ ही पिंक बूथ और महिला बीट कांस्टेबल की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई, जिससे महिलाएँ अपनी समस्याएँ सीधे साझा कर सकती हैं। आजकल बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए छात्राओं को विशेष रूप से समझाया गया।

# सागौन के पेड़ चोरी करने वाला गिरफ्तार

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने सागौन के पेड़ो की चोरी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि सिम्भावली थाना क्षेत्र के गांव ढाना निवासी रोहित सिंह द्वारा थाने पर शिकायती पत्र देते हुए बताया गया था कि गत 10 फरवरी की रात्रि में कृषि फार्म में लगे सागौन के दो पेड़ अज्ञात चोर काटकर चोरी कर फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि संबंधित मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस आरोपीयों की तलाश में जुट गई थी।

# श्री वेंक्टेश्वरा के नवरात्र महोत्सव में डांडिया की रही धूम

## पूजा पंडाल में गूंजे माता दुर्गे के भजन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के दुर्गा पंडाल में आयोजित नवरात्रि डाँडिया एवं गरबा सेलीब्रेशन-2025 का शुभारम्भ प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव प्रो.पीयूष कुमार पाण्डेय, मुख्य पुरोहित आचार्य पं0रामनिवास शास्त्री आदि ने माँ दुर्गा एवं सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष आरती करके एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया। इसके बाद सर्वप्रथम घर में पधारे गजानन जी, गणेश वन्दना से कार्यक्रम शुरू हुआ, तो फिर ढोली तारो ढोल बाजे, चौगाडा तारो, ढोलीडा ढोलीडा, राम चाहे लीला चाहे, लीला चाहे राम जैसे धार्मिक फिल्मी गीतो पर डाँडिया स्टिक लेकर जमकर नृत्य किया। वेंक्टेश्वरा समूह के



संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि नवरात्रि उत्सव में डाँडिया एवं गरबा नृत्य न सिर्फ हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है, बल्कि यह मातृशक्ति सम्मान एवं बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने कहा कि भारतीय परम्परा में सदियो से मातृशक्ति पूज्यनीय रही है एवं अनन्तकाल तक रहेगी। मातृशक्ति के बिना सृष्ठि का कोई बजूद ही नहीं है।

# भीड़ जुटाकर रसूख दिखाना चाह रहा था तौकीर रजा

■ पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम ने खोले बड़े राज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा नमाज के बाद भीड़ जुटाकर रसूख दिखाना चाह रहा था। मौलाना के बेहद खास पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम खां ने पुलिस को बताया कि मौलाना बरेली में डेढ़ साल से अपने बूते भीड़ नहीं जुटा पाने से चिंतित था। वह मजहब की आड़ में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुसलमानों के बीच पैठ बनाकर उनका रहनुमा बनना चाहता था।

इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां शुक्रवार की नमाज के बाद इस्लामिया मैदान में बड़ी संख्या में भीड़ जुटाकर अपना रसूख दिखाना चाह रहा था।

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस रहे राजनीतिक दलों को भी अपना दमखम दिखाना था। पूछताछ में आईएमसी के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम खां ने पुलिस को यह जानकारी दी। नदीम खां ने पुलिस को



बताया कि डेढ़ साल से मौलाना तौकीर अपने बूते बरेली में बड़ी संख्या में भीड़ नहीं जुटा पाया था। मौलाना की फितरत के अनुसार एक अरसे से बरेली में कुछ हो भी नहीं रहा था।

इस वजह से वह अपने रसूख को लेकर फिक्रमंद रहने लगा था। आई लव मोहम्मद का संवेदनशील मसला कानपुर से उठा तो मौलाना को लगा कि मजहब की आड़ में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुसलमानों के बीच पैठ बनाकर वह उनका रहनुमा बन सकता है। साथ ही, 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों को भी अपने सियासी रसूख का अहसास करा सकता है।

खुद को मुस्लिमों का रहनुमा बताकर ही तौकीर समय-समय पर कांग्रेस, सपा और बसपा के करीब रहा है। बरेली से बड़ा संदेश देने और सियासी रसूख के चक्कर में ही उसने बवाल की साजिश रच डाली। अगर मौलाना अपनी मंशा में कामयाब हो जाता तो एक बार फिर नौ फरवरी 2024 की तरह ही उसकी तकरीर भड़काऊ होती।

## भीड़ को भड़काने के लिए जारी की थी फर्जी अपील

आईएमसी का पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम खां जेल जाने से पहले कई राज उगल गया। उसने प्रदर्शन के दिन की गई खुराफात की असलियत बता दी। ये भी बताया कि प्रदेश मीडिया प्रभारी लियाकत खां के फर्जी हस्ताक्षर उसने और नफीस ने तीसरे शख्स से कराकर पुलिस को पत्र सौंप दिया था।

एसएसपी अनुराग आर्य के मुताबिक, पूछताछ में नदीम ने बताया कि रात में पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों से उसने व नफीस ने बात की थी। इसके बाद फोन कॉल पर मौलाना तौकीर से रायशुमारी के बाद ही कार्यक्रम स्थगित करने की बात लिखकर दी थी। जब यही पत्र उनकी पार्टी के ग्रुप में आया तो मौलाना ने लियाकत खां के नाम व मौजूदगी पर ऐतराज जता दिया। तब उसने और प्रवक्ता डॉ. नफीस ने पत्र को डिलीट करके फर्जी करार दे दिया। सुबह मौलाना ने पत्र फर्जी होने की बात का वीडियो वायरल कर इस पर मुहर लगा दी।

नदीम बवाल का एक अहम आरोपी है। उससे पूछताछ में पुलिस को अहम जानकारियां मिली हैं। पूछताछ में सामने आए तथ्य अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और दर्ज मुकदमों की विवेचना में काफी मददगार साबित होंगे।

**अनुराग आर्य, एसएसपी**

# बीडीसी चुनाव की रंजिश में युवक व उसकी पत्नी से मारपीट

■ पुलिस ने चार लोगों पर दर्ज किया मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** एक युवक ने अपने गांव के लोगों पर बीडीसी चुनाव की रंजिश में मारपीट करने का आरोप लगाया है। जब उसकी पति उसे बचाने पहुंची तो उक्त लोगों ने उसकी पत्नी को भी मारा पीटा। चीख पुकार होने पर लोगों को आता देख उक्त लोग भाग गए।

ग्राम जसाई नागर निवासी पप्पू सिंह पुत्र मेवाराम का कहना है कि 24 सितम्बर की रात करीब 8:00 बजे गांव में वह पोथीराम के घर के सामने चौराहे पर बैठा था। आरोप है कि बीडीसी के चुनाव को लेकर मनोज पुत्र सोमपाल, अमित पुत्र राजपाल, रजनीश पुत्र राजपाल, चमन पुत्र सोमपाल निवासी जसाई नागर थाना बहेड़ी उसके साथ गाली गलौज करने लगे।

विरोध करने पर उक्त लोग घर से लाठी डंडे ले आये, और उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान जब उसकी पत्नी उसे बचाने आयी तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गये, जिसपर उक्त सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। घटना के बाद युवक ने मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

# बीओबी के लिपिक पर आधा दर्जन बदमाशों ने किया जानलेवा हमला

■ बाइक सहित एक बदमाश गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** बैंक के कार्य से बीसी से मिलने बाइक से जा रहे लिपिक को रास्ते में आधा दर्जन बाइक सवार बदमाशों ने घेरकर मारपीट की। चीख पुकार सुनकर मेडिकल स्टोर के स्टॉफ ने लिपिक को हमलावरों से बचाकर एक बदमाश को बाइक सहित पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने पीड़ित लिपिक की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर फरार हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

## बदमाशों के हमले से बैंक कर्मचारियों में दहशत

मुख्य सड़क पर बैंक कर्मचारी पर जानलेवा हमला होने से अब बैंक कर्मचारियों के दहशत का माहौल है। बदमाशों ने बाइक की नम्बर प्लेट पर पीछे से टेप लगाकर घटना को अंजाम देना किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा कर रहा है। बदमाशों ने बड़े ही सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाने का काम किया है। हालांकि पुलिस बाकी फरार बदमाशों की तलाश में जुटी है, जिनके पकड़े जाने के बाद जानलेवा हमले के असली मकसद का पता चल सकेगा। बीओबी में तैनात लिपिक का व्यवहार भी अच्छा है। अभी तक किसी भी बैंक ग्राहक ने लिपिक की कार्यप्रणाली पर सवाल नहीं उठाया है।

बताते चलें कि बैंक ऑफ बड़ौदा शीशगढ़ की शाखा पर तैनात जनपद मुरादाबाद के ग्राम मथाना थाना छजलेट निवासी छत्रपाल सिंह पुत्र पूरन सिंह लिपिक के पद पर तैनात हैं। वह सोमवार शाम लगभग 4.40 बजे बाइक से बैंक कार्य से बीसी अवनीश कुमार से मिलने जा रहे थे कि शीशगढ़ में गांधी मेडिकल स्टोर के सामने तीन बाइकों पर सवार आधा दर्जन बदमाशों ने उनकी बाइक रुकबा कर जानलेवा हमला कर दिया। लात घूंसों से पीटने लगे। वह भागकर मेडिकल स्टोर में घुस गए और मदद की गुहार लगाई। मेडिकल स्टॉफ की मदद से एक हमलावर विजय सिंह पुत्र शहजादे निवासी ग्राम पहाड़पुर थाना शेरगढ़ को एक बाइक सहित पकड़कर पुलिस को सौंप दिया हैं। बाइक की नम्बर प्लेट को हमलावरो ने काला टेप लगाकर छुपाया गया था। पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल को भेज दिया है। अन्य हमलावरों की तलाश जारी है।

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने बंगाली समुदाय से किया जनसंवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने बहेड़ी के ग्रामीण आंचल में तूफानी दौरा कर ग्रामीणों से जन संवाद किया, और उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया। इस दौरान उन्होंने बंगाली समुदाय के लोगों से भी बातचीत की, और उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

जितिन प्रसाद ने बंगाली समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए रविंद्र नाथ टैगोर का जिक्र किया, और बताया कि उनकी दादी भी बंगाल से थीं। उन्होंने जीएसटी को कम करने से होने वाले फायदे बताए और युवाओं से कहा कि वे कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रमों में लगें ताकि उन्हें रोजगार के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि देश लगातार तरक्की के पायदान पर चल रहा है, जिसमें युवाओं का बहुत बड़ा योगदान है। बंगाली समुदाय के लोगों से कहा कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, और तकनीक के क्षेत्र में उन्हें भेजें ताकि देश में उनकी भी योगदान की भागीदारी बराबर की हो। जितिन प्रसाद ने नगर के माथुर रोड बाजार में व्यापारियों से जीएसटी कम होने को लेकर चर्चा की।



उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र की सरकार आम आदमी की भी पूरी फिक्र करती है। जीएसटी की दरें घटाकर आम आदमी को राहत पहुंचाई है।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पति अजय जायसवाल, ओमवीर सिंह, महेश शर्मा, सरदार मेजर सिंह, सरदार सतनाम सिंह, राहुल गुप्ता, सुनील गंगवार, सुनील रस्तोगी, चिंतामणि राठौर, गौरव मित्तल, रवि मल्होत्रा, सुनील रस्तोगी, शिव कुमार, अंकित गुप्ता, नईम नेता जी आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता को मारपीट कर तीन तलाक देकर घर से निकाला

■ पुलिस ने दहेज लोभी पति पर दर्ज किया मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** एक विवाहिता को दहेजलोभी पति ने मारपीट कर तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर उसपर कार्यवाही की मांग की। जिसपर पुलिस ने पति पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली देवरनियां के गांव गिरधरपुर निवासी चमन आरा ने कोतवाली देवरनियां पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता व भाईयों ने उसकी शादी लगभग साढ़े छह वर्ष पूर्व थाना बहेड़ी के जोखनपुर निवासी तनवीर अहमद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार की थी, जिसमें उसके पिता व भाईयों ने 11 लाख रुपए खर्च किए थे। विवाहिता ने बताया कि शादी के एक साल तक तो सबकुछ ठीक-ठाक चलता रहा, मगर एक साल के बाद उसका पति दहेज के रूप में बुलेट मोटरसाइकिल और देढ़ लाख रुपए नकद की मांग करने लगा। आरोप है कि विवाहिता के असमर्था जताने पर उसका पति बौखला गया, और उसके साथ रोजाना मारपीट करता रहा। विवाहिता अपने माता-पिता और भाईयों की इज्जत और अपना घर बनाने के लिए पांच साल तक उसका जुल्म सहती रही, और खामो. ेश रही। विवाहिता ने बताया कि बीती 27 सितंबर को एक बजे उसके पति ने मारपीट कर तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया। आरोप है कि जब विवाहिता अपने मायके गांव गिरधरपुर आ रही थी तो आरोपी पति ने उसे रास्ते में घेरकर दोबारा फिर अपने घर ले गया, और बोला कि अभी तो तीन तलाक दी है, तुझे जान से मारना है।

विवाहिता ने किसी तरह घटना की सूचना अपने मायके में दी, जिसपर उसका भाई चन्द भले लोगों के सहयोग से अपने घर ले आया। विवाहिता के दो बच्चे एक लड़का और एक लड़की है। विवाहिता की तहरीर के आधार पर देवरनियां पुलिस ने आरोपी तनवीर अहमद पुत्र मो० यूनुस निवासी ग्राम जोखनपुर थाना बहेड़ी के खिलाफ दहेज व तीन तलाक समेत संगीन धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है और आरोपी की तलाश कर रही है। देवरनियां पुलिस ने पीड़िता को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं ने देवरनियां कोतवाली का किया भ्रमण



शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** मंगलवार को ब्लॉक दमखोदा के कंपोजिट विद्यालय अभयपुर की छात्राओं ने प्रधानाध्यापक विनोद कुमार वर्मा के निर्देशन में मिशन शक्ति-5 कार्यक्रम के तहत कोतवाली देवर. नियां में जाकर कार्य विधि को देखा।

वहां कोतवाली में जनसुवाई के दौरान उपजिलाधिकारी इशिता किशोर ने छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में बताया, वहां उपस्थित उपनिरीक्षक अन्नू पवार ने टोल फ्री नंबर, महिलाओं पर होने वाले अपराध, शक्ति करण, 112 डायल, 1090, 1076, 108, 102, 181 के बारे में बताया, बच्चियों ने प्रशन पूछे। पूरी कार्य विधि के दौरान बच्चे बहुत खुश थे। सुगम करता के रूप में निशु गव्याल और प्रतिभा गंगवार ने बच्चों का मार्गदर्शन किया।

# उपद्रवियों को मिलेगी कड़ी सजा, बेगुनाहों पर नहीं होगी कार्रवाई: डीएम

■ बरेली की शांति व्यवस्था पर नहीं आने दी जाएगी आंच, बना रहेगा कानून का राज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिले में हाल ही में हुए घटनाक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। डीएम अविनाश सिंह ने स्पष्ट किया है कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी, लेकिन जो लोग माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

डीएम ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बरेली की फिजा को किसी भी हाल में खराब नहीं होने दिया जाएगा। जनपद के



नागरिक संयम रखें, कानून का पालन करें और किसी अफवाह या भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति स्पष्ट है-अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और निर्दोष को छुआ भी नहीं जाएगा।

डीएम अविनाश सिंह ने दो टूक कहा कि शहर की गंगा-जमुनी तहजीब को खराब करने वालों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जायेगा। कुछ असामाजिक तत्व लगातार माहौल को खराब करने की साजिश कर रहे हैं, विशेष रूप से नाबालिग बच्चों को बरगलाकर उन्हें पत्थर, असलाह और हथियार थमाने का प्रयास किया गया है, जिसे प्रशासन गंभीरता से ले रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है, जो पर्दे के पीछे से बच्चों को उकसाते हैं और खुद सुरक्षित रहते हैं। अब ऐसे किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। कुछ इलाकों में हुई कार्रवाई पर डीएम ने स्पष्ट किया कि जो भी गिरफ्तारियां हो रही हैं, अवैध निर्माण चिन्हित और सील किये जा रहे हैं। वह वीडियो फुटेज, डिजिटल सबूत और पुख्ता जांच के आधार पर ही की जा रही हैं। किसी को केवल शक के आधार पर नहीं उठाया जा रहा। पूरी प्रक्रिया को लेकर पारदर्शिता बरती जा रही है। यदि किसी व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो उससे केवल पूछताछ की जाएगी, लेकिन साक्ष्य के बिना किसी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही नहीं होगी।

डीएम ने बरेली की जनता से शांति और सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनपद में अमन और सौहार्द की मिसाल रही है। आज भी आवश्यकता है कि हम सब मिलकर ऐसे तत्वों को नाकाम करें जो हमारी एकता को तोड़ना चाहते हैं, और सौहार्द के वातावरण का बिगाड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी को कोई गलत सूचना मिले या कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे, तो सीधे प्रशासन या पुलिस को सूचित करें, न कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाएं।

# बरेली बवाल: सपा पार्षद का चार्जिंग स्टेशन किया धराशायी

■ तौकीर के करीबी का बरातघर सील, रिश्तेदार हिरासत में



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बवाल के मामले में मंगलवार को बीडीए और नगर निगम की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। शहर के बानखाना में सपा पार्षद उमान रजा के अवैध चार्जिंग स्टेशन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। उधर, नरियावल में मौलाना तौकीर के करीबी शराफत का बरात घर सील किया गया है।

बवाल की साजिश रचने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबियों और रिश्तेदारों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मंगलवार को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बानखाना मोहल्ले में बड़ी कार्रवाई की। यहां सपा पार्षद उमान रजा के दो अवैध चार्जिंग स्टेशन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। बताया गया कि चार्जिंग स्टेशन नगर निगम की जमीन और नाले पर बनाए गए थे। पार्षद उमान का तीसरा चार्जिंग स्टेशन विद्युत चोरी से संचालित होता पाया गया। इस पर भी कार्रवाई की गई है। मौलाना तौकीर रजा के रिश्तेदार मोहसिन रजा खान और उसके भाई को हिरासत में लिया गया है। मोहसिन रजा मननानी मियां का दामाद है। मोहसिन के घर पर कार्रवाई करने के लिए बीडीए और नगर निगम की टीम पहुंची थी। इस दौरान मोहसिन रजा की अफसरों से तीखी नोकझोंक हो गई। मोहसिन ने आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष पर आरोप लगाया और कहा कि यह मामला सिर्फ राजनीतिक है। वह 2005 में आईएमसी छोड़ चुके हैं। तौकीर रजा से कोई वास्ता भी नहीं है।

## तौकीर से कोई वास्ता नहीं: मोहसिन

मोहसिन ने कहा कि तौकीर रजा से उसका कोई वास्ता नहीं है। यह सब भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष के कहने पर हो रहा है। उन्होंने पहले भी उन पर गौकशी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मोहसिन के पिता ने कोर्ट का स्टे ऑर्डर दिखाया तो टीम ने कार्रवाई रोकी। वहीं मोहसिन रजा और उसके भाई को हिरासत में ले लिया गया है। मोहसिन रजा के घर के सामने ही नाले पर अवैध चार्जिंग स्टेशन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।

## तौकीर के करीबी शराफत का बरात घर सील

बीडीए की टीम ने शाहजहांपुर रोड स्थित नरियावल में हमसफर बरात घर को सील कर दिया है। ये बरात घर शराफत का है, जो शहर के सूफी टोला का निवासी है और मौलाना तौकीर रजा का बेहद करीबी बताया जाता है। बीडीए की टीम मंगलवार को भारी पुलिस बल के साथ हमसफर बरात घर पहुंची और सीलिंग की कार्रवाई की। टीम ने नोटिस चस्पा किया है, जिसके मुताबिक अवैध तरीके से निर्माण करने पर यह कार्रवाई की गई है।

# तहसीलदार ने नोटिस जारी कर किया जवाब-तलब

■ दैनिक शाह टाइम्स में खबर प्रकाशित होने के बाद जागा तहसील प्रशासन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** दैनिक शाह टाइम्स में खबर प्रकाशित होने के बाद तहसील प्रशासन की नींद टूट गई, जिसके चलते तबादला, सेवानिवृत होने के बाद भी लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर पर जमे कर्मचारियों को तहसीलदार ने नोटिस जारी कर उनका जवाब तलब किया है।

कस्बे के एक व्यक्ति द्वारा आला अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर तबादला होने के साथ ही सेवानिवृत होने के बाद भी लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर पर बने सरकारी आवासों पर कब्जा जमाने की शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी। शिकायत को दैनिक समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।

समाचार प्रकाशित होने के बाद तहसील प्रशासन की नींद टूटी। जिसके चलते तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने सेवानिवृत संग्रह अमीन राम प्रसाद, सदर तहसील को स्थानांतरित किए गए लेखपाल धर्मेन्द्र कुमार, नायब तहसीलदार के लिए बने आवास में रह रही लेखपाल मनोरमा, संग्रह अनुसेवक चुन्नी लाल, लाला राम के साथ ही ब्रजेश कुमारी को नोटिस जारी करते हुए इनका जवाब तलब किया है।

## एक नजर

# उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालय से हजारों का सामान चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** ग्राम लखा स्थित उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालय के ताले काटकर अज्ञात चोर हजारों का सामान चोरी कर फरार हो गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पुलिस से शिकायत की है। प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार ने पुलिस को बताया कि चोर उच्च प्राथमिक विद्यालय की जाली को काटकर ऑफिस से दो बैट्री, एक स्टेव लाइजर पांच किलो वाट तथा प्राथमिक विद्यालय की रसोई के ताले काटकर रसोई से गैस सिलेंडर, स्मार्ट कक्षा से 44 इंच एलईडी (स्मार्ट टीवी )रिमोट, एक स्टेव लाइजर तीन किलो वाट आदि चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी आज मंगलवार को विद्यालय पहुंचने पर हुई।

# मेले गई लड़की के साथ युवक ने की मारपीट

पुलिस ने युवक व उसके साथियों पर दर्ज किया मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** मेला देखने गई एक किशोरी के साथ पड़ोस के युवक ने अपने साथियों के साथ रंजिशन गाली गलौज करते हुए मारपीट की। घटना को अंजाम देने के बाद युवक ने धमकी दी कि अगर कहीं शिकायत की तो इसका अंजाम अच्छा नहीं होगा।

नगर के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी द्रोपदी पत्नी महेन्द्र पाल का कहना है कि उसके परिवार का पड़ोस के दिनेश पुत्र अमर सिंह से कई वर्ष पूर्व विवाद हो गया था। विवाद के बाद वह उससे व उसके परिवार से रंजिश रखने लगा। बीती 25 सितम्बर को उसकी पुत्री अपने दोस्तों के साथ मेले में रामल. ीला देखने गई थी। जब इस बात का पता दिनेश को चला तो वह अपने साथ के लड़कों विक्की पुत्र वेद प्रकाश, नीरज पुत्र हरिशंकर कुमार, विशाल पुत्र वेद प्रकाश को लेकर मेले में पहुंच गया, और उसकी पुत्री को घेर लिया। इसके बाद उक्त युवक व उसके साथियों ने पुत्री के साथ गए कार्तिक, मयंक, प्यूश व आदित्य के साथ गाली-गलौज की। मना करने पर उक्त लोगों ने उसकी पुत्री को बुरी तरह मारा पीटा। शोर शराबा होने पर उक्त युवक व उसके साथी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपी दिनेश, विक्की, नीरज, विशाल पुत्र वेद प्रकाश निवासी मोहल्ला कानूनगोयान थाना बहेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# शायर, सहाफी व वक्ता अजीज कुरैशी को किया याद

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** तीस बरस पहले इस दुनिया ए फानी को अलविदा कहने वाले शायर व पत्रकार अजीज कुरैशी को याद किया गया। एम इश्तियाक खान ने कहा कि अजीज कुरैशी बेहद जहीन और उम्दा खयाल के शायर थे, उनके चले जाने से कितने ही कलम जंक आलूदा हो गए। शायर अकील नोमानी रामपुरी ने उन्हें बेहतरीन शायर और कलम का लाजवाब सिपाही बताते हुए कहा कि उनकी सोच आम शायर और पत्रकारों से अलग थी। शाह टाइम संवाददाता और बज्म ए इरफान ए



अदब के सद्र शायर खान सरफराज ने मरहूम को खिराज ए तहसीन पेश करते हुए कहा कि अजीज कुरैशी के बाद से उनके जहन की उड़ान को ग्रहण लग गया। सेथल नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू ने उन्हें कलम का जंगजू सिपाही बताते हुए उन्हें खिराज ए अकीदत पेश की। इसके अलावा शायर बुन्दन खां नूर ने अजीज कुरैशी द्वारा रचित यह शेर शाह टाइम की नज्र किया। 'दरवाजे ही दरवाजे हैं जंजीर नहीं है, इस शहर में अब कोई जहांगीर नहीं है'। 'तू जिल्ले इलाही है फकत जिल्ले इलाही, तू कुछ भी सही कातिब ए तकदीर नहीं है'। शायर हनीफ साहिल, मिर्जा मोहम्मद रफी, शकील सलमानी, रईस हैदरी, रईस कुरैशी, तनवीर हसन आदि ने भी उन्हें कलम का योद्धा बताते हुए खिराज ए अकीदत पेश की।

# एक अक्टूबर की जगह अब तीन अक्टूबर से होगी धान की खरीद एसडीएम ने देखी व्यवस्थाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** सरकार ने जहां धान खरीद के लिए एक अक्टूबर की तारीख तय की थी, लेकिन दो दिन अवकाश होने के कारण अब धान की खरीद 3 अक्टूबर से शुरू होगी। दूसरी ओर मंगलवार को एसडीएम उदित पवार ने उपमंडी स्थल जाकर धान खरीद क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं को देखा।

शासन ने धान खरीद के लिए जनपद में 122 धान खरीद क्रय केंद्र बनाए हैं, जिनमें तहसील नवाबगंज में 17 क्रय केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 16 क्रय केंद्र क्षेत्र की उप मंडी स्थल पर बनाए गए हैं, जबकि एक क्रय केंद्र क्षेत्र के गांव परसरामपुर में बनाया गया है। वरिष्ठ विपरण अधिकारी (एसएमआई) अरविन्द कुमार राठी ने बताया कि धान खरीद क्रय केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। श्री राठी ने बताया कि केंद्रों पर किसानों के अभी तक 150 रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं। केंद्रों पर कांटा, बाट, डस्टर, बोरा आदि मौजूद हैं। गौरतलब हो कि सरकार ने इस वर्ष धान के समर्थन मूल्य में 69 रुपए की बढ़ोत्तरी की है, अब ए ग्रेड धान का समर्थन मूल्य 2389 रुपए और सामान्य धान की कीमत 2369 रुपए निर्धारित की गई है। आज मंगलवार को एसडीएम उदित पवार ने उप मंडी स्थल पर लगे धान खरीद केंद्रों की व्यवस्थाओं को देखा, साथ ही एसएमआई अरविन्द कुमार राठी को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में किसान को धान तुलवाने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# 50 हजार की रिश्वत लेते नगर निगम का कर निरीक्षक रंगेहाथ दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। इस बार भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने नगर निगम में तैनात कर निरीक्षक को 50 हजार की घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पीड़ित की शिकायत के बाद ये कार्रवाई की गई।

भ्रष्टाचार निवारण की टीम ने नगर निगम परिसर से मंगलवार को कर निरीक्षक को उस वक्त रंगेहाथ गिरफ्तार किया जब वह 50 हजार की रिश्वत ले रहा था। संजय नगर के रहने वाले विजय कुमार चंद्रा ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम से शिकायत की थी कि नगर निगम का कर निरीक्षक इंस्पेक्टर तुषार श्रीवास्तव उनके मकान के गृहकर और सीवर कर की गलत प्रविष्टि को ठीक करने के नाम पर 50 हजार



की रिश्वत मांग रहा है।

शिकायत के बाद मंगलवार को ट्रैप टीम ने अपना जाल बिछाया। शिकायतकर्ता नगर निगम कर निरीक्षक तुषार को रिश्वत की रकम देने पहुंचा। लिहाजा यहां पर 50 हजार की रिश्वत लेते हुए कर निरीक्षक को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# कोर्ट मैरिज करने आए हिस्ट्रीशीटर की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** मंगलवार की दोपहर नगर क्षेत्र कचहरी परिसर के बाहर एक युवती के साथफोटो खिंचवाने पहुंचे हिस्ट्रीशीटर की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक युवक अपने सौतेले पिता की रिश्तेदार युवती को तीन दिन पहले बहला-फुसलाकर ले गया था। इस मामले में मंगलवार सुबह ही रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। दोपहर को कोर्ट मैरिज करने पहुंचे आरोपी युवक की हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देकर आरोपी युवक चाकू मारकर फरार हो गए। नगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर के वाटर वर्क्स क्षेत्र में मदीना मस्जिद क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय नाहिफ रहता था। बताया कि नाहिफ के पिता की कुछ साल पहले मृत्यु हो गई थी। इसके बाद नाहिफ की मां ने दूसरी बिरादरी के व्यक्ति से निकाह कर लिया था। तीन दिन पहले नाहिफ अपने सौतेले पिता की एक रिश्तेदार युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। युवती के पिता ने मंगलवार की सुबह नगर कोतवाली पहुंचकर आरोपी नाहिफ के खिलाफ तहरीर भी दी थी। मंगलवार की दोपहर करीब तीन बजे युवती को साथ लेकर नाहिफ कचहरी के बाहर पहुंचा और वहां एक फोटो स्टूडियो में पहुंचकर फोटो खिंचवाने लगा। उसी दौरान एक बाइक पर दो-तीन युवक पहुंचे दो युवक फोटो स्टूडियो में घुस गए। दोनों आरोपियों ने नाहिफ पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। उसकी गर्दन रेत दी गई। नाहिफ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इसके बाद हत्यारोपी फरार हो गए। फरार होने के दौरान आरोपियों ने एक चाकू कचहरी के गेट नंबर चार के पास और दूसरा चाकू शनिदेव मंदिर रोड पर एक निजी अस्पताल के पास फेंक दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। एसपी सिटी, एएसपी और नगर कोतवाल तत्काल मौके पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक हिस्ट्रीशीटर अपने सौतेले पिता की रिश्तेदार युवती को भगा ले गया था। जिसके संबंधा में नगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। दोपहर के वक्त युवक और युवती कचहरी परिसर आए थे। उसी दौरान युवक की हत्या को अंजाम दिया गया है। युवती के भाई समेत अन्य युवकों पर आरोप है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बैगऑफ नॉलेज के अंतर्गत बच्चों को बिना बैग पढ़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी ने लकी चिल्ड्रेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को पढ़ाई संबंधित सामान दिया और इसके साथ बैगऑफ नॉलेज के अंतर्गत बच्चों को बिना बैग पढ़ाया गया। सर्व प्रथम क्लब अध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने अपने सूक्ष्म संबोधन में स्कूल की संस्थापक प्रधानाचार्य मधु नागी का हृदय से आभार व्यक्त किया और फिर बच्चों को डाइनिंग मैनर्स, हेल्थ और हाइजीन पर जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कुशल शिक्षिका द्वारा बहुत सारी एक्टिविटी करवाई गई और बच्चों को लर्निंग किट के माध्यम से समझाया गया यह क्लास स्कूल की फरहा इजहार के द्वारा दी गई। स्कूल की संस्थापक प्रधानाचार्य मधु नागी जी ने खुशी दर्शाते हुए आगे भी क्लब कार्यों में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। स्कूल की अमनदीप कौर मैडम, गुमिंदर कौर मैडम और दीपाली महाजन मैडम ने कार्यक्रम में सहयोग किया। क्लब अध्यक्ष कल्पना गुप्ता के दिशा निर्देश पर सारा कार्य सफलता पूर्वक हुआ। अंत में अध्यक्ष ने क्लब के उपस्थित सभी सदस्यों के साथ स्कूल की संस्थापक प्रधानाचार्य एवं शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। क्लब की चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता ने पूर्ण कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मोनिका गुप्ता, सीमा गुप्ता ,मोनिका होरा, कोषाध्यक्ष प्रगति गुप्ता ,आई एस ओ राजविंदर कौर ,मीनाक्षी खन्ना,निधि वर्मा, विजेता प्रधान आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## अश्लील फब्तियां कसने वाले दो पकड़े

**बुलंदशहर।** मंगलवार को पहासू में अलगगढ़ बस अड्ड के पास एंटी रोमियो टीम ने रास्ता चलती महिलाओं पर अश्लील कमेंट करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया।। मिशन शक्ति तथा एंटी रोमियो टीम में अलीगढ़ चौराहे के पास देखा कि दो युवक आती जाती महिलाओं पर अश्लीलता भरे कमेंट कस रहे हैं। जिससे महिलाये असहज महसूस कर रहीं थी।

## पीएम आवास ने बनाने पर नोटिस जारी

**बुलंदशहर।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किस्त लेने के बाद भी मकान ने बनाने वाले 1200 से अधिक लोगों को डूडा ने नोटिस जारी किया है। साथ ही निर्देश दिए हैं कि मकान निर्माण के साक्ष्य पेश करते हुए अग्रिम किस्त के लिए आवेदन किया जाए। प्रभारी परियोजना अधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि जिले में 1200 से अधिक ऐसे लोगों के बारे में पता चला जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक, दो या तीन किस्त लेने के बाद भी अपने मकान का निर्माण नहीं किया। जब जांच कराएगी तो इनमें से 500 लोग ऐसे पाए गए जिन्होंने पहली किस्त लेने के बाद मैं तो मकान निर्माण किया और नहीं दूसरी किस्त के लिए आवेदन किया। जबकि 700 से अधिक ऐसे लोग पाए गए जिन्होंने पहली या दूसरी किस्त तो ली, लेकिन अग्रिम किस्त के लिए आवेदन ही नहीं किया। बताया जा रहा है कि ऐसे लोगों ने करीब तीन करोड़ रुपए योजना के तहत लिए हैं।

## अष्टमी नवरात्र को हुई महागौरी की पूजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** मंगलवार को नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने मां महागौरी के स्वरूप की अर्चना करते हुए कन्या लांगुर जिमाए। माता के जयकारों के से देवालय गूंजते रहे। कुछ भक्तों ने अनुष्ठान की पूर्णाहुति की। जबकि कुछ श्रद्धालु नवमीं बुधवार को पूर्णाहुति करके कन्या लांगुर जिमाएंगे। मंगलवार को मां महागौरी की फल, फूल, पान, मेवा, मिष्ठान, ध्वजा, नारियल, कपूर, लौंग, सुपारी आदि पदार्थों से पूजा अर्चना की गई। नगर के साठा स्थित अति प्राचीन श्री राजराजेश्वर मंदिर, देवीपुरा स्थित भवन देवी मंदिर, श्री सिद्धपीठ महाकाली मंदिर, मामन रोड स्थित श्री भूतेश्वर मंदिर, डीएम रोड स्थित श्री सिद्धदेश्वर मंदिर, नर्वदेश्वर मंदिर, आनंदेश्वर मंदिर, गंगा मंदिर, श्री गायत्री संस्कार पीठ, श्री द्वादश महा. लिंगेश्वर सिद्धपीठ सहित सभी देवालयों में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। आचार्य मनजीत धर्मध्वज ने बताया कि मां महागौरी की पूजा करने से मनवांछित फलों की पूर्ति होती है। नगर के लाल तालाब, मो. हला आराजियात, बड़ा मोहल्ला कृष्णानगर, देवीपुरा, सिविल लाइन, कोठियात, शिवपुरी, यमुनापुरम, गंगानगर, अंबा कॉलोनी सहित विभिन्न मोहल्लों में साधकों ने अनुष्ठान की पूर्णाहुति करते हुए कन्या लांगुर जिमाए।

## एटीएम बदल खाते से लाखों उड़ाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** कोतवाली खुर्जा नगर क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर रुपए निकालने वाले एक युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया। पकड़े गए आरोपी ने अपने अन्य साथी के साथ एटीएम कार्ड बदलकर खाते से एक लाख सात हजार रुपए निकाले थे। शिक. ारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव देवराला निवासी सत्यवीर ने बताया कि पहासू बस स्टैंड से एचडीएफसी बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गए थे। मशीन में कार्ड लगाने के दौरान दो व्यक्ति वहां आ गए। आरोप है कि एक ने एटीएम कार्ड सही नहीं लगा होने की जानकारी दी। जिसके बाद उन्होंने कार्ड को बदल लिया और वहां से फरार हो गए। जिसके बाद उनके खाते से कई बार में 97 हजार रुपये निकाल लिए गए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद उन्हें जानकारी दी, तो वह शिकायत करने के लिए बैंक पहुंच गए। वहीं दूसरी तरफ सुभाष मार्ग निवासी भुवनेश गुप्ता ने बताया कि वही पदम पुलिया स्थित एटीएम से रुपये निकाले के लिए गए, लेकिन तकनीकी खराबी के चलत रुपये नहीं निकले। इसी दौरान दो लोग वहां आ गए और उन्होंने बातों में लगाकर उनका एटीएम कार्ड बदल लिया। कुछ ही देर बाद उनके मोबाइल पर दस हजार रुपये निकालने का एसएमएस आया। जिस पर उन्होंने कुछ लोगों की मदद से एटीएम में मिले दोनों को घूमते हुए तलाश करना शुरू कर दिया। जब वह एनएच प्लाजा के निकट एटीएम पर पहुंचे, तो वहां दोनों व्यक्ति वहां खड़े हुए थे। वह उन्हें देखकर भागने लगे, तो एक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरा भागते समय गिरकर घायल हो गया। जिसे लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। खुर्जा कोतवाल प्रभारी पकंज राय ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

# छात्रा कुमारी राधिका को बनाया एक दिन का प्रधानाचार्या

**पूरनपुर।** खुटार रोड छ. भ-730 पर स्थित गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल मो. हनपुर जप्ती में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत कक्षा 12 की छात्रा कुमारी राधिका ने एक दिन के लिए प्रधानाचार्या का पदभार ग्रहण किया और अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। कुर्सी पर बैठकर राधिका ने प्रधानाचार्य के दायित्वों को समझा और विद्यालय की कार्य प्रणाली के अनुसार कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए उन्होंने सबसे पहले विद्यार्थियों को अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने शिक्षकों द्वारा पढाये गए पाठ्यक्रम की जानकारी ली, और विद्यालय कार्यालय का अवलोकन किया ! शिक्षक उपस्थिति रजिस्टर तथा कक्षाओं के रजिस्टरों को चेक किया। स्कूल के प्रबन्ध तंत्र तथा प्रधानाचार्य संजीव कुमार कुशवाहा ने एक दिन की प्रधानाचार्या राधिका को पदभार ग्रहण कराकर शुभकामनाएं दी और उनके उत्साह की सराहना की इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओ की उपस्तिथि रही।

## कन्या पूजन एवं भव्य शस्त्र पूजन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** नगर में नवरात्रि के पावन अवसर पर समाजसेवी नितिन पाठक के संयोजन में कन्या पूजन, शस्त्र पूजन एवं प्रीतिभोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 10000 से अधिक लोगों के लिए प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी शामिल हुए। कन्या पूजन के बाद शस्त्र पूजन की परंपरा निभाई गई और तत्पश्चात प्रीतिभोज का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पप्पू भरतौल सहित क्षेत्र के कई प्रमुख नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में युवाओं और समाजसे. वियों का विशेष योगदान रहा।

# शुरू हुआ धान खरीद में राइस मिलर का भ्रष्टाचार, भाकियू का धरना

**पूरनपुर।** भाकियू कार्यकर्ता तहसील में धान खरीद में राइस मिलरों की मनमानी के खिलाफ जमकर गरजे। दूसरे जिले से धान की आवक और ओवरलोड बाहनो का संचालन पर भी कड़ी नारजगी जताई। किसानों ने इस पर कार्रवाई करने को कहा है। धान खरीद व्यवस्था में सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मामले का ज्ञापन एसडीएम को देने की बात कही जा रही है। धान की खरीद दरों को लेकर पूरनपुर क्षेत्र में मंगलवार को भाकियू टिकैत में भारी आक्रोश देखने को मिला। मंगलवार को संगठन के किसानों ने तहसील में धरना देकर जमकर नारेबा. जी की। किसानों का आरोप है कि पूरनपुर और कलीनगर के राइस मिलर्स मनमाने रेट पर धान खरीद कर रहे हैं और सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य की अनदेखी कर रहे हैं। इस वजह से उन्हें अपना उत्पाद सही मूल्य पर बेचने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। युवा जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी ने कहा धान खरीद में किसानों के साथ शोषण किया जा रहा है। अन्य जिलों से डबल ट्राली जोड़कर यहां धान लाया जाता है। इससे दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है। इसके अलावा स्थानीय किसानों को भी उनकी उपज का वास्तविक मूल्य नहीं मिल पाता। यदि यही स्थिति बनी रही तो इससे कृषि उत्पादकों को गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। मामले में तहसील प्रशासन ने कहा है कि किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लिया है। अधिकारी इस विषय पर जल्द ही राइस मिलर्स से बैठक कर स्पष्ट निर्देश देंगे ताकि धान खरीदी में पारदर्शिता और किसान हित सुनिश्चित हो सके। किसानों के सात सूत्रीय एसडीएम को संबोधित ज्ञापन में 1 अक्टूबर से शुरु हो रही धान खरीद को बिचौलियो से दूर रखकर पारदर्शिता लाने, सभी सहकारी समितियां पर डीएपी खाद उपलब्ध कराने, सभी धर्म कांटो को बांट माप निरीक्षक द्वारा जांच करने, राइस मिलों द्वारा खरीदे गए धान पर 1 किलो प्रति कुंतल व दो प्रतिशत मुद्दत की अवैध कटौती रोकने सहित अन्य मांगे पूरी न होने पर धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने की बात कही है। पूरनपुर क्षेत्र के कई गांवों में किसानों में आक्रोश है। इस मौके पर मनमोहन सिंह, सत्यपाल वर्मा, देवेंद्र सिंह हैरी, मनप्रीत सिंह, सर्वजीत सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

## झमाझम बारिश से गर्मी से मिली राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** मंगलवार को सुबह से बादलों की आवाजाही से दिन की शुरुआत हुई। सुबह करीब 10 बजे बूंदाबांदी शुरु हुई। कुछ देर बाद ही झमाझम बारिश शुरु हो गई। शहर में हल्की तो देहात क्षेत्रों जमकर बादल बरसे। दिन भर रूक-रूककर बारिश होती रही। इससे मौसम सुहाना हो गया। गर्मी से लोगों को राहत मिली। वहीं जलभराव और कीचड़ से लोग परेशान रहे। साथ ही यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। तापमान गिरावट के बाद न्यूनतम 25 और अधिकतम 32 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। बीते कई दिनों से गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल हो रहा था। तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी से लोग पसीनों से भीगे रहे। गर्मी में लोगों को राहत नहीं मिल रही थी। मंगलवार को शहर समेत देहात क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई। जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम एकदम खुशनुमा हो गया। सुबह से ही आसमान में काले बादलों ने डेरा जमा लिया था और 10 बजे तक तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते सड़कों पर कुछ जगह जलभराव की स्थिति बनी, लेकिन लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। स्कूली बच्चों और ऑफिस जाने वालों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं बच्चों ने बारिश का जमकर लुत्फ उठाया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में और बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण यह बारिश हो रही है। तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री पर रिकॉर्ड किया जाएगा। इससे गर्मी में राहत मिलेगी। तेज बारिश की संभावना बनी हुई है। बारिश के चलते यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। बारिश से राहगीर और वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ी। सबसे ज्यादा नौकरी पेशा लोगों को परेशानी हुई।

# हनुमान जी ने जलाई सोने की लंका

**कोसीकलां।** रामलीला संस्थान के तत्वाधान में आयोजित भरतमिलाप मेले के अंतर्गत बुधवार की शाम राम-लक्ष्मण, हनुमान जी के डोले की सवारी निकाली गई। सवारी के गोमती कुंड के किनारे लंका दहन देखने के लिए लोग उमड़ पड़े तो डोंगा लीला का मंचन किया गया। मेले के दौरान शाम 6 बजे ग्यालाल धर्मशाला से अशोक वाटिका में बैठी सीता जी, राम-लक्ष्मण, वानर सेना, शिव आराधना करता रावण, विभीषण के घर पर हनुमान की सवारी निकाली गई। सवारी का आरम्भ कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल किशोर वाष्णेय पंकज विज, अनिल जैन, श्याम किशोर वार्ष्णेय, अंकित जैन ने आरती उतारकर किया। राम लीला पदाधिकारी यो ने मुख्य अतिथियो स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया सवारी सभी के आकर्षण का केंद्र बनी हुई थीं। सवारी प्रमुख मार्गों से होती हुई भगवती मंदिर पहुंची। जहां पर लंका दहन लीला का मंचन किया गया। लीला का आरम्भ संजीव गर्ग, बबलू ने आरती करके किया। लीला निर्देशक सत्यनारायण पुरोहित के निर्देशन में कलाकारों ने सीता जी के विछोह में विष्णु अवतारी कौशलेश नंदन राम अनुज लक्ष्मण से कहते हैं, हे लक्ष्मण बादलों को देखकर मयूरगण ठीक वैसे ही नृत्य करते हैं जैसे विष्णु भक्त को देखकर प्रसन्न होते हैं। भगवान राम ने सुग्रीव को बुलाने के लिए लक्ष्मण से कहा कि वे राजपाट और स्वजनों को पाकर मेरी समस्या को भूल चुके हैं। सुग्रीव के भगवान श्रीराम के आने से पूर्व ही मंत्रियों और सेना को लेकर प्रभु के समक्ष पहुंचे और सीता जी की खोज में भालू और वान. रों को चारों दिशाओं में भेज दिया। जटायु के भाई संपाति ने अंगद, हनुमान और राम के सैन्य बल को सीता जी के अशोक वाटिका में निवास की सूचना दी। हनुमान लंका की अशोक वाटिका में सीता जी से मिलते हैं और भरोसा दिलाते हैं कि वे चिंता न करें। प्रभु श्रीराम बहुत जल्द ही उन्हें ले जाएंगे। लंका में रावण के सैनिक हनुमान जी की पूंछ में आग लगा देते हैं। इसके बाद वे सोने की लंका को जला देते हैं। बाद में वे सीता जी से प्रभु श्रीराम के लिए निशानी लेकर लौटते है का मंचन किया

## कल्याणं करोती की छात्राओं को किया जागरूक



**गोवर्धन।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मथुरा मार्ग स्थित कल्याणं करोती नेत्र हॉस्पिटलध्कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से संबंधित विभिन्न विषयों पर जागरूक किया गया। एंटी रोमियो प्रभारी महिला एसआई विनय बौद्ध ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, यूपी-112, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वॉड, शक्ति दीदी योजना, एवं आत्मरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा बाल श्रम उन्मूलन और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रमुख महिला कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, राष्ट्रीय पोषण मिशन, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया गया।

# ढोल-नगाडों के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया मैरिज होम का फीटा काटकर शुभारंभ



**मथुरा।** गोवर्धन विकासखंड की ग्राम पंचायत मल्हू में ढोल नगाड़ों के बीच मैरिज होम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने फीता काटकर मैरिज होम का शुभारंभ किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा यहां मैरिज होम के बनने से मल्हू गांव सहित आसपास के दर्जनों ग्रामीण क्षेत्र के रहिवासियों को विभिन्न समारोह आयोजित करने में सहूलियत होगी। कई वर्षों से विवाह समारोह के आयोजनों के दौरान ग्रामीणों को गोवर्धन सहित शहर भागना पड़ता था, अब उन्हें यह सुविधा अपने ही गांव में मिलेगी।

मैरिज होम के संचालक का कहना है कि विवाह समारोह के साथ-साथ यहां बैठक, बर्थ-डे पार्टी सहित अन्य आयोजन के अनुरूप व्यवस्था की गई है। आगंतुकों के ठहरने तथा रहने की उत्तम व्यवस्था भी है। बहुत दिनों से उनकी सोच थी कि सामा. जिक दायित्व को देखते हुए यहां इस प्रकार का एक भवन निर्माण कराया जाए जो अब जाकर पूरा हो सका है।

## फेसबुक पर मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** नगर के एक व्यक्ति ने फेसबुक पर मुख्यमंत्री के फोटो के साथ छेड़छाड़ कर आपत्तिजनक वीडियो अपने स्टेटस पर वायरल कर दी थी। इस घटना से लोगों में भारी नाराजगी देखी गई और पुलिस अलर्ट हो गई। चौकी इंचार्ज की ओर से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वर्तमान समय में फेसबुक, इंस्टाग्राम और पीन व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मानव जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं। लेकिन इसके साथ ही इनके दुरुपयोग के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। पूरनपुर के मोहल्ला रजागंज देहात निवासी जमालुद्दीन पुत्र जलालुद्दीन ने अपने फेसबुक स्टेटस पर इमोजी लगाकर मुख्यमंत्री का आपत्तिजनक फोटो वायरल कर दिया। मामले में कस्बा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार की ओर से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## डीएम ने जनप्रतिनिधियों संग की बैठक

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द, पूरनपुर विधायक प्रतिनिधि ऋतुराज पासवान व अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया। जिलाध्यक्ष ने दियूरिया से पूरनपुर जाने वाली सड़क को दुरूस्त कराये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के फोटो से छेड़छाड़ करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।

## जन शिकायतों के निस्तारण को नगर आयुक्त ने की जनसुनवाई

**मथुरा।** जन शिकायतों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही किए जाने के लिए उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री की पहल पर प्रत्येक मंगलवार को शुरू किए गए संभव संतुष्टि एवं समृद्धि के अंतर्गत जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया, जिसके दृष्टिगत मंगलवार को सुबह 10:00 से भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा जनसुनवाई की गई एवं वृंदावन जोनल कार्यालय में अपर नगर आयुक्त सी पी पाठक द्वारा जनसुनवाई की गई तथा जनरल गंज स्थित नगर निगम मथुरा-वृंदावन कार्यालय में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार द्वारा जनसुनवाई की गई ।

जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायत कर्ताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान भूतेश्वर जोन में कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 04 अतिक्रमण, 03 स्ट्रीट लाइट से संबंधित एवं 01 स्वास्थ्य विभाग से संबंधित है। जिनमें से 01 स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है। सिटी जोन में कुल 2 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 02 स्ट्रीट लाइट से संबंधित है। दोनों शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है। वृंदावन जोन में कुल 04 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 02 निर्माण से संबंधित एवं 02 जलकल एवं सफाई संबंधित है कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई है । जिनमें से 03 शिकायतो का निस्तारण कर दिया गया ।संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये। जनसुनवाई में सौरभ सिंह अपर नगर आयुक्त , श्रीमती कल्पना सिंह चौहान सहायक नगर आयुक्त , राकेश कुमार त्यागी सहायक नगर आयुक्त, अनुज कौशिक सहायक नगर आयुक्त , संजय चौहान मुख्य अभियंता निर्माण, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे ।

# दो पक्षों में विवाद में चले ईंट पत्थर, वीडियो वायरल

**कोसी कलाँ।** थाना रोड पर केला देवी मंदिर के समीप दो पक्षों में आपस में विवाद हो गया जिसमें जमकर ईंट पत्थर चले महिलाओं ने भी किया पथराव मंगलवार को रामल. ीला महोत्सव के समय जब काफी भीड़ भाड़ रहती है तभी करीब 4:00 बजे थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर जमकर पथराव हुआ जिसका वीडियो शोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार हरिश्चंद्र बैंक वाले एवं नंदकिशोर के बीच पुराना विवाद चल रहा है कुछ दिन पूर्व गाड़ी के शीशे को तोड़ने को लेकर भी विवाद हुआ था जिसको लेकर दोनों में छोटी छोटी बातों पर विवाद हो जाता है मंगलवार को आपस मे गाली गलौज करने करने से विवाद शुरू हो गया जिसमें कुछ देर तक विवाद हुआ फिर दोनों ओर से जबरदस्त पथराव शुरू हो गया।

पत्थर लगने के कारण दोनों पक्षों के करीब चार लोग गंभीर घायल हो गए हरिश्चन्द्र पुत्र टुंडा राम राहुल पुत्र हरिश्चन्द्र हरि आशीष नन्दा गम्भीर घायल हो गए वही दो लोग मामूली घायल हो गए विकाश पुत्र मुन्ना लाल किसी ने इसकी सूचना हल्का पुलिस को दी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों



पक्षों को थाने ले आई घायलों को उपचार के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया थाना प्रभारी अजय कुमार कौशल ने बताया तहरीर आने पर कार्यवाही की जाएगी।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक, प्रशासनिक कार्यों को सराहा

# जिले में स्वास्थ्य और पोषण के लिए विशेष गंभीरता बरतने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद के मा. प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग जेपीएस राठौर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में संचालित प्रत्येक योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण तथा अन्य मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि आमजन में जागरूकता बढ़े और कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे।

उन्होंने दुग्ध विकास विभाग को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से दुग्ध समितियों के गठन को सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को एक माह के भीतर सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य पूरा करने के साथ ही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कराते हुए आगामी मांगलिक अवसरों पर सामूहिक विवाह का आयोजन सुनिश्चित करने को कहा। पोषण अभियान की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि अतिकुपोषित एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों के उपचार



एवं जनजागरूकता कार्यक्रम प्रभावी ढंग से चलाए जाएं।

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि आवश्यकतानुसार वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए।

उन्होंने श्रम विभाग को भी यह निर्देश दिया कि श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराया जाए और विभागीय योजनाओं का लाभ श्रमिकों तक पहुँचाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने जनपद में चल रही अतिक्रमण हटाने की मुहिम की सराहना की और कहा कि शासन की भूमि जनहित के लिए है, जिस पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा वर्षों से थानों में खड़े लावारिस वाहनों की नीलामी की कार्रवाई की भी उन्होंने सराहना की और इसे पारदर्शिता एवं जनहित की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

यातायात व्यवस्था की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जनता को जागरूक करने के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को नियमित रूप से सड़क सुरक्षा अभियान चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग को अनिवार्य कराने तथा राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर वहां आवश्यक संकेतक लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने अवगत कराया कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 729 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए गए हैं।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं और समाज में सकारात्मक संदेश दे रहे हैं। बैठक में विधायक सदर आकाश सक्सेना, विधायक मिलक राजबाला सिंह, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार के साथ ही ब्लॉक प्रमुख गण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मालबाबू पर भ्रष्टाचार फैलाने का आरोप

### क्षुब्द वकीलों ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** वकीलों ने तहसील कार्यालय में मालबाबू के खिलाफ प्रदर्शन कर भृष्टाचार फैलाने का आरोप लगाया है। नाराज वकीलों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर मालबाबू को उनके पटल से ट्रांसफर कराए जाने की मांग की है।

मंगलवार को सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों ने अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू एडवोकेट के नेतृत्व में भृष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर ज्ञापन एसडीएम अमन देओल को दिया। ज्ञापन में वकीलों ने आरोप लगाया है कि तहसील में तैनात माल.




बाबू रामपुर कोर्ट से आने वाली जमानत तस्दीकी की पत्रावलिया को अनावश्यक रूप से अपने पास लम्बित रखते हैं।

जिसकी वजह से मुल्जिमों को देर से रिहाई मिलती है क्षुब्द वकीलों ने मालबाबू पर आमजन व अधिव्क्ताओं के साथ अशोभनीय व्यवहार अपनाने का भी आरोप लगाया है।

# दीक्षित ग्रुप ऑफ कॉलेजस में टैबलेट्स वितरण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** दीक्षित ग्रुप ऑफ कॉलेजेस, रामपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेक. ानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत विगत वर्षों की भांति आज पुन: टैबलेट्स का नि:शुल्क वितरण किया गया। जिसमें दीक्षित कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन एवं दीक्षित कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च के छात्र-छात्राओं को टैबलेट्स वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीक्षित ग्रुप आफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक विवेक दीक्षित ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथि स्वागत के बाद उनके कर कमलों से टैबलेट्स वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।




इस अवसर पर विवेक दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल युग में अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए डिजिटल डिवाइस बहुत ही सहायक सिद्ध होती है।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में नई-नई जानकारी हासिल करने में इसका महत्वपूर्ण योगदान है ।इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपने ऑनलाइन शिक्षा एवं अध्ययन सामग्री प्राप्त करने में आसानी होगी।

आज के इस डिजिटल युग में यह टैबलेट आपके लिए ज्ञान के द्वार खोलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा और आपके उज्जवल भविष्य की नींव रखेगा। लेकिन इसका सदुपयोग बहुत ही बुद्धिमानी से करें। अपनी नई राहें चुने ज्ञान की इस दौड़ में अग्रणी बनकर उठे और अपने महाविद्यालय अपने परिवार एवं देश का नाम ऊंचा करें।

नवीनतम एवं गुणवत्ता पूर्ण टैबलेट पाकर सभी छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।सभी ने प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को तकनीकी तौर से मजबूत करने के लिए टैबलेट वितरण कार्यक्रम की प्रशंसा की।अंत ने प्राचार्य डॉ रमेश कुमार अवस्थी ने सभी का आभार व्यक्त किया बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. खेमेंद्र कुमार शर्मा फार्मेसी विभाग से डॉ. दीपेश चौहान के निर्देशन में आज का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर सभी प्रवक्ता गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा शुक्ला ने किया।

# सीता के वियोग में दुखी हुए श्रीराम, हुआ लंका दहन

**■ ज्वाला नगर की रामलीला में राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों ने किया मनोहर मंचन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से ज्वाला नगर में मंगलवार लंका दहन, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति आदि का मनोहर मंचन राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया गया।

लंका दहन का आकर्षक मंचन कर कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध दिया। जब हनुमान जी समुद्र लांघकर माता सीता की खोज में लंका पर पहुंचते हैं जहां हनुमान जी माता सीता को अपने बारे में बताते हैं और भगवान श्रीराम का संदेश व अंगूठी देते हैं भूख लगने पर माता सीता की आज्ञा लेकर हनुमान जी अशोक वाटिका में फल खाते हैं और पूरी वाटिका को उजाड़ देते हैं। जब सैनिक यह खबर रावण को देते हैं तो रावण हनुमान जी को पकड़ने का आदेश देता हैं तब मेघनाथ अशोक वाटिका मे पहुंचकर ब्रह्मास्त्र से हनुमान जी को बांधकर रावण के दरबार मे ले जाते हैं। रावण हनुमान जी को मारने का आदेश देता है तभी वहां मौजूद असुर और भयानक दंड देने को कहकर उनकी पूंछ में आग लगा देते हैं तब हनुमान जी यहां वहां उछल कर पूरी लंका ही जला देते हैं। दर्शक मनमोहक लीला देख भावुक हो जाते है।

इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, डॉ अनिल सक्सेना, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, संजू



बाबा, नवनीत सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, संजू प्रजापति, अन्नु गंगवार, पीयूष कुमार, धर्मवीर यादव, रामेंद्र गुप्ता, देवेश गुप्ता, दिनेश कश्यप, पुनीत अग्रवाल, अन्नु सक्सेना, अरुण कीर्ति सक्सेना, संजीव दयाल सक्सेना, विशाल शर्मा, विक्की सक्सेना, अनुज यादव, राजेश नायक, रवि रामपुरी, मक्खन लाल सैनी, सोनू शर्मा, अखिलेश बिसारिया, विजय चौहान, राहुल शर्मा, मिंटू गुप्ता, सचिन सिंह, जगन सिंह लोधी, प्रेमपाल यादव, विनोद कश्यप, राजीव लोचन, ओपी सक्सेना, संतोष प्रसाद आदि समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कन्या पूजन में इन 5 बातों का जरूर रखें ध्यान माता की होगी कृपा, पाएंगे सुख-समृद्धि

**■ कन्या पूजन में इन 5 बातों का जरूर रखें ध्यान, माता की होगी कृपा, पाएंगे सुख-समृद्धि**

**नवरात्रि के अंतिम दो दिन अष्टमी तथा नवमी होते हैं बहुत विशेष : महंत जगदीश गिरी महाराज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नवरात्रि में कुछ लोग अष्टमी के दिन कन्या पूजन करते हैं और कुछ लोग नवमी तिथि के दिन। ऐसे में इन दो दिनों का खास महत्व होता है। शास्त्रों के अनुसार, विधिपूर्वक कन्या पूजन करने से मां दुर्गा का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। ऐसे में इस दिन कुछ विशेष बातों का जरूर ख्याल रखें और यह एक उपाय भी जरूर आजमाएं। इससे आपको कई गुना फल प्राप्त हो सकता है महंत जगदीश गिरी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि के अंतिम दो दिन बेहद विशेष होते हैं। कुछ लोग अष्टमी के दिन कन्या पूजन के बाद व्रत का पारण करते हैं, तो कुछ लोग नवमी के दिन व्रत का पारण करते हैं। ऐसे में इन दोनों तिथियों का हिंदू धर्म में विशेष



महत्व होता है। विधि-विधान से कन्या पूजन करने के बाद व्रत का पारण करने से साधक को मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। ऐसे में अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन में साधक को कुछ बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। इससे माता की कृपा से आपके जीवन के कष्ट दूर हो सकते हैं।कन्याओं के घर में प्रवेश करने पर जरूर करें यह काम

नवरात्रि में अष्टमी या नवमी तिथि पर जब भी आप कन्या पूजन करें तब 9 कन्याओं को भोजन जरूर करवाना चाहिए। ऐसा संभव न होने पर आप 7,5 या 3 कन्याओं को भी भोजन करा सकते हैं। जब कन्याएं आपके घर में प्रवेश करें तो सबसे पहले अपने हाथों से उनके पैर जरूर धोने चाहिए। कन्याओं मां दुर्गा का स्वरूप मानकर ऐसा करने से देवी बहुत प्रसन्न होती हैं और साधक पर उनकी विशेष कृपा बनी रहती है। कन्याओं को पैर धोने के बाद उनके पांव में महावर/आलता भी अवश्य लगाना चाहिए कन्याओं को ऐसे कराएं भोजन

घर में प्रवेश करवाने के बाद कन्याओं को बिठाकर भोजन कराना चाहिए और उन्हें अपनी रुचि के अनुसार खाने देना चाहिए। साथ ही, कन्याओं को प्रसाद के तौर पर फल भी जरूर देना चाहिए। इसके लिए आप केला, अनार, सेब आदि फल ला सकते हैं। इस प्रकार कन्याओं को भोजन कराने से बेहद शुभ फल की प्राप्ति होती है।

# नगर पालिका कर्मचारी को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद टांडा के मुहम्मद खलील सफाई नायक कर्मचारी का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस विदाई समारोह में अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने शॉल उड़ाकर और फूल मालाएं पहनाकर एक चेक 6,83,550 हजार का दिया और खलील से कहा कि कभी अपने आप को अकेला महसूस ना करना। नगर पालिका का परिवार हमेशा आपके साथ रहेगा।

इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी ने भी फूल मालाओं से साल उड़ाकर विदाई दी। जेई अभिनेष तिवारी ने भी फूल मालाओं व साल



उड़ाकर नम आंखों से विदाई दी व लेखा लिपिक शुभम भारती ने भी फूल मालाओं से विदाई दी ,सभासद पुत्र साकिब मजीद व शिव प्रसाद ने भी फूल माला पहनाकर विदाई दी और सभासद रईस उर्फ भूरा सभासद मेराजुल इस्लाम ने भी फूल माला पहनाकर विदाई दी एवं सुदेश कुमार व नगर पालिका परिषद टांडा के समस्त स्टाफ ने फूल मालाओं के साथ विदाई दी।

नगर पालिका परिषद टांडा के इस विदाई समारोह में मुहम्मद खलील भाई को उनके सेवाकाल के लिए सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# पारिजात उपवन का प्रभारी मंत्री ने किया उद्घाटन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पालिका निधि राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित पारिजात उपवन का उद्घाटन जनपद के प्रभारी मंत्री/सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रामपुर की उपस्थिति में रामपुर-बरेली रोड स्थित सिविल लाइन क्षेत्र में किया।

यह भूमि पूर्व में अतिक्रमण से मुक्त कराई गई थी, जिसे व्यवस्थित रूप से विकसित करते हुए नगर पालिका परिषद ने आमजन के लिए आकर्षक उपवन का रूप प्रदान किया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि नगर के सौंदर्यीकरण एवं नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रामपुर को निर्देश दिए कि पार्क के चारों ओर पाथवे का निर्माण कराया जाए, ताकि स्थानीय नागरिकों को टहलने, व्यायाम एवं भ्रमण के लिए बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के उपवन शहर की हरियाली और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने नगर पालिका प्रशासन को निर्देशित किया कि पार्क की नियमित देखरेख, साफ-सफाई तथा सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# नारी सुरक्षा, सम्मान, नारी स्वावलंबन सर्वोपरि : रजनी द्विवेदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को सिविल लाइन स्थित दक्ष कोचिंग में पुलिस विभाग की ओर से महिला थाने की इंचार्ज थाना अध्यक्ष रजनी द्विवेदी ने कोचिंग में उपस्थित महिलाओं एवं बालिक. ाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस वक्त मिशन शक्ति अभियान फेज 5 चलाया जा रहा है। जिसमें नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन को सर्वोपरि स्थान पर रखा गया है।

इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सामाजिक योजनाओं एवं सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए नंबरों से अवगत कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं एवं बालिकाएं एक नंबर हमेशा याद रखें, वह नंबर है 1090

अगर आपसे कोई असम्मानजनक तरीके से व्यवहार करता है या आपको



कोई फोन या इंटरनेट के माध्यम से या कोई रास्ते में छेड़छाड़ करता है , तो तुरंत 1090 नंबर पर सूचित करें। उन्होंने घरेलू हिंसा के लिए 181 नंबर बताया। साइबर क्राइम हेल्प लाइन के लिए 1930 नंबर बताया ।

चाइल्ड हेल्पलाइन के लिए 1098 नंबर बताया और इमरजेंसी पुलिस कॉल के लिए 112 नंबर से महिलाओं एवं बालिकाओं को अवगत कराया।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन का नंबर 1076 है ।

उन्होंने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना शुरू की गई है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को सामूहिक विवाह के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि थानों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट एवं महिला बीट पुलिस अधिकारी की उपलब्धता, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, मिशन शक्ति कक्ष, एंटी रोमियो स्क्वायड की स्थापना तथा महिला अपराधों पर त्वरित कार्रवाई की जाती है

इस अवसर पर महिला थाने की इंचार्ज थाना अध्यक्ष रजनी द्विवेदी, दरोगा दीपा चौहान, कांस्टेबल शालिनी, श्वेता कुमारी, मीरा, ताराव. ती, राना तलत, इल्मास, सादिया, फौजिया, अंजू कौशिक , शालिनी अग्रवाल, जितेंद्र सिंह, अमृता अमृता, दीप्ति, निकिता, विनोद कुमार चिरंजीव गुड्डू, आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के लम्बित चयन वेतनमान को अति शीघ्र लगाने को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** उत्तरप्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा को ज्ञापन देकर जनपद में 10 वर्ष की एक ही पद पर सन्तोषजनक सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों के कई माह से लम्बित चयन वेतनमान को अति शीघ्र लगाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि इस समय सभी ब्लॉक से चयन वेतनमान की लगभग 468 पत्रावलियां आपके कार्यालय को दो माह से भी अधिक समय पूर्व ही प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें कुछ का चयन वेतनमान माह जनवरी, माह अप्रैल तो कुछ का माह जुलाई में ही लगना था। एक दो ब्लॉक की लापरवाही के कारण कुछ



अध्यापकों की सर्विस बुक कार्यालय को अप्राप्त हैं, जबकि इसको ई सर्विस बुक से पूर्ण भी किया जा सकता है जो कि सभी शिक्षकों की चयन वेतनमान पत्रावलियों के साथ संलग्न है।आगे कहा गया है कि केवल एक या दो ब्लॉक की सर्विस बुक पूर्ण न होने के कारण सभी शिक्षकों के चयन वेतनमान को लटकाना न्याय उचित नहीं है, जिससे अध्यापकों में दिन व दिन रोष व्याप्त हो रहा है। ऐसे ब्लॉकों को चिह्नित करते हुए वहां के खंड शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारियों को लिखित आदेशित करने एवं शेष ब्लॉकों के शिक्षकों के चयन वेतनमान की कार्यवाही पूर्ण करने की मांग की गई।

ज्ञापन देने वालों में संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह और जिला महामंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना आदि शामिल रहे।

# कृष्ण-सुदामा से लेकर अंगद-रावण संवाद तक, हर प्रसंग ने बांधा समां

**■ मंचन ने भाव-विभोर किए दर्शक, जय श्रीराम के नारों से गूंजा मैदान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार की रात उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड ने भक्ति, कला और संस्कृति का ऐसा अद्भुत संगम देखा, जिसने हर दर्शक को आत्मिक आनंद से भर दिया। मानो अयोध्या और वृंदावन की पावन छवि एक साथ रामपुर की धरती पर उतर आई हो। देर रात तक गूंजते भजन, ऊर्जावान संवाद और "जय श्रीराम" के उद्घोष ने माहौल को दिव्य और अविस्मरणीय बना दिया।

दिन का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अमर मित्रता पर आधारित मंचन से हुआ। जब द्वारकाधीश कृष्ण ने सुदामा के लाए चावलों को प्रेम पूर्वक ग्रहण कर महलों और आभूषणों का दान करना शुरू किया तो दर्शक भाव-विभोर हो उठे।

रुक्मणि के समय रहते रोकने वाले प्रसंग पर तालियों की गड़गड़ाहट और आंसुओं से भीगी आंखें इस बात की गवाही दे रही थीं कि यह प्रसंग केवल मंच पर नहीं, दर्शकों के हृदयों में जीवंत हो उठा था।

शाम ढलते ही पूरा मैदान दीपमालाओं और मंत्रोच्चार से जगमगाने लगा। रात्रि 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने मंच संभाला और अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कौशल्या-सुमित्रा संवाद तथा हनुमान जी की वापसी जैसे प्रसंगों का ऐसा सजीव मंचन प्रस्तुत किया कि हर



दर्शक मंत्रमुग्ध रह गया। वातावरण "जय श्रीराम" के नारों और तालियों की गूंज से थर्रा उठा।

कार्यक्रम के दौरान अमर सिंह, वीरेंद्र जोली और आलोक अग्रवाल को समिति द्वारा शॉल, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल की अगुवाई में शहर के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भव्य बना दिया।

रामपुर का यह आयोजन केवल रामकथा का मंचन नहीं रहा, बल्कि यह पूरे नगर का आध्यात्मिक उत्सव बन गया। इसमें भक्ति, आस्था और संस्कृति का ऐसा अद्भुत समागम हुआ जिसने हर दर्शक के हृदय पर अमिट छाप छोड़ दी। अब यह महोत्सव नगर की धार्मिक परंपरा से आगे बढ़कर उसकी सांस्कृतिक धरोहर और सामूहिक आस्था का प्रतीक बन चुका है।

इस अवसर पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल (सोनी ताऊ), सुभाष चन्द्र अग्रवाल (ठेकेदार), ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता (ठेकेदार), वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया, राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल और डॉ. सुमित कुमार गोयल सहित अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं।

# प्रभारी मंत्री ने गिनाए जीएसटी के फायदे

■ रामपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया जीएसटी कम होने का लाभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में सहक. ारिता मंत्री जेपीएस राठौर, प्रभारी मंत्री रामपुर जनपद, प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से मीडिया के सभी सम्मानित बंधुओ को रामपुर के संत शिरोमणि दास, गेस्ट हाउस में संबोधित करा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो जनता को अबकी बार दिवाली का उपहार दिया है, नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू करके देश के 140 करोड़ जनता को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा, रोजमर्रा की खाद्य वस्तुओं के लिए जीएसटी अब सरकार ने अधिकांश खाद्य पदार्थों को 5 प्रतिशत या शून्य टैक्स स्लैब के तहत लाकर खाद्य सामर्थ्य बढ़ाने का लक्ष्य रखा है, जैसा कि पराठा, परोटा और रोटी जैसी प्रमुख भारतीय ब्रेड को जीएसटी से छूट में देखा गया है, जो आवश्यक घरेलू खाद्य पदार्थों के रूप में उनकी स्थिति को दर्शाता है।

खिलौनों और खेल उत्पादों के लिए जीएसटी को तर्कसंगत बनाना

बाल विकास और एमएसएमई विनिर्माण के लिए महत्वपूर्ण खिलौना उद्योग को जीएसटी कम होने से लाभ हुआ है। खिलौनों और खेल के सामान पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया। यह खिलौनों को अधिक किफायती बनाता है, खेल के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा को प्रोत्साहित करता है। बचपन यह घरेलू और युवा एमएसएमई खिलौना निर्माताओं का समर्थन करके वोकल फॉर लोकल पहल भी होगी।

स्कूल और विश्वविद्यालय शिक्षा को जीएसटी से पूरी तरह छूट दी गई है। लाभों के विस्तार में अब आवश्यक शिक्षण सामग्री और बाल देखभाल उत्पाद भी शामिल हैं, जिससे भारतीय परिवारों के लिए शिक्षा और पालन-पोषण अधिक किफायती हो गया है और हमारे देश के भावी युवाओं का बेहतर पालन-पोषण हो रहा है। इससे युवाओं और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए प्रीमियम सस्ता हो जाएगा और स्वास्थ्य बीमा को व्यापक रूप से अपनाने को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे जेब से होने वाले चिकित्सा व्यय में कमी आएगी।

दवाओं और औषधियों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत शून्य कर दिया गया है। इससे विभिन्न आवश्यक दवाओं की कीमतों में कमी आएगी और मरीजों पर वित्तीय बोझ कम होगा।

दीर्घकालिक बीमारियों के लिए दीर्घकालिक उपचार की सामर्थ्य को बढ़ाना। घरेलू सामर्थ्य सुनिश्चित करते हुए, विशेष रूप से जेनेरिक दवाओं के लिए, विश्व की फार्मेसी के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करना।

इसके अलावा, दवा उत्पादों के विनिर्माण से संबंधित जॉब वर्क की आपूर्ति पर जीएसटी भी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत युवा-नेतृत्व वाले एमएसएमई और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए चमड़ा, जूते, कपड़ा, हस्तशिल्प और खिलौनों पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया। शिक्षा की लागत कम करने के लिए पेंसिल, रबड़ और अभ्यास पुस्तिका जैसी आवश्यक शिक्षण सामग्री को जीएसटी मुक्त कर दिया गया।

जिम/फिटनेस सेंटरों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया, जिससे फिटनेस अधिक किफायती और सुलभ हो गई। दोपहिया वाहनों (350 सीसी) और छोटी कारों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया, जिससे युवाओं की गतिशीलता बढ़ेगी। सीमेंट पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया, जिससे बुनियादी ढांचे की लागत कम हो गई। आवास और दवाओं पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत शून्य कर दिया गया है, जिससे स्वास्थ्य सेवा सस्ती हो गई है, जबकि स्वास्थ्य बीमा को जीएसटी से छूट दी गई है।

ड्रोन पर एक समान 5 प्रतिशत जीएसटी लागू किया गया, जिससे स्टार्टअप्स और मेक इन इंडिया पहल को समर्थन मिला।

यूएचटी दूध, रोटी, पराठा, पनीर और पैकेज्ड स्नैक्स जैसी दैनिक खाद्य वस्तुओं को 5 प्रतिशत या शून्य जीएसटी के दायरे में लाया गया, जिससे घरेलू खर्च आसान हो गया।

सुधारों से युवाओं और परिवारों के लिए सामर्थ्य, स्वस्थ जीवनशैली और जीवन की सुगमता को बढ़ावा मिलता है।

जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, सदर विधायक आकाश सक्सेना, मिल्क विधायक राजबाला, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, ब्लॉक प्रमुख जगपाल यादव, अर्चना गंगवार, कुलवंत औलख, मोहित सैनी, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, मोहन कुमार लोधी, पंकज लोधी, कुंवर बहादुर लोधी, अजीत गौतम, रवि रोहिल्ला, नदीम खान, राजू सुमन, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने किया एक नफर वारंटी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वारण्टी अभियुक्त इन्तेजार पुत्र निसार अहमद निवासी ग्राम सिंगरा थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या 4350/2007 धारा 147/323/325/506 भादवि मा. न्यायालय अपर सिविल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर नियत दिनांक 23.10.2025 सम्बन्धित मा. न्यायालय रामपुर भेजा गया।

## शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्मित फिल्म चलो जीते हैं कंपोजिट स्कूल के बच्चों को टीवी पर दिखाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्मित कराई गई प्रेरणादायक लघु फिल्म ष्चलो जीते हैं कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के बच्चों को टीवी पर दिखाई गई। इस फिल्म का प्रसारण बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपुर के यूट्यूब चौनल के माध्यम से किया गया। विभागीय निर्देशानुसार विद्यालय के सभी बच्चों को यह फिल्म टीवी पर दिखाई गई। फिल्म में एक छोटा बच्चा एक हिंदू संत, स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक उद्धरण पढ़कर प्रेरित होता है और उसे आस-पास के अन्याय पूर्ण लोगों के बारे में पता चलता है। वह अपने जीवन का उद्देश्य खोजने का फैसला करता है। चलो जीते हैं एक प्रेरणादायक लघु फिल्म है। जो स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित है और यह प्रेरणा कार्यक्रम के तहत भारत के स्कूलों में दिखाई जा रही है, जिसकी स्क्रीनिंग 16 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 के बीच की जा रही है। यह फिल्म मानव मूल्यों, सेवा और जिम्मेदारी के महत्व को उजागर करती है और शिक्षा मंत्रालय ने इसे स्कूलों में प्रदर्शित करने का निर्देश दिया है।

इस अवसर पर नाजिम अली, मुजा. हिद खान, चिरंजीव गुड्डू, मलखान सिंह, सीमा गौहर, नसरीन बी, संगीता यादव, रजनी गुप्ता, रजिया बेगम, शविस्ता नैयर, शाजिया बी, शहनाज फातिमाआदि उपस्थित रहे।

## उधार सामान न देने पर बुजुर्ग दुकानदार पर हमला

**टांडा (रामपुर)।** नगर के मोहल्ला नज्जुपुरा में बीती 24 अगस्त की रात उधार सामान न देने पर दबंगों ने एक वृद्ध दुकानदार को बुरी तरह घायल कर दिया।

बताया जाता है कि मोहल्ले का जावेद पुत्र यामीन दुकान पर आया और उधार सामान मांगा। दुकानदार अय्यूब पुत्र इस्माईल ने पूर्व का पाँच सौ रुपये बकाया चुकाने की बात कही तो आरोपी भड़क गया और धमकी देकर चला गया। थोड़ी देर बाद जावेद अपने पिता यामीन व साथियों के साथ लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर लौटा और दुकान का सामान बाहर फेंकते हुए अय्यूब पर हमला कर दिया।

सिर पर धारदार हथियार से वार और लाठी-डंडों से पिटाई में अय्यूब गंभीर रूप से घायल हो गए।

शोरगुल सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव किया। आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि 21 सितंबर को भी आरोपी दुकान पर आकर गाली-गलौज व धमकी दे चुके हैं।

इस दबंगई से मोहल्ले में दहशत का माहौल है।

पीड़ित ने कोतवाली टांडा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## महिला सुरक्षा दल ने चलाया जागरूकता अभियान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा।** मिशन शक्ति फेजख्र5.0 के तहत सोमवार को टांडा कस्बा व थाना क्षेत्र में महिला सुरक्षा दल द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान मीना बाजार, रामपुर तिराहा और सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज में महिलाओं व छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। टीम ने पंपलेट वितरित कर 1090 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 181 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन, 112 पुलिस इमरज. ेंसी, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन के बारे में बताया।

सर सैयद इंटर कॉलेज में हुए विशेष कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी टांडा कीर्ति निधि आनंद व प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने छात्रख्रछात्राओं को साइबर अपराध, डिजिटल धोखाधड़ी और ऑनलाइन ठगी से बचने के उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में कस्बा इंचार्ज राम कुमार, मिशन शक्ति प्रभारी आराधना, आरक्षी आदित्य कुमार, मुख्य आरक्षी अरुण कुमार सहित विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद सालिम, संस्थापक अब्दुल सबूर व स्टाफ भी मौजूद रहा।

सीओ टांडा कीर्ति निधि आनंद ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है।

वहीं प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने भरोसा दिलाया कि किसी भी संकट की स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत संपर्क करें, पुलिस हमेशा सहायता के लिए तैयार है।

## सपाइयों ने केक काटकर मनाया अब्दुल्ला आजम का जन्म दिन



**मिलक।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पूर्व विधायक अब्दुला आजम खान जन्मदिन केक काटकर मनाया। नगर के मोहल्ला अस्दुल्लापुर में मोहम्मद जावेद के आवास पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एकत्र हुए और उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रदेश/स्वार टांडा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खान के जन्म दिन के मौके पर केक काटा और एक दूसरे को केक खिलाया।

## जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें विशिष्ट अतिथि आशुतोष भल्ला भी शामिल रहे। प्रोत्साहन समिति की बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने खिलाड़ी की समस्याएं सुनी और साथ ही उनका निस्तारण किया सरकार के द्वारा खिलाड़ियों के लिए क्या योजनाएं एवं सुविधाएं प्रदान कराई जा रही हैं इसके संदर्भ में माह अक्टूबर में एक वर्कशाप आयोजित करने का निर्देश उप क्रीड़ा अधिक. ारी को दिया। जिसमें जनपद के सभी स्तर के खिलाड़ी एवं सचिव प्रतिभाग करेंगे।

## डीएम व एसपी ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत किया कन्या पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत डीएम अभिषेक पाण्डेय, एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम एवं जिला प्रोबेशन अधिक. ारी स्मिता सिंह की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद हापुड़ के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा के द्वारा दुर्गा अष्टमी के अवसर पर कन्या-पूजन कार्यक्रम का आयोजन सदर विधायक विजयपाल आढ़ती की अध्यक्षता में गढ़ रोड़ स्थित मनोहर रीजेन्सी हापुड़ में आयोजित किया गया। जिसके द्वारा समाज में बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक बदलाव के उद्देश्य से दुर्गा अष्टमी के अवसर पर जनपद के प्रत्येक ब्लॉक व नगर पालिका परिषद में डीएम, जनप्रतिनिधियों, प्रशास. निक अधिकारियों की उपस्थिति में कन्या-पूजन व उनके लिये प्रसाद, फूड पैकेट आदि वितरण तथा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

# महिला संबंधी अपराध करेंगे तो अपने पैरों पर चल नहीं पाएंगे

## महिला संबंधी अपराधों में लिप्त 207 आरोपियों को एसपी की कड़ी चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानंज्य सिंह ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला संबंधी अपराधों में लिप्त 207 अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई की है। एसपी ने इन अपरा. धियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे महिला संबंधी अपराध करेंगे तो अपने पैरों पर चल नहीं पाएंगे। यह बयान अपराध के प्रति पुलिस के जीरो टॉलरेंस रुख को दर्शाता है। मेरठ रोड पर स्थित पुलिस लाइन में इन सभी 207 आरोपियों को शपथ दिलाई गई।

उन्होंने वादा किया कि वे महिलाओं के साथ गलत व्यवहार या अपराध नहीं करेंगे, और यदि कोई अन्य व्यक्ति ऐसा करता है तो उसे भी रोकेंगे। यह कार्रवाई शासन के निर्देशों पर मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत की गई। जिन मामलों में ये आरोपी लिप्त थे उनमें बलात्कार, छेड़छाड़ और महिलाओं से जुड़े अन्य अपराध शामिल हैं। पुलिस ने सभी 207 आरोपियों को पकड़कर निरोधात्मक कार्रवाई की है। जिनके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं, उन्हें पाबंद किया गया है।

एसपी ने यह भी बताया कि शेष बचे आरोपियों के खिलाफ भी यह अभियान चलाया जाएगा। एसपी ने बताया कि कुल 207 अपराधियों में पिलखुवा पुलिस द्वारा 38, गढ़ पुलिस द्वारा 38, बाबूगढ़ पुलिस द्वारा 34, हापुड़ नगर पुलिस द्वारा 22, धौलाना पुलिस द्वारा 16, हापुड़ देहात पुलिस द्वारा 15, हाफिजपुर पुलिस द्वारा 13, सिंभावली पुलिस द्वारा 10, बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा 8 मनचंले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और अपराधियों के मन में कानून का डर पैदा करना है।

## पिलखुवा नगर पालिका ने चलाया सफाई अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद पिलखुवा में बड़े उत्साह के साथ स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पालिकाध्यक्ष विभु बंसल, अधिशासी अधिकारी इंदर पाल सिंह, पार्षद वरुण शर्मा, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सबसे पहले पर्यावरण को शुद्ध और स्वच्छ रखने की शपथ ली। शपथ के उपरांत नगरवासियों को जागरूक करने के लिए एक स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसमें लोगों से स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

तत्पश्चात शक्ति वन में श्रमदान करते हुए स्फाई अभियान चलाया गया और नागरिकों को स्वच्छ पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष विभु बंसल ने कहा स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन जीने की शैली है। स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। नगर पालिका परिषद पिलखुवा इस अभियान को निरंतर गति देती रहेगी और नगरवासियों से अपेक्षा है कि वे अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। स्वच्छ नगर ही विकसित नगर की पहचान है।

## धौलाना-पिलखुवा रोड पर सड़क हादसे में 12 लोग घायल, 5 की हालत गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार शाम को धौलाना-पिलखुवा रोड पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक लोहे से भरा अनियंत्रित ट्रक एक इको गाड़ी से टकरा गया और दोनों वाहन सड़क से नीचे खाई में जा गिरे। इस भीषण दुर्घटना में इको गाड़ी में सवार 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें पाँच नन्हे बच्चों की स्थिति भी नाजुक है।

मिली जानकारी के अनुसार इको गाड़ी में सवार परिवार सपनावत मंदिर से दर्शन करके अपने गांव भोजपुर पट्टी, मोदीनगर लौट रहा था। इको गाड़ी के चालक रोहित ने सामने से आ रहे ट्रक से बचने के लिए गाड़ी को साइड में दबाया, लेकिन ट्रक अनियंत्रित होकर टकराया और खाई में जा गिरा। हादसे में कुल 12 लोग घायल हुए हैं। घायलों में चालक रोहित के अलावा, 22 वर्षीय मधु, 25 वर्षीय शीतल 27 वर्षीय मीता, 26 वर्षीय वंदना, 29 वर्षीय प्रिया और पाँच बच्चे 10 माह का अयांश, 2 वर्षीय देवांश, 6 वर्षीय अनिकेत, 6 वर्षीय महिमा और 3 वर्षीय तानावी शामिल हैं।

वही चालक रोहित, शीतल, और मीता सहित चार लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बड़े अस्पताल में आगे के इलाज के लिए रेुर किया गया है। अन्य घायलों को धौलाना सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिर बताया गया है। सूचना मिलते ही थाना धौलाना पुलिस और 108 एम्बुलेंस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया है कि फरार ट्रक चालक की तलाश तेज कर दी गई है और आसपास के सभी मार्गों पर पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस ने वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और अनियंत्रित तथा तेज गति से वाहन न चलाने की अपील की है। स्थानीय लोगों ने पुलिस और मेडिकल टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना की, जिससे बड़े नुकसान को टाल दिया गया। यह हादसा सड़क सुरक्षा और वाहन नियंत्रण के महत्व को दर्शाता है।

## श्रम विभाग का बाल श्रम विरोधी अभियान, तीन किशोर चिन्हित



**पिलखुवा।** श्रम विभाग हापुड़ द्वारा पिलखुवा में बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। इस दौरान तीन प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें दो किशोर एवं एक बाल श्रमिक चिन्हित किए गए।

अभियान के दौरान गठित संयुक्त टीम में श्रम प्रवर्तन अधिक. ारी उषा वर्मा, AHTU से लीलाराम मीना, सब-इंस्पेक्टर पवन कुमार और पुलिस कांस्टेबल शामिल रहे। टीम ने संबंधित प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करते हुए बाल श्रम के विरुद्ध सख्ती का संदेश दिया

## अक्टूबर में संपत्ति कर पर 15 प्रतिशत छूट, समय पर जमा करें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका ने अक्टूबर माह में संपत्ति कर पर 15 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की है। यह छूट उन करदाताओं के लिए है जिन्होंने अब तक अपना कर जमा नहीं किया है। करदाता अपने बकाया कर को नगर पालिका के कर अनुभाग में जमा कर छूट का लाभ उठा सकते हैं। निर्धारित समय समाप्त होने के बाद छूट लागू नहीं होगी। कर निर्धारण अधिकारी ऋचा श्रीवास्तव ने बताया कि करदाता अक्टूबर माह के भीतर अपना कर जमा कर छूट का लाभ अवश्य उठाएं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रचिन को नेट पर चेहरे पर लगी चोट

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र को एक और झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज शुरू होने से ठीक एक दिन पहले आज ट्रेनिंग के दौरान उनके चेहरे पर चोट लग गई। 24 वर्षीय खिलाड़ी कैच लेने की कोशिश में बाउंड्री होर्डिंग से टकरा गए, जिससे उनके चेहरे पर चोट लग गई। न्यूजीलैंड टीम के आधिकारिक हैंडल के अनुसार, रवींद्र ने मैदान पर शुरुआती कन्कशन टेस्ट पास कर लिया है, लेकिन आने वाले दिनों में उन्हें कड़ी चिकित्सा निगरानी में रखा जाएगा। यह पहली बार नहीं है जब इस बाएं हाथ के खिलाड़ी को 2025 में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ा हो। इस साल की शुरुआत में, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लाहौर में त्रिकोणीय सीरीज के दौरान, द. अफ्रीका के खिलाफ फ्लड लाइट्स में कैच लेते समय रवींद्र के माथे पर चोट लग गई थी।

### उत्तराखंड में पहली सीबीएसई राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप शुरू

**रूद्रपुर, वार्ता।** उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में पहली केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) राष्ट्रीय तलवारबा. जी प्रतियोगिता मंगलवार को शुरू हुयी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित इस चैंपियनशिप के शुभारंभ के मौके पर खेल मंत्री आर्या ने कहा कि सीबीएससी ने अपनी खेल गतिविधियों में तलवारबाजी को शामिल किया है। पहले चैम्पियनशिप की मेजबानी उधमसिंह नगर को मिली है। इस मौके पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती आर्या ने कहा कि हम तलवारबाजी चैम्पियनशिप आयोजन के लिए उत्साहित हैं।

# एशिया कप जीतकर भारतीय टीम मुंबई पहुंची

● एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत, कप्तान सूर्यकुमार यादव बोले: पाकिस्तान को जवाब देना जरूरी था

**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप जीतने के बाद भारत की टीम सोमवार रात मुंबई एयरपोर्ट पहुंची। यहां टीम का जोरदार स्वागत किया गया। टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को हराया। टीम इंडिया ने पीसीबी-एसीसी चीफ मोहसिन नकवी का बॉयकाट किया और उनसे ट्रॉफी लेने से मना कर दिया। ट्रॉफी विवाद पर कप्तान सूर्या ने कहा- पाकिस्तान को जवाब देना जरूरी था।

उन्होंने आगे कहा कि मेरा और गंभीर का रिश्ता भाई जैसा है। गंभीर भाई जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे वही करता हूं। 35 साल के सूर्या ने एशिया कप जीतने के बाद कोच के साथ अपने तालमेल पर बात की। दोनों के बीच का जुड़ाव 2012 के समय का है। जब गंभीर ने 2012 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को पहला आईपीएल टाइटल जिताया था, तब सूर्या वाइस कैप्टन थे। स्पोर्ट्स वेबसाइट रेव स्पोर्ट्स के बोरिया मजूमदार से बात करते हुए भारतीय कप्तान ने कहा- शहम दोनों के बीच भरोसे का स्तर बहुत बड़ा है। सूर्या ने ट्रॉफी विवाद और फाइनल मैच से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए। भारतीय कप्तान ने कोच से तालमेल पर कहा मेरा और गौती भाई (गंभीर) का रिश्ता छोटे और बड़े भाई जैसा है। गंभीर भाई जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे वही करता हूं। हमारे बीच भरोसे का लेवल बहुत बड़ा है। हम एक-दूसरे को करीब से जानते हैं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। सूर्या ने माना कि उन्होंने केकेआर के दिनों में गंभीर से इस खेल की बारीकियां सीखी थीं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए सूर्या ने कहा कि मैंने रोहित (शर्मा) की कप्तानी में खेला है, लेकिन केकेआर में खेलते समय मैंने उनसे (गंभीर) खेल की कई बारीकियां सीखी हैं। वो सब कुछ झेल चुके हैं, इसलिए जानते हैं खिलाड़ी के दिमाग में क्या चल रहा है। कैसे टूर्नामेंट की तैयारी करनी है, खिलाड़ी को आगे कैसे बढ़ाना है और उसे कैसे डिफेंड करना है। सूर्या ने कहा जब भी मैं डगआउट की ओर देखता हूं और वो वहां होते हैं, तो उनके पास मेरे लिए कुछ न कुछ निर्देश होता है, क्योंकि बाहर से खेल बिल्कुल अलग दिखता है। मैदान पर मेरे दिमाग में बहुत सारी बातें रहती हैं, फील्ड प्लेसमेंट, किसे गेंदबाजी करनी है वगैरह। हर एक-दो ओवर में मैं उनकी ओर देखता हूं और वो जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे मान लेता हूं। यही हमारे बीच का भरोसा है। टीम ने हार्दिक पांड्या को फाइनल में मिस किया सूर्यकुमार ने बताया कि भारतीय टीम ने फाइनल में आलराउंडर हार्दिक पांड्या को मिस किया। फाइनल मैच में हार्दिक चोट के कारण नहीं खेल सके थे।

# पाकिस्तानी खिलाड़ी अब विदेशी टी-20 लीग नहीं खेल सकेंगे


● एशिया कप फाइनल हारने के एक दिन बाद पीसीबी का फैसला बोर्ड ने एनओसी संस्पेंड किए

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पीसीबी ने पाकिस्तान के बाहर टी-20 लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाणपत्र निलंबित कर दिए हैं। बोर्ड के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद सैयद ने 29 सितम्बर को एक नोटिस भेजकर खिलाड़ियों और एजेंटों को इस फ़ैसले की जानकारी दी।

ईएसपीएन क्रिकइंफो द्वारा देखे गए नोटिस में लिखा है कि पीसीबी अध्यक्ष की स्वीकृति से, लीग और अन्य विदेशी टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अगले आदेश तक स्थगित किए जाते हैं। यह कार्रवाई क्यों की गई, इसका कोई कारण नहीं बताया गया है।

रिपोर्टों से पता चलता है कि पीसीबी का लक्ष्य एनओसी को एक प्रदर्शन-आधारित प्रणाली से जोड़ना है, जिसके मानदंड अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। बोर्ड के दृष्टिकोण से, इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और घरेलू प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना है। हालांकि, इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि एनओसी पर वर्तमान निलंबन हटने से पहले इस तरह के मूल्यांकन में कितना समय लगेगा। यह कदम पाकिस्तान की संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप फ़ाइनल में भारत से मिली कड़ी हार के एक दिन बाद उठाया गया है, लेकिन यह उस दौरे से ठीक पहले आया है जिसमें उन्होंने टी-20 त्रिकोणीय सीरीज भी जीती थी। पाकिस्तान की प्रमुख घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता, कायदे-आजम ट्रॉफ़ी भी अक्टूबर में शुरू होने वाली है, जो अपनी मूल तिथि 22 सितम्बर से स्थगित कर दी गई है। एनओसी और किसी भी संभावित छूट या उनकी अवधि के बारे में विवरण अभी तक ज्ञात नहीं हैं। बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी सहित सात पाक खिलाड़ी दिसंबर में शुरू होने वाले इस बीबीएल सीजन में खेलेंगे। 1 अक्तूबर को यूएई में होने वाली इंटरनेशनल लीग 2020 नीलामी के लिए भी 16 पाक खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट में हैं।

# क्रिकेट में राजनीति का प्रवेश चिंताजनक: किरमानी



**बेंगलुरु, वार्ता।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर सैयद किरमानी ने कहा है कि आधु. निक क्रिकेट में राजनीति आ गयी है जो चिंता का विषय है। किरमानी ने कहा कि अशिष्ट व्यवहार, अहंकार और अनादर ने मैदान के सरल और नेक शिष्टाचार की जगह ले ली है। यह सिर्फ एशिया कप की बात नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक और चिंताजनक प्रवृत्ति का हिस्सा है। मुझे अमेरिका, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात से संदेश मिल रहे हैं, जिनमें पूछा जा रहा है: 'मैदान पर इतनी राजनीति क्यों हो रही है? विदेश में अपने दोस्तों से ऐसे शब्द सुनकर मुझे शर्म आती है। किरमानी ने स्पष्ट किया कि क्रिकेट में राजनीति का कोई स्थान नहीं है। मैदान के बाहर जो कुछ भी होता है चाहे वह व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा हो या कुछ और, उसे कभी भी मैदान पर नहीं लाना चाहिए। क्रिकेट राजनीतिक लाभ कमाने का मंच नहीं है। यह हर खिलाड़ी, हर टीम और हर क्रिकेट बोर्ड का दृढ़ विश्वास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे समय में, क्रिकेट एक खेल से कहीं बढ़कर था। यह सम्मान और भाईचारे का प्रतीक था। पाकिस्तानी खिलाड़ी भारत आते थे। हम पाकिस्तान जाते थे।

# मल्होत्रा का तीरंदाजी को नई दिशा देने का श्रेय

● मल्होत्रा ने आईओए का उस वक्त कठिन समय में मार्गदर्शन किया जब देश की खेल छवि राष्ट्रमंडल खेलों के घोटाले से प्रभावित हुई थी

**नई दिल्ली, वार्ता।** विजय कुमार मल्होत्रा को भारतीय तीरंदाजी को नई दिशा देने का श्रेय जाता है। कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ अनुभवी खेल प्रशासक मल्होत्रा का मंगलवार को 93 वर्ष की उम्र में बढती उम्र से जुड़ी बीमारियों के कारण निधन हो गया। भारतीय खेल जगत ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

मल्होत्रा को 2010 राष्ट्रमंडल खेल भ्रष्टाचार मामले में सुरेश कलमाड़ी के गिरफ्तार होने के बाद 26 अप्रैल 2011 से पांच दिसंबर 2012 तक भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। मल्होत्रा ने आईओए का उस कठिन समय में मार्गदर्शन किया जब देश की खेल छवि 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के घोटाले से प्रभावित हुई थी। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने आईओए प्रशासन को कुछ हद तक साफ-सुथरा किया। मिलनसार स्वभाव के मल्होत्रा के अंतरिम कार्यकाल के बाद चुनाव हुए लेकिन उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने आईओए को निलंबित कर दिया।

अभय सिंह चौटाला को अध्यक्ष और ललित भनोट को महासचिव बनाने के बाद आईओए पर चार दिसंबर 2012 को प्रतिबंध लगाया गया जो 11 फरवरी 2014 को ही हट सका। मल्होत्रा आईओए के आजीवन अध्यक्ष बने। वह 1974 तेहरान एशियाई खेलों में भी भारतीय दल के अभियान प्रमुख थे। वह 40 साल से अधिक समय (1973 से 2015) तक भारतीय तीरंदाजी महासंघ के अध्यक्ष रहे और तीरंदाजों की नई पौध तैयार की। आज भारतीय तीरंदाज विश्व स्तर पर अपनी जो छाप छोड़ रहे हैं उसका श्रेय मल्होत्रा के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। दिल्ली के भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू उनके कार्यकाल में एएआई कार्यकारी समिति के सदस्य थे।

म्यूनिख ओलंपिक 1972 में तीरंदाजी को ओलंपिक खेल के रूप में चुने जाने के एक साल बाद 1973 में गठित भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के तहत तीरंदाजी ने मल्होत्रा के अथक प्रयासों से भारत में जड़ें जमा लीं। मल्होत्रा 1972 म्यूनिख ओलंपिक में भारतीय दल के साथ गए थे और वहीं उन्हें यह विचार आया।

# कोच जमील ने भारतीय टीम को अंतिम रूप दिया

● भारत के उभरते फुटबॉल ढ़ांचे में कोच जमील की बढ़ती अहमियत उजागर हुई

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत की राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के पांच खिलाड़ियों को, जिनमें केरल ब्लास्टर्स के दो खिलाड़ी भी शामिल हैं, सिंगापुर के खिलाफ आगामी एएफसी एशियन कप क्वालीफायर से पहले तैयारी शिविर से बाहर कर दिया गया।

केरल ब्लास्टर्स के मोहम्मद ऐमेन और विबिन मोहनन, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के एमएस जितिन सहित, उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें आज मुख्य कोच खालिद जमील ने घर भेज दिया। अन्य दो खिलाड़ी जिन्हें बाहर किया गया, वे थे अशीर अख्तर और मनवीर सिंह (जूनियर)। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब जमील अगले महीने महत्वपूर्ण मैचों के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप दे रहे हैं। त्रिचूर में जन्मे जितिन ने हाल ही में उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान में आयोजित सीएएफए नेशंस कप में शानदार प्रदर्शन किया था।

यह टूर्नामेंट जमील का मुख्य कोच के रूप में पहला कार्यकाल था, जहां भारत ने ओमान पर एक रोमांचक शूटआउट जीत के बाद यादगार तीसरा स्थान हासिल किया। मिडफ़ील्ड में जितिन के योगदान की व्यापक रूप से प्रशंसा की गई, जिससे भारत के उभरते फुटबॉल ढांचे में उनकी बढ़ती अहमियत उजागर हुई।

# सिनर लगातार तीसरी बार चाइना ओपन के फाइनल में



● सिनर ने डायमंड कोर्ट पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के डी मिनौर को हराया

**बीजिंग, वार्ता।** इटली के जैनिक सिनर ने मंगलवार को डायमंड कोर्ट पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 4-6, 6-1 से हराकर लगातार तीसरी बार चाइना ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अपने पहले मैच में 11-0 का दबदबा कायम रखा, जबकि डी मिनौर ने पिछले 11 मुक. ाबलों में एकमात्र बढ़त 2023 पेरिस मास्टर्स में सिनर के मैच से पहले हटने के कारण हासिल की थी। सिनर ने पहला सेट 4-2 के स्कोर पर ब्रेक के साथ जीता और अगले गेम में दो ब्रेक पॉइंट बचाकर 6-3 से जीत हासिल की।

दूसरे सेट में डी मिनौर ने वापसी की, छठे गेम में कड़ी मेहनत की और बाद में ब्रेक लगाकर स्कोर 6-4 कर दिया। इस तरह इतालवी खिलाड़ी के खिलाफ नौ मैचों से चली आ रही जीत का सिलसिला टूट गया। लेकिन दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में फिर से दबदबा बनाया और बेसला. इन पावर और नेट पर टच के मिश्रण से दो बार ब्रेक लगाकर 4-0 की बढ़त बना ली। डी मिनौर ने एक बार शटआउट से बचने के लिए अपनी पकड़ बनाए रखी, लेकिन सिनर ने आखिरी सर्विस में दमदार खेल दिखाया।

## चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में गॉफ



**बीजिंग, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेंसिक को 4-6, 7-6(4), 6-2 से हराकर मंगलवार को चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 15वीं वरीयता प्राप्त और टोक्यो ओलंपिक चैंपियन बेंसिक ने डायमंड कोर्ट पर पहले सेट के आखिर में ब्रेक लगाकर पहला सेट 6-4 से जीत लिया। विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉफ ने दूसरे सेट में भी वापसी की, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के ब्रेक का सामना किया, जिसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने टाईब्रेकर के लिए मजबूर किया, जिसे उन्होंने 7-4 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। एक समय तो बेंसिक ने अपना रैकेट तोड़ दिया और चेयर अंपायर से गॉफ के टीम बॉक्स से ध्यान भटकाने की शिकायत की। 20 वर्षीय गत चैंपियन ने निर्णायक गेम में पूरी तरह से नियंत्रण हासिल कर लिया, दो बार ब्रेक लेकर 5-1 की बढ़त बना ली और फिर आत्मविश्वास से भरी सर्विस होल्ड के साथ मुकाबला जीत लिया।

# अनकैप्ड आसिफ अफरीदी, रोहेल नजीर व फैसल अकरम पाकिस्तान की टेस्ट में शामिल

**इस्लामाबाद, वार्ता।** अनकैप्ड खिलाड़ी आसिफ अफरीदी, फैसल अकरम और रोहेल नजीर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान की 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार (30 सितम्बर) को एक मीडिया विज्ञप्ति में घोषणा की। शान मसूद अपने 12 मैचों में से केवल तीन जीत के खराब कप्तानी रिकॉर्ड के बावजूद टेस्ट टीम की कमान संभालते रहेंगे।

**पाकिस्तानी टीम:** शान मसूद (कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, आसिफ अफरीदी, बाबर आजम, फैसल अकरम, हसन अली, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद रिजवान (विकेट कीपर), नोमान अली, रोहेल नजीर (विकेट कीपर), साजिद खान, सलमान अली आगा, सऊद शकील और शाहीन शाह अफरीदी।



मसूद के अलावा, अब्दुल्ला शफीक और इमाम-उल-हक शीर्ष तीन में हैं, जबकि मध्यक्रम में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, कामरान गुलाम, टी-20 कप्तान सलमान अली आगा और सऊद शकील शामिल हैं। नजीर मेजबान टीम के लिए एक और विकेटकीपर-बल्लेबाज विकल्प हैं। गें. दबाजी के मोर्चे पर, पाकिस्तान ने पांच स्पिनरों - नोमान अली, साजिद खान, अबरार अहमद - के साथ-साथ बाएं हाथ के गेंदबाज अफरीदी और अकरम को भी टीम में शामिल किया है। इस कदम से संकेत मिलता है कि पिचें नीची और धीमी हो सकती हैं। तेज गें. दबाजी में आमिर जमाल, हसन अली, खुर्रम शहजाद और शाहीन शाह अफरीदी का चयन किया गया है। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका 12 अक्टूबर से शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत करेंगे, जिसका पहला मैच लाहौर में खेला जाएगा जबकि रावलपिंडी 20 अक्टूबर से दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

# ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार 16वीं जीत दर्ज करना

**इंदौर, वार्ता।** लगातार पंद्रह हार का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की महिलाओं पर भारी पड़ रहा है क्योंकि वे कल यहां होलकर स्टेडियम में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के दूसरे मैच में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया महिलाओं से भिड़ने के लिए तैयार हैं। व्हाइट फर्न्स की अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आखिरी वनडे जीत फरवरी 2017 में आई थी, और तब से ऑस्ट्रेलिया अडिग है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम इस विश्व कप में शानदार फॉर्म और आत्मविश्वास के साथ उतर रही है, जिसने भारत में 2-1 से सीरीज जीत ली है। उनका शीर्ष क्रम अपने आप में एक मिसाल है: एलिसा हीली कप्तान और विकेटकीपर के रूप में अपना दबदबा कायम रखती हैं, बेथ मूनी भारत के खिलाफ तीन पारियों में 233 रन बनाकर मजबूत स्थिति में हैं, एलिस पेरी बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जबकि जॉर्जिया वोल और फोएबे लिचफील्ड युवा जोश से भरपूर हैं। एश्ले गार्डनर और ताहलिया मैक्ग्रा मध्यक्रम में ताकत प्रदान करती हैं, जिनमें किसी भी आक्रमण को अस्थिर करने के लिए पर्याप्त गहराई है। गें. दबाजी में, मेगन शट्ट और किम गार्थ एक शक्तिशाली नई गेंद की जोड़ी बनाती हैं, जिसे अलाना किंग की लेग-स्पिन, वेयरहैम की विविधताओं और मैक्ग्रा की तेज गेंदबाजी का समर्थन प्राप्त है। गार्डनर एक और विकल्प जोड़ती हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया को उनकी बल्लेबाजी क्षमता के अनुरूप एक संतुलित शस्त्रागार मिलता है। न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका की महिलाओं को घरेलू मैदान पर 2-0 से हराने के बाद शांत आशावाद के साथ उतरी है।

# शाकिब को दोबारा बांग्लादेश की जर्सी नहीं मिलेगी



बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने घोषणा की है कि शाकिब अब बांग्लादेश के लिए नहीं खेलेंगे

**ढाका, वार्ता।** खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को शाकिब के जन्मदिन संदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस मामले पर बीसीबी से बात करेंगे।

बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने घोषणा की है कि शाकिब अल हसन अब बांग्लादेश के लिए नहीं खेलेंगे। यह घोषणा इस क्रिकेटर द्वारा रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को उनके जन्मदिन की बधाई देने के बाद की गई है। इसकी शुरुआत शाकिब द्वारा एक साधारण संदेश पोस्ट करने से हुई, जिस पर आसिफ ने जवाब दिया, हालांकि शाकिब का नाम नहीं लिया कि आप सभी ने एक व्यक्ति का पुनर्वास न करने के लिए मुझे बहुत गालियां दी हैं। लेकिन मैं सही था। अब बात यहीं खत्म। ढाका स्थित चैनल 24 से बात करने से पहले, आसिफ़ ने कहा कि वह बीसीबी को शाकिब को दोबारा न चुनने का निर्देश देंगे और इस बारे में और भी संदेश सार्वजनिक रूप से सामने आए। उन्होंने कहा कि शाकिब अवामी लीग की राजनीति में गहराई से शामिल हैं। आसिफ ने कहा कि हम उन्हें बांग्लादेश का झंडा नहीं उठाने देंगे। मेरे लिए उन्हें बांग्लादेश की जर्सी पहनने की इजाजत देना संभव नहीं होगा। हो सकता है कि मैंने बीसीबी को पहले यह न बताया हो, लेकिन अब बीसीबी के लिए मेरा स्पष्ट निर्देश यही है कि शाकिब अल हसन फिर कभी बांग्लादेश के लिए नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने जितनी बार देश में प्रवेश करने और बांग्लादेश के लिए खेलने के लिए कहा है, उन्होंने कहा है कि अवामी लीग ने उन्हें (2024 के आम चुनाव) के लिए जबरन नामांकन दिया था। उन्होंने दावा किया कि वह राजनीति में शामिल नहीं हैं। वह अपने क्षेत्र (मगुरा) के लोगों के लिए काम करने के लिए सांसद बनना चाहते थे। हालांकि, सच्चाई यह है कि वह अवामी लीग की राजनीति में गहराई से शामिल हैं। शाकिब ने दावा किया कि उन्होंने हसीना को शुभकामनाएं दी थीं क्योंकि वे एक-दूसरे को राजनीति में आने से पहले से जानते थे और इस पोस्ट का उद्देश्य किसी को भड़काना नहीं था। उन्होंने कहा कि वह (हसीना) हमेशा से क्रिकेट को गंभीरता से लेती रही हैं हैं ना? वह क्रिकेट से गहराई से जुड़ी हुई थीं। राजनीति से पहले भी, क्रिकेट के जरिए ही हमारा रिश्ता था। मैं इसी नजरिए से उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। कोई और मकसद नहीं था या किसी को भड़काने की कोशिश नहीं थी। शाकिब पिछले साल जनवरी से अगस्त तक अवामी लीग के सांसद थे, उसके बाद छात्रों के नेतृत्व वाली क्रांति में सरकार गिर गई थी। हसीना 5 अगस्त को भारत भाग गईं, जबकि शाकिब तब से अब तक घर नहीं लौटे हैं।

# न्यूजीलैंड टी-20 सीरीज से बाहर मैक्सवेल

● मैक्सवेल नेट्स प्रैक्टिस के दौरान लगी गंभीर चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल आज नेट्स के दौरान लगी गंभीर चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। 36 वर्षीय मैक्सवेल मिशेल ओवेन को गेंदबाजी कर रहे थे, तभी एक जोरदार ड्राइव उनके अग्रभाग पर लगी।

बाद में स्कैन में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को उनकी जगह विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप को टीम में शामिल करना पड़ा। मैथ्यू शॉर्ट, जिन्होंने बगल के नेट से इस घटना को देखा, ने इस घटना को याद करते हुए कहा। शॉर्ट ने कहा कि मैंने अपनी आंख के कोने से इसे देखा। हम एक मार्की के नीचे प्रशिक्षण ले रहे थे, इसलिए यह बहुत गूंजदार और तेज था। मैंने ओवेन को इसे धुआं देते देखा और फिर उसके बाद जो हुआ-यह मैक्सी की कलाई पर लगा। यह अच्छा नहीं लगा। उन्होंने आगे कहा कि मैक्सवेल, जिन्हें हाल के वर्षों में कई असफलताएं मिली हैं, स्पष्ट रूप से निराश दिख रहे थे। ओवेन वह खिलाड़ी नहीं है जिसे आप टी-20 ट्रेनिंग में गेंदबाजी करना चाहेंगे, यह तो तय है। मैक्सी पहले भी कई बार इस स्थिति से गुजर चुके हैं। वह थोड़े निराश जरूर थे, लेकिन यह किसी भी अन्य चोट की तरह ही है। मुझे यकीन है कि वह इससे उबर जाएंगे। मैक्सवेल की दुर्भाग्यपूर्ण चोटों की श्रृंखला में यह ताजा चोट और जुड़ गई है। 2022 में, एक जन्मदिन की पार्टी में एक अजीबोगरीब दुर्घटना में उनका पैर टूट गया था, जब एक दोस्त उन पर गिर गया था। इस चोट के लिए सर्जरी की जरूरत पड़ी थी और अभी भी उसका इलाज चल रहा है। 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के दौरान, गोल्फ कार्ट से गिरने के बाद उन्हें कन्कशन भी हुआ था। ऑस्ट्रेलिया 2026 के टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए न्यूज़ीलैंड सीरीज का इस्तेमाल कर रहा है, ऐसे में मैक्सवेल को अब 29 अक्टूबर से कैनबरा में भारत के खिलाफ शुरू होने वाली टी-20 सीरीज के लिए अपनी फिटनेस हासिल करने के लिए समय के खिलाफ संघर्ष करना पड़ रहा है। उनकी अनुपस्थिति से अनुभवी मार्कस स्टोइनिस, जिन्होंने आखिरी बार नवंबर 2024 में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले थे।

# गाजा पर गंभीर प्रस्ताव

देर से ही सही गाजा में सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से 20 प्वाइंट का एक प्लान सामने आया है। जिस तरह उनके इस नए प्रस्ताव को विश्व स्तर पर सहमति मिल रही है, उससे यह भी आशा बनती है कि जल्द ही इजरायल व हमास के बीच सीजफायर हो जाएगा। अभी इस पर अंतिम मोहर लगना बाकी है, क्योंकि हमास ने कहा कि अभी तक उसको यह प्रस्ताव नहीं मिला है। प्रस्ताव के बाद ही वह विचार करेगा। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को यह कहकर धमकी दी है कि अगर वह इस प्लान को नहीं मानता, तो इजरायल के पास उसे खत्म करने का पूरा अधिकार है और अमेरिका इसमें साथ देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह प्लान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से सोमवार को वाशिंगटन डीसी में हुई बातचीत के बाद आया है। इससे साफ है कि उनके इस प्लान से नेतन्याहू भी पूरी तरह सहमत हैं। इस प्रस्ताव में तुरंत युद्ध रोकना, गाजा से इजरायल का हटना, बंधकों का छोड़ना, कैदियों की रिहाई, गाजा में अबाध रूप से रसद का पहुंचना शामिल है। प्रस्ताव में एक शांति बोर्ड बनाने की बात भी कही गई है जिसके अध्यक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति खुद होंगे। इसमें ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी के साथ-साथ अन्य देशों के नेता भी होंगे। जाहिर है प्रस्ताव बताता है कि यह फलस्तीन देश के बनने में एक बड़ा कदम है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रम्प के इस प्रस्ताव का जहां समर्थन किया है, वहीं आठ अरब इस्लामी देशों ने भी इसका स्वागत किया है। जिसमें जॉर्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा है कि क्षेत्र में शांति के लिए अमेरिका से साझेदारी जरूरी है। इन आठ राष्ट्रों ने एक संयुक्त बयान के माध्यम से इस प्रस्ताव का स्वागत किया है। यूरोप के देशों में ब्रिटेन, फ्रांस पूरी तरह इस प्रस्ताव का समर्थन करते दिखाई दे रहे हैं। जाहिर है इस प्रस्ताव को मंजूर करने के लिए अब हमास पर भी दबाव होगा। इस पूरे प्रस्ताव में जहां रुकावट आ सकती है, उसका सबसे बड़ा पेंच यह है कि इसमें हमास से हथियार छोड़ने की बात कही गई है। साथ ही वह किसी सरकार में भी शामिल नहीं होगा। इस तरह की शर्त मानना हमास के लिए भी आसान नहीं होगा, क्योंकि देखने में भी आ रहा है कि हमास को पूरी तरह नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल है, क्योंकि गाजा में उनके पास भारी जनसमर्थन है और वे वहां सरकार भी चलाते रहे हैं, लेकिन ये सब बातें बाद की हैं, इस समय जो सबसे बड़ी जरूरत है वहां तुरंत सीजफायर लागू होने की है, क्योंकि अब तक हुए युद्ध में जहां गाजा पूरी तरह बर्बाद हो गया है, वहीं 65 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिसमें आधे से अधिक संख्या महिलाओं व बच्चों की है। इजरायल की नाकाबंदी के चलते वहां रसद नहीं पहुंच पा रही है। खाने पीने के मामले में अकाल जैसी स्थिति बनी हुई है, लोगों के भूख से मरने की खबर भी आ रही है। दवाइयों का पूरी तरह अभाव है। मतलब साफ है कि सारा ढांचा वहां चरमरा गया है। जरूरत वहां शांति सैनिकों को भेजने की भी है, जिसके बारे में प्रस्ताव में कहा गया है।

## कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा



26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद मेरे मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया, पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतर्राष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था, पूरी दुनिया का दबाव था, हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था, तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा कि कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा, कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी, मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से चर्चा की थी। पीएम ने तो इस पर चर्चा हमले के दौरान ही कर ली थी।

**-पी. चिदंबरम, पूर्व गृह मंत्री**

# भाजपा का महिला सशक्तिकरण: वास्तविकता और दिखावा



भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका लंबे समय से बहस का विषय रही है। स्वतंत्रता संग्राम में हमने रानी लक्ष्मीबाई से लेकर सरोजिनी नायडू और अरुणा आसफ अली तक अनगिनत महिलाओं को नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में देखा। कांग्रेस पार्टी के इतिहास में यह परंपरा लगातार जारी रही। आजादी के बाद से के कई राज्यों मे महिला मुख्यमंत्री रहीं, इंदिरा गांधी के रूप में देश को पहली महिला प्रधानमंत्री मिली और बाद के दशकों में शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज जैसी नेता राष्ट्रीय परिदृश्य पर चमकीं। आज भी कांग्रेस प्रियंका गांधी को राहुल गांधी के साथ बराबरी से आगे करती है और चुनावी अभियानों में उन्हें प्रमुख वक्ता के रूप में प्रस्तुत करती है। कांग्रेस की आलोचनाएं भले हों, लेकिन उसके विचार और नीति में कभी यह स्पष्ट नहीं रहा कि महिलाओं की भूमिका को राजनीति में सीमित रखा जाए या उन्हें पीछे धकेला जाए।

इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी और उससे जुड़ा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अपनी वैचारिक धारा में महिलाओं को सीमित भूमिकाओं तक ही बांधने की नीति रखते हैं। संघ के दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर की पुस्तक बंच ऑफ थॉट्स में महिलाओं की भूमिका को लेकर जो दृष्टिकोण सामने आता है, वह यही है कि महिला मुख्यत: परिवार की धुरी है। उसकी जिम्मेदारी घर, बच्चों के पालन-पोषण और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण तक सीमित है। इस विचारधारा में राजनीति, प्रशासन और सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की सक्रियता को महत्व नहीं दिया गया। यही कारण है कि संघ की संरचना में आज तक कोई महिला प्रमुख पद पर नहीं रही। दिखावे के लिए महिला शाखा या प्रकोष्ठ बनाए गए हैं, लेकिन उनका असर नगण्य है। भाजपा अपने शासनकाल में महिला सशक्तिकरण की बड़ी-बड़ी बातें करती है। हाल ही में महिला आरक्षण विधेयक पास करके उसने अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। लेकिन इसमें भी उसने लागू करने की तारीख 2030 के बाद के लिए डाल दी। यदि नियत साफ होती तो इस आरक्षण को तुरंत लागू किया जा सकता था। असल में यह केवल वोट बैंक को लुभाने की रणनीति है। महिलाओं को आकर्षित करने के लिए योजनाओं की झड़ी लगाई जाती है स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, जनधन खातों का प्रचार, मुफ्त गैस कनेक्शन, शौचालय निर्माण आदि। इन योजनाओं से लाभ जरूर मिलता है लेकिन राजनीति और सत्ता में महिलाओं की निर्णायक हिस्सेदारी अब तक नहीं बढ़ी। भाजपा शासित किसी भी राज्य में आज एक भी महिला मुख्यमंत्री नहीं है। केंद्र सरकार में भी गिनती की महिलाएं मंत्री हैं और उनमें से भी केवल एकाध को ही कैबिनेट स्तर की जिम्मेदारी मिली है।

यहां तक कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उदाहरण भी सामने है। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति होने के बावजूद उन्हें प्रमुख धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजनों से दूर रखा जाता है। अयोध्या राममंदिर के उद्घाटन में वे उपस्थित नहीं थीं, मथुरा की यात्रा में भी उनका स्वागत औपचारिकता तक सीमित रहा। यह दर्शाता है कि भाजपा महिलाओं को केवल प्रतीकात्मक सम्मान देती है, वास्तविक निर्णयकारी भूमिका से दूर रखती है। इसके विपरीत कांग्रेस का इतिहास बताता है कि उसने महिलाओं को बराबरी का अवसर देने की कोशिश की। इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक, पार्टी का नेतृत्व महिलाओं के हाथ में रहा है। प्रियंका गांधी आज भी पार्टी की राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हैं। राज्यों में भी कांग्रेस ने महिलाओं को मुख्यमंत्री के रूप में अवसर दिया है। यह सही है कि कांग्रेस ने कोई ठोस दीर्घकालिक महिला नीति नहीं बनाई, लेकिन उसकी बुनियादी सोच में महिलाओं को राजनीति से अलग रखने का भाव कभी नहीं रहा। यही फर्क है जो भाजपा और कांग्रेस की नीतियों में साफ नजर आता है। भाजपा की राजनीति में आज भी बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यकर्ता के रूप में मौजूद हैं। पार्टी के आयोजन, चुनाव प्रचार और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी भागीदारी दिखाई देती है, लेकिन जब बात नेतृत्व की आती है तो पंक्ति के सबसे पीछे उन्हें खड़ा कर दिया जाता है। गोलवलकर की नीति का यही असर है कि भाजपा महिलाओं को केवल सांस्कृतिक संरक्षण और घरेलू दायरे में देखने की प्रवृत्ति को अब भी कायम रखे हुए है। असलियत यह है कि महिला सशक्तिकरण का जो एजेंडा भाजपा ने अपनाया है, वह केवल दिखावे का अधिक और वास्तविकता का कम है। योजनाएं, घोषणाएं और प्रतीकात्मक सम्मान एक ओर हैं, लेकिन निर्णय और सत्ता में भागीदारी दूसरी ओर है। आजादी के बाद से अब तक महिलाओं की स्थिति में जो सुधार आया है, वह उनकी अपनी संघर्षशीलता और समाज की प्रगतिशील धारा का परिणाम है, भाजपा की वैचारिक सोच का नहीं। इसलिए जरूरी है कि महिला आरक्षण को तुरंत लागू किया जाए, महिलाओं को नेतृत्व में अवसर दिया जाए और केवल वोट बैंक की राजनीति से उन्हें भ्रमित न किया जाए। कांग्रेस की परंपरा और स्वतंत्रता संग्राम की विरासत हमें यह सिखाती है कि जब महिलाएं राजनीति और समाज में बराबरी से आगे आती हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है। भाजपा को भी यदि वास्तव में महिला सशक्तिकरण की चिंता है तो उसे अपनी वैचारिक सीमाओं को तोड़कर महिलाओं को वास्तविक शक्ति और सम्मान देना होगा। अन्यथा उसका एजेंडा महज दिखावा ही कहलाएगा।

**-आरती चौधरी**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विशेष**

# बुजुर्गों के प्रति हृदय में हर पल हो सम्मान

वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने हालांकि वर्ष 1999 में एक राष्ट्रीय नीति बनाई थी तथा उससे पहले वर्ष 2007 में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण विधेयक भी संसद में पारित किया गया था, जिसमें माता-पिता के भरण-पोषण, वृद्धाश्रमों की स्थापना, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा का प्रावधान था लेकिन इसके बावजूद देशभर में वृद्धाश्रमों में बढ़ती संख्या इस तथ्य को इंगित करती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को उपेक्षित किया जा रहा है। कुछ समय पहले 96 देशों में कराए गए एक सर्वे के बाद 'ग्लोबल एज वॉच इंडेक्स' जारी किया गया था।



**योगेश कुमार गोयल**

भारतीय संस्कृति में सदा से ही बड़ों के आदर-सम्मान की परम्परा रही है लेकिन आज दुनिया के अन्य देशों सहित हमारे देश में भी वृद्धजनों पर बढ़ते अत्याचारों की खबरें समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। अधिकांश परिवारों में वृद्ध जिस तरह की उपेक्षा झेलने को मजबूर हैं, उससे ज्यादा पीड़ादायक और क्या हो सकता है। समृद्ध परिवार होने के बावजूद घर के बुजुर्ग वृद्धाश्रमों में जीवनयापन करने को विवश हैं। बहुत से मामलों में बच्चे ही उन्हें बोझ मानकर वृद्धाश्रमों में छोड़ आते देते हैं। हालांकि यह उम्र का ऐसा पड़ाव होता है, जब उन्हें परिजनों के अपनेपन, प्यार और सम्मान की सर्वाधिक जरूरत होती है। एक व्यक्ति जिस घर-परिवार को बनाने में अपनी पूरी जिंदगी खपा देता है, वृद्धावस्था में जब उसी घर में उसे अवांछित वस्तु के रूप में देखा जाने लगता है तो लगता है जैसे उस घर में रहने वालों की इंसानियत और उनके संस्कार मर चुके हैं।

विश्वभर में ऐसे हालात को देखते हुए ही वृद्धजनों के लिए कुछ कल्याणकारी कदम उठाने की जरूरत महसूस हुई थी। इसीलिए वर्ष 1982 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'वृद्धावस्था को सुखी बनाइए' जैसा नारा देते हुए 'सबके लिए स्वास्थ्य' अभियान का शुरू किया था। वृद्धों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने और वृद्धजनों के प्रति उदारता व उनकी देखभाल की जिम्मेदारी के अलावा उनकी समस्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र ने 14 दिसंबर 1990 को निर्णय लिया कि प्रतिवर्ष एक अक्तूबर का दिन दुनियाभर में 'अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की इस पहल के बाद एक अक्तूबर 1991 को पहली बार यह दिवस मनाया गया, जिसे 'अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस' के नाम से भी जाना जाता है। बुजुर्गों के प्रति वैसे तो सभी के हृदय में हर पल, हर दिन सम्मान का भाव होना चाहिए लेकिन दिल में छिपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए औपचारिक तौर पर यह दिन निश्चित किया गया।

1991 में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरूआत के बाद वर्ष 1999 को पहली बार 'बुजुर्ग वर्ष' के रूप में भी मनाया गया था। इस वर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' 'स्थानीय और वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने वाले वृद्धजन रू हमारी आकांक्षाएं, हमारा कल्याण, हमारे अधिकार' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय लचीले और समतामूलक समाजों के निर्माण, अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को बढ़ावा देने तथा वृद्ध लोगों के अधिकारों और कल्याण को नीति और कार्रवाई का केंद्र बनाने में वृद्धों की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर देता है।

भारतीय समाज में सयुंक्त परिवार को हमेशा से अहमियत दी गई है लेकिन आज के बदलते परिवेश में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की अवधारणा खत्म होती जा रही है। यही कारण है कि लोग अपने बुजुर्गों से दूर होते जा रहे हैं और नई पीढ़ी दादा-दादी, नाना-नानी के प्यार से वंचित होती जा रही है। एकल परिवार के बढ़ते चलन के कारण ही परिवारों में बुजुर्गों की उपेक्षा होने लगी है। न चाहते हुए भी बुजुर्ग अकेले रहने को मजबूर हैं। इसका एक गंभीर परिणाम यह देखने को मिला है कि बुजुर्गों के प्रति अपराध भी तेजी से बढ़े हैं।

शहरों-महानगरों में आए दिन बुजुर्गों को निशाना बनाए जाने की खबरें दहला देती हैं। दूसरा गंभीर परिणाम यह कि बच्चों को बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य नहीं मिलने के कारण उनके जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। एक सर्वे के अनुसार दादा-दादी या नाना-नानी के साथ रहने वाले बच्चों का विकास अकेले रहने वाले बच्चों की तुलना में कहीं ज्यादा अच्छा और मजबूत होता है और ऐसे बच्चों में आत्मविश्वास भी अधिक देखने को मिला है। आज पति-पत्नी दोनों ही कामकाजी हैं, ऐसे में बच्चे घर में अकेले रहते हैं और कम उम्र में ही उनमें अवसाद जैसी समस्याएं पनपने लगती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# फेस्टिव सीजन में ऐसे करें स्किन केयर, मिलेगा नेचुरल ग्लो



**शहनाज हुसैन**

आजकल फेस्टिवल सीजन की धूम है ६यह पर्व पुरे साल में बेहद कल्याणकारी और उत्साह से भरा रहता है। इस दौरान लड़कियां खास तौर पर तैयार होकर मां दुर्गा की पूजा। अर्चना करती हैं इसके अतिरिक्त महिलाएं घर की खरीदारी और त्यौहार की तैयारियों में काफी ऊर्जा लगाती हैं जिससे उनका चेहरा थका और बुझा सा दीखता है। अगर आप भी उनमें से हैं तो घबराने की कतई जरूरत नहीं बल्कि कुछ स्किन केयर टिप्स को फॉलो करें और आपके चेहरे पर आभा और निखार बना रहेगा ६

**हेल्दी डाइट लें**

जो आप खाते हैं वही आपकी स्किन पर नजर आता है। संतुलित भोजन, पर्याप्त पानी, नियमित वॉक और पर्याप्त नींद के साथ आप बिना किसी परेशानी के त्योहारों का आनंद ले सकते हैं। दिन की शुरुआत एक ग्लास गुनगुने पानी और नींबू से करें और प्रोसेस्ड फूड से दूरी बनाए रखें। त्योहारों में हेल्दी रहने का सबसे पहला फॉर्मूला है खाने।पीने की थोड़ी प्लानिंग करके चलें। अगर आप उपवास कर रही हैं, तो दूध, सूखे मेवे, खजूर और मौसमी फल अपनी डाइट में शामिल करें। वहीं अगर व्रत नहीं कर रही हैंए तो तली।भुनी और ज्यादा मसालेदार चीजों से दूरी बनाकर रखें। मीठा भी कम खाएं, क्योंकि इससे त्वचा पर मुंहासे निकल सकते हैं। इस दौरान सोशल लाइफ काफी एक्टिव रहती है और आपको अनेक सामाजिक समरोहों ६ डिनर पार्टियों में जाना पड़ सकता है। ऐसे में स्वस्थ विकल्प पूछने से न डरें। अक्सर वहां बहुत सारे फल, हरी सब्जियां और साबुत अनाज उपलब्ध होते हैं। इस दौरान भोजन कतई न छोड़ें क्योंकि इससे बाद में ज्यादा खाने की प्रवृत्ति हो सकती है। इसके बजाय पूरे दिन नियमित भोजन और नाश्ता करें। जब खाना भरपूर और स्वादिष्ट हो तो ज्यादा खाना आसान है। अपने हिस्से के आकार का ध्यान रखें और छोटे निवाले लें। नाश्ते में पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को शामिल हो। दोपहर की थाली में साबुत अनाज, फल और सब्जियों को शामिल करें। रागी का सूप, वेजिटेबल सूप, मूंग दाल का सूप, खिचड़ी और वेजिटेबल दलिया डिनर का बेहतर विकल्प हो सकते हैं जो दिन के गरिष्ठ खाने के बाद रात के वक्त पेट की सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। रात का डिनर लाइट करें। शाम को अगर पकवान ज्यादा खा लिए हैंए तो डिनर स्किप भी कर सकते हैं।

**एक्टिव रहें**

त्योहारों में व्यस्तता के कारण लोग वॉक या एक्सरसाइज छोड़ देते हैं, जिससे कैलोरी बर्न नहीं हो पाती इस दौरान नियमित रूप से डांसिंग, ब्रिस्क वॉकिंग या आउटडोर खेल आदि गतिविधिओं में कम से कम 30 मिनट का समय दें। रात देर तक जागने और सुबह जल्दी उठने से शरीर की बायोलॉजिकल क्लॉक बिगड़ जाती हैए जिससे थकान और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता हैण् कोशिश करें कि त्योहारों में भी कम से कम 7।8 घंटे की नींद लें। साइकिल चलाना, सीढ़ियां चढ़ना, और रोजाना पैदल चलना भी जरूरी है। सोने से पहले तनाव से बचने के लिए स्क्रीन्स टाइम को कम करें और पढ़ने या ध्यान करने जैसी गतिविधियों से जुड़े रहें। इसके अलावा रात के समय पर्याप्त नींद जरूर पूरी करें और कम से कम तनाव लेने का प्रयार करें। वहीं समय- समय पर अपनी दवाएं लेना न भूलें।

**नारियल का पानी**

नारियल पानी प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक पेय है जोकि शरीर को हाइड्रेट करता है जिससे आप उर्जाबान और एक्टिव महसूस करते हैं यह ना सिर्फ शरीर को ठंडक देता है बल्कि इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है, जो ताजगी और ऊर्जा प्रदान करते हैं नारियल पानी पीने से थकान और कमजोरी दूर होती है और यह पाचन क्रिया को भी सुधारता है। नारियल पानी दिन के किसी भी समय पिया जा सकता है, लेकिन आयुर्वेदाचार्य इसे सुबह खाली पेट पीने की सलाह देते हैं ताकि आपको इसका अधिकतम लाभ मिल सके। नारियल पानी में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी होते हैंए जो स्किन को अंदर से ग्लोइंग बनाने में मददगार है। सुबह खाली पेट एक गिलास नारियल पानी पीने से त्वचा हेल्दी और आकर्षक बनती है।

नारियल पानी में फाइबर होता है जो पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। रोजाना एक गिलास नारियल पानी पीने से पेट को हेल्दी रखने में मदद मिल सकती है। नारियल पानी में 94 प्रतिशत पानी की मात्रा होती है। ए शरीर को जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करता है। त्योहारों के दौरान आउटडोर एक्टिविटीज शॉपिंग, घर की साज सजा से हुई थकावट में नारियल पानी का सेवन काफी लाभदायक माना जाता है क्योंकि इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर को हाइड्रेटेड और उर्जाबान रखने में मदद करते हैं।

**फ्लेवर्ड पानी**


त्योहारों में डी हाइड्रेशन से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दी जाती है लेकिन अनेक लोगों बदलते मौसम की बजह से सादे पानी का स्वाद पसन्द नहीं आता जिसकी बजह से बह पानी पीने से कतराते हैं। अगर आप भी उनमें से हैं तो फ्लेवर्ड पानी- आपके लिए बेहतर विकल्प है। फलों से तैयार यह पानी आपके लिए स्वास्थ्यवर्धक हो सकता है। आपको उम्दा स्वाद भी देगा और पानी की कमी भी नहीं होने देगा। फ्लेवर्ड पानी बनाने के लिए सादे पानी में ताजे फल, जड़ी बूटियों, सब्जियों और मसालों आदि का स्वाद मिलाकर इसे स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाया जाता है। पानी को फ्लेवर्ड बनाने से उसमें विटामिन्स और मिनरल्स की मात्रा भी बढ़ जाती है जिससे हम दिन भर उर्जाबान रहते हैं। फ्लेवर्ड पानी के कारण हम कार्बोनेटेड ड्रिंक्स सोडा आदि के सेवन से बचे रहते हैं। फ्लेवर्ड वॉटर में कई तरह के फल और जड़ी बूटियों के तत्व मिले होने से यह हेल्दी होता है और अच्छे से डिटॉक्स करता है६ लेकिन फ्लेवर्ड वॉटर तब हानिकारक भी हो जाता है, अगर वह बाजार का बोतल बंद फ्लेवर्ड वॉटर है और उसमें जरूरत से ज्यादा कृत्रिम मिठास और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं। फ्लेवर्ड वॉटर बनाने के लिए मटके या सुराही में ठण्डा पानी भरें ६ इसमें पतली कटी हुई फल, हर्ब्स या मसालों की स्लाइस डालें ६ इसे कुछ घण्टे या रात्रि भर रेफ्रीजिरेटर में ठण्डा होने दें ६अब आपका फ्लेवर वाटर तैयार हो गया है।

**आइस्ड हर्बल चाय**

त्योहारों में बार बार गरमा-गरम चाय कॉफी और एरेटेड ड्रिंक्स पीना सेहत के लिए नुकसान दायक सावित हो सकता है। ऐसे में आप एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर हर्बल चाय ट्राई कर सकते हैं जोकि सेहत और स्वाद दोनों तरफ से बेहतर सावित होगी हर्बल चाय, खासकर मिंट और ग्रीन टी इस दौरान बहुत फायदेमंद होती है। यह न केवल शरीर को हाइड्रेट करती हैए बल्कि शांति और ताजगी भी देती है६ हर्बल चाय में शहद या कम चीनी का उपयोग करें ताकि यह ज्यादा हेल्दी रहे। हर्बल चाय के साथ साथ आप आइस्ड टी भी उपयोग कर सकते हैं जोकि आपको तरोताजा रखेगी। आइस्ड टी में हर्बल चाय के अतिरिकत कुछ कूलिंग और रिफ्रेशिंग चीजों को भी शामिल किया जाता है। दिन में एक हर्बल आइस टी के सेवन से उच्च रक्तचत, शुगर और तनाव को नियन्त्रित करने में मदद मिलती है। हर्बल आइस टी तुलसी, दालचीनी, मुलेठी, पुदीना, लौंग, काली मिर्च आदि से बनती है ६ आप कैमोमाइल, पेपरमिंट, या हिबिस्कस की आइस टी बनाकर भी पी सकते हैं।

# इजरायल गाजा में जंग रोकने को तैयार

## ट्रम्प ने 20 पाइंट का प्लान बनाया, नेतन्याहू से कहा: हमास नहीं माने, तो उसे खत्म कर दो






**वाशिंगटन।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में सीजफायर पर सहमत हो गए हैं। नेतन्याहू ने सोमवार (29 सितम्बर) रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से वाशिंगटन डीसी में मुलाकात की। इसके बाद दोनों नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।

ट्रम्प ने सीजफायर के लिए 20 पाइंट का एक प्लान तैयार किया है। ट्रम्प ने कहा कि अगर हमास इस प्लान को नहीं मानता तो इजरायल के पास उसे खत्म करने का पूरा अधिकार है और अमेरिका इसमें साथ देगा। वहीं, नेतन्याहू ने कहा गाजा में एक शांतिपूर्ण प्रशासन होगा।

हमास के सभी हथियार हटाए जाएंगे और गाजा से इजरायल धीरे-धीरे पीछे हटेगा। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि यह काम आसान या मुश्किल तरीके से होगा, लेकिन इसे पूरा जरूर किया जाएगा। अगर हमास इस प्लान को नहीं मानेगा तो इजरायल खुद यह काम पूरा करेगा। इधर, हमास ने हथियार डालने से इन्कार कर दिया। कहा कि हमें प्लान का औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है। वहीं, फलस्तीनी सरकार ने ट्रम्प के प्लान का स्वागत किया है। ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस प्लान में गाजा में युद्ध रोकना, सभी बंधकों को छोड़ना और गाजा में प्रशासन चलाने के लिए एक अस्थाई बोर्ड बनाने का प्रस्ताव है। इस बोर्ड की अध्यक्षता ट्रम्प करेंगे और इसमें पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी होंगे।

### सीजफायर के लिए 20 पाइंट

**1. तुरंत युद्ध रोकना:**

इजरायल और हमास के बीच सहमति बनी तो गाजा में युद्ध तुरंत खत्म होगा।

**2. इजरायल पीछे हटेगा:**

सहमति से इजरायल अपनी सेनाओं को धीरे-धीरे गाजा से निकाल लेगा।

**3. बंधकों को छोड़ना:**

हमास 72 घंटे में सभी इजरायली बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें जिंदा और मृत दोनों होंगे।

**4. कैदियों की रिहाई:**

युद्ध खत्म होने पर इजरायल, गाजा के उम्रकैद की सजा काट रहे 250 लोगों और अन्य 1700 कैदियों को छोड़ देगा।

**5. शवों का आदान-प्रदान:**

हर मृत इजरायली कैदी के बदले 15 मृत फलस्तीनी कैदियों के शव लौटाए जाएंगे।

**6. गाजा को आतंक मुक्त बनाना:**

गाजा से हमास के सारे ठिकाने और हथियार हटाए जाएंगे।

**7. हमास प्रशासन में शामिल नहीं:**

हमास और अन्य लड़ाके गाजा की सरकार में हिस्सा नहीं लेंगे।

**8. अंतरिम प्रशासन समिति:**

गाजा के लिए एक अस्थाई तकनीकी समिति बनाई जाएगी, जिसमें योग्य लोग होंगे।

**9. शांति बोर्ड बनेगा:**

इस बोर्ड की अध्यक्षता अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे, इसमें टोनी ब्लेयर और अन्य देशों के नेता शामिल होंगे।

**10. पुनर्निर्माण योजना:**

बोर्ड गाजा के विकास और सुधार की योजना बनाएगा और उसका खर्च उठाएगा।

**11. मानव सहायता:**

गाजा को तुरंत पर्याप्त मदद दी जाएगी।

**12. विशेष व्यापार क्षेत्र:**

गाजा में खास व्यापारिक क्षेत्र बनाए जाएंगे, जिससे रोजगार बढ़ेगा।

**13. लोगों की आजादी:**

किसी को गाजा छोड़ने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा, जो चाहे जा सकता है और लौट सकता है।

**14. सुरक्षा के लिए फोर्सेस:**

एक अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बल गाजा में सुरक्षा बनाए रखेगा।

**15. पुलिस की ट्रेनिंग:**

सुरक्षा बल गाजा पुलिस को ट्रेनिंग देंगे और मदद करेंगे।

**16. सीमा सुरक्षा:**

इजरायल और मिस्र की सीमाओं पर सुरक्षा मजबूत होगी।

**हमास के सभी हथियार हटाए जाएंगे और गाजा से इजरायल धीरे-धीरे पीछे हटेगा**

**17. लड़ाई बंद:**

युद्ध खत्म होने तक हवाई हमले और गोलाबारी रोकी जाएगी।

**18. मानवाधिकार सुनिश्चित:**

अंतर्राष्ट्रीय संगठन गाजा में मदद और सुरक्षा की निगरानी करेंगे।

**19. शांति बातचीत:**

इजरायल और फलस्तीन के बीच शांति के लिए बातचीत शुरू होगी।

**20. भविष्य की योजना:**

इस योजना का मकसद गाजा में स्थाई शांति, विकास और बेहतर जीवन लाना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद दोनों नेता बिना मीडिया के सवाल लिए चले गए। ट्रम्प और नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिपोर्टर्स के सवाल नहीं लिए। ट्रम्प ने कहा कि अभी दस्तावेज साइन होने और सब कुछ तय होने तक सवाल लेना ठीक नहीं है। ट्रम्प ने नेतन्याहू से पूछा कि क्या वे कुछ इजरायली पत्रकारों के सवाल लेना चाहेंगे, इस पर नेतन्याहू ने कहा कि मैं आपके फैसले पर भरोसा करूंगा। इसके बाद रिपोर्टर्स सवाल पूछने लगे, लेकिन दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और वहां से चले गए। ट्रम्प ने बताया कि इस प्लान के बनने के दौरान पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर उनके साथ संपर्क में थे।

## ट्रम्प की गाजा शांति योजना का 8 अरब-इस्लामी देशों ने किया स्वागत

**दुबई।** आठ अरब और मुस्लिम बहुल देशों ने मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा युद्ध को खत्म करने और क्षेत्र में शामिल बहाल करने के लिए पेश की गई 20 बिंदुओं वाली योजना का स्वागत किया।

यह योजना ट्रम्प और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई बातचीत के बाद पेश की गई थी। इसमें गाजा युद्ध को तत्काल रोकने और हमास द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों को 72 घंटों के भीतर रिहा करने का प्रस्ताव है। हालांकि, हमास ने अभी तक इस शांति योजना को स्वीकार नहीं किया है। जिन देशों के विदेश मंत्रियों ने इस योजना का समर्थन किया है, उनमें जार्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए अमेरिका के साथ साझेदारी जरूरी है। संयुक्त बयान में कहा गया कि विदेश मंत्रियों ने राष्ट्रपति ट्रम्पकी उस घोषणा का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने गाजा में युद्ध समाप्त करने, गाजा में पुनर्निर्माण करने, फलस्तीनी लोगों के विस्थापन को रोकने और शांति की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही है।

## अमेरिका में गवर्नमेंट शटडाउन का खतरा

**■ विपक्ष नहीं माना, तो कल रात से ठप होगा सारा काम, जबरन छुट्टी पर भेजे जा सकते हैं 9 लाख कर्मचारी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में मंगलवार रात फंडिंग बिल पर वोटिंग होनी है। अगर बुधवार रात 12 बजे तक ये बिल पास नहीं हुआ तो ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में पहली बार सरकारी फंडिंग रुक जाएगी। इसे 'गवर्नमेंट शटडाउन' कहते हैं।

दरअसल अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठन गई है। इससे सरकारी काम-काज के ठप होने और 9 लाख कर्मचारियों को जबरन छुट्टी पर भेजने का खतरा बढ़ गया है। डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई, तो सरकार खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत होगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। शटडाउन रोकने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और डेमोक्रेटिक नेताओं ने सोमवार को व्हाइट हाउस में बैठक की थी लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है।

## मोदी ने ट्रम्प की गाजा शांति योजना का किया स्वागत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाज़ा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच का संघर्ष रुकवाने की अमेरिकी राष्ट्रपति की योजना का स्वागत किया है और विश्वास जताया है संबंधित पक्ष इसको स्वीकार करेंगे।

मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि हम राष्ट्रपति डोनाल्ड द्वारा गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना फलस्तीनी और इजरायली लोगों के साथ-साथ व्यापक पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थाई शांति, सुरक्षा और विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। मोदी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रम्प की पहल के पीछे एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने एवं शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे। ट्रम्प ने वाशिंगटन की यात्रा पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ सोमवार को व्हाइट हाउस में बातचीत के बाद गाजा में संघर्ष समाप्त करने की एक व्यापक योजना की घोषणा की। उसके तहत गाजा से संचालित आतंकवादी गतिविधियां बंद होंगी और गाजा पट्टी का व्यापक पुनर्निर्माण किया जाएगा। योजना में हमास के कब्जे में पड़े बंधकों की वापसी और इजरायल द्वारा हिरासत में लिए गए कुछ फलस्तीनियों की रिहाई का भी प्रस्ताव है।

## H-1B वीजा में बड़े बदलाव करने जा रहा अमेरिका

**■ भारतीय पेशेवरों पर पड़ेगा असर**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि फरवरी 2026 से पहले एच-1बी (एच-1बी) वीजा प्रक्रिया में काफी बदलाव होंगे। गौरतलब है कि ट्रम्प सरकार ने एच-1बी वीजा की फीस कई गुना बढ़ाकर 100000 अमेरिकी डालर कर दिया है और नया शुल्क भी फरवरी 2026 से ही लागू होगा।

लुटनिक ने एच-1बी वीजा पर सस्ते तकनीकी सलाहकारों के देश में आने और अपने परिवारों को लाने के विचार को बिल्कुल गलत बताया। लुटनिक ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि फरवरी 2026 में जब एच1बी वीजा की बढ़ी हुई फीस लागू होगी, तब इसमें कई बड़े बदलाव होंगे। लुटनिक ने संकेत दिए कि अमेरिकी सरकार एच1बी वीजा के तहत लाटरी सिस्टम को खत्म कर सकती है। लुटनिक ने लाटरी सिस्टम की आलोचना की और सवाल किया कि क्या किसी देश को लाटरी के जरिए कुशल श्रमिकों को अपने देश में लाना चाहिए? अमेरिका के वाणिज्य मंत्री लुटनिक ने कहा कि एच-1बी लाटरी को ठीक किया जाना चाहिए और अमेरिका को उच्च-कुशल नौकरियां केवल सबसे कुशल लोगों को ही देनी चाहिए। लुटनिक ने कहा कि कंपनियों को ऐसे तकनीकी सलाहकारों और प्रशिक्षुओं को रखने का विचार समाप्त कर देना चाहिए जो सस्ते हों। इस बारे में मेरी राय पक्की है। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति इन मुद्दों पर मेरे साथ हैं। मेरा मानना है कि सस्ते तकनीकी सलाहकार इस देश में आएं और अपने परिवारों को भी लाएं, ये मुझे बिल्कुल गलत लगता है, और मैं इसे सही नहीं मानता हूं। माना जा रहा है कि भविष्य में अमेरिकी सरकार एच1बी वीजा के तहत सिर्फ उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों को ही वरीयता दे सकती है।

## पाक के क्वेटा में बम ब्लॉस्ट, 10 की मौत

### राष्ट्रपति जरदारी का आरोप: बलॉस्ट के पीछे भारत समर्थित आतंकियों का हाथ



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में मंगलवार दोपहर भीड़भाड़ वाली सड़क पर सुसाइड बम ब्लॉस्ट हुआ। पाकिस्तानी न्यूज पेपर डान के मुताबिक, इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हैं। मारे गए लोगों में 4 उग्रवादी भी हैं। क्वेटा के एसएसपी मोहम्मद बलोच के मुताबिक, पैरामिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर के पास विस्फोटक से भरी गाड़ी में धमाका हुआ।

धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गई और दीवारों में दरार आ गई। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि इसके पीछे भारत समर्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों का हाथ है। भारत ने अभी तक इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री बख्त मोहम्मद काकर के मुताबिक घायलों को सिविल अस्पताल और ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सभी बड़े अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। इनमें क्वेटा सिविल अस्पताल, बलूचिस्तान मेडिकल कालेज (बीएमसी) अस्पताल और ट्रामा सेंटर शामिल हैं। सभी डाक्टरों, फार्मासिस्ट, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को अस्पतालों में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने इस घटना को आतंकी हमला बताया। उन्होंने कहा धमाके के बाद सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की और चार आतंकियों को मार गिराया। हम शहीदों के परिवारों के साथ खड़े हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। इसमें बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सेना के विरोधी गुट के लोग शामिल थे। इनकी लड़ाई पाकिस्तान की सेना और सरकार के खिलाफ है। अमेरिका ने पाकिस्तान को चेताया है कि टीटीपी एटमी हथियारों तक पहुंच सकता है।

## पीओजेके में प्रदर्शन के दौरान हिंसा में तीन की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में सोमवार को हालात उस वक्त बिगड़ गए जब क्षेत्र की पुलिस भी पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उत्तर आई। अवामी एक्शन कमेटी पहले से क्षेत्रीय समस्याओं के खिलाफ शहबाज सरकार के विरोध में धरने-प्रदर्शन करती आ रही है। सोमवार को स्थानीय पुलिसकर्मियों में भी पाकिस्तान की सरकार के प्रति नाराजगी देखने को मिली। हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई और 22 लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिसकर्मियों ने मांगे पूरी न होने पर पूरे पीओजेके में बंद किया। हालात नियंत्रित करने के लिए सरकार ने भारी संख्या में सुरक्षा बल को प्रांत में तैनात कर दिया। इनमें 7000 सुरक्षाबल और फ्रंटियर फोर्स के सैनिकों को तैनाती मिली।

## तालिबान ने अफगानिस्तान में इंटरनेट सर्विस बंद की

**■ अनैतिकता रोकने के लिए फैसला लिया**

**काबुल।** तालिबान ने सोमवार से पूरे अफगान में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क सेवाएं बंद कर दी हैं।

न्यूज वेबसाइट काबुलना के मुताबिक, काबुल, हेरात, मजार-ए-शरीफ और उरुजगान सहित कई शहरों में फाइबर-आप्टिक इंटरनेट सर्विस ठप हो गई। इसके बाद मोबाइल डेटा कुछ टाइम तक तो काम करता रहा, लेकिन सिग्नल टावर बंद होने से वो भी बंद हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये फैसला अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए लिया गया है। इससे पहले कुछ प्रांतों जैसे बल्ख, कंधार, हेलमंद, उरुजगान, और निमरोज में फाइबर-आप्टिक नेटवर्क बंद किए गए थे। लेकिन अब ये इंटरनेट बंदी पूरे देश में लागू हो गई, जिसमें मोबाइल नेटवर्क भी शामिल है। 2024 तक अफगानिस्तान में 9350 किलोमीटर का फाइबर-आप्टिक नेटवर्क था, जो पूर्व सरकारों ने बनवाया था।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com

